


11

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

पटना और रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 9 अंक : 230 पटना (बिहार) शनिवार, 21 जून 2025 पेज - 12 मूल्य: 1 R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168


## संक्षिप्त समाचार

### शराब और बीयर की बोतल आग में तबाह, मालखाने का दुश्मन बना शॉर्ट सर्किट

क्राइम संवाददाता द्वारा

पूर्णियाः बिहार में बीयर की बोतल और शराब में आग लग गई। पूर्णिया के सहायक खजांची थाने में शॉर्ट सर्किट के कारण मालखाना तबाह हो गया। भीषण आग लग गई। इस घटना से थाने में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मालखाने में रखा जब्त सामान जलकर राख हो चुका था। बताया जा रहा है कि थाने के मालखाने में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। इस घटना की जानकारी मिलते ही साइबर डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि थाना प्रभारी ने फोन पर सूचना दी कि सहायक खजांची थाने के मालखाने में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई है। उन्होंने ये भी बताया कि मालखाने का कमरा और थाना प्रभारी का कमरा वायरिंग के जरिए शॉर्ट सर्किट की चपेट में आ गए। इस अग्निकांड में मुख्य रूप से मालखाने में रखे सभी सामान जल गए। मालखाने में जब्त की गई विदेशी शराब, बीयर, कफ सिरप के साथ-साथ कई अन्य महत्वपूर्ण सामान भी रखा हुआ था, जो इस आग की भेंट चढ़ गया। डीएसपी ने कहा कि पहली नजर में ये शॉर्ट सर्किट से लगी आग का मामला लग रहा है।

डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि फायर ब्रिगेड टीम से रिपोर्ट मांगी गई है। साथ ही, सदर एसडीओ को भी प्रतिवेदन दिया गया है। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मालखाने में बचे हुए और जले हुए सामान का मूल्यांकन किया जाएगा ताकि नुकसान का सही आकलन हो सके। डीएसपी ने ये भी स्पष्ट किया कि मालखाने में वे सभी सामान रखे जाते थे, जिन्हें जब्त किया जाता था। डायरी एंट्री का मिलान करने के बाद ही ये साफ हो पाएगा कि कौन-कौन सा सामान पूरी तरह जला है और क्या कुछ बचा पाया है।

### हमारी सरकार में काम हुआ, आज ये विरोधी अनाप-शनाप प्रचार कर रहे

सीवान ।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में लालू-राबड़ी के शासनकाल की याद दिलाकर विपक्ष पर जोरदार कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि याद करे पहले कुछ नहीं था। 2005 में एनडीए की सरकार आने से पहले लोग घर से बाहर निकलने से डरते थे। बहुत बुरा समय था पूरे बिहार में जंगलराज था। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधकर कहा कि आज ये लोग अनाप-शनाप प्रचार कर रहे हैं, वहां एकदम बिना मतलब का है। नीतीश ने कहा कि आप सब लोगों को मालूम है कि 2005 में जब एनडीए की सरकार बनी तब से हम लोगों ने पूरे बिहार के लिए काम किया। लेकिन हमसे पहले वाले लोग चारों ओर बिना मतलब के अनाप-शनाप प्रचार करते हैं। उन लोगों की सरकार में कोई काम नहीं हुआ। उस समय लोग घर से बाहर नहीं निकाल पाते थे। इतना बुरा हाल था। और अभी आप देख रहे हैं कि इतनी बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं और महिलाएं भी आई हैं। आप सब लोग प्रधानमंत्री मोदी जी का भाषण सुनने के लिए आए हैं। इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं भी आई हैं। यह बदलते बिहार की तस्वीर है। सीएम नीतीश ने कहा कि जब हम लोगों की सरकार आई, हमारी सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाया।

# पीएम मोदी ने सिवान से किया वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन

संवाददाता द्वारा



छपरा (सारण): रेलवे क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से बिहार के सारण के मढ़ौरा से पहले अत्याधुनिक रेल इंजन को रवाना किया गया. यह इतिहास में पहली बार होगा कि बिहार में बना कोई इंजन विदेश भेजा जाएगा. मढ़ौरा का इंजन पहुंचा गिनीः लगभग 3000 करोड़ की लागत से हुई 140 लोकोमोटिव की इस ऐतिहासिक डील ने न केवल रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी है, बल्कि मेक इन इंडिया और स्थानीय रोजगार को भी नई दिशा दी है. 150 इंजन भेजा जाएगा गिनीः सारण जिले का मढ़ौरा जो कभी बिहार का मैनचेस्टर कहलाता था. भारतीय रेलवे के इतिहास में बिहार को एक नया चैप्टर जोड़ने का मौका मिला है. यह चैप्टर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में जोड़ा जाएगा. भारतीय रेलवे पहली बार छपरा जिले के मढ़ौरा रेल इंजन कारखाने से पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी को रेल इंजन निर्यात करेगा. गिनी को अगले तीन सालों में 150 इंजन भेजे जाएंगे. इंजन पर नहीं लिखा जाता मेड इन मढ़ौराः मढ़ौरा में असेंबल्ड इंजन पर मेड इन गांधीधाम गुजरात और उत्तर प्रदेश लिखा जाता है. इसको लेकर भी यहां पर काफी राजनीति हुई लेकिन आज भी किसी भी इंजन पर मेड इन मढ़ौरा नहीं लिखा जाता है. इस लोकोमोटिव फैक्ट्री में बना. इंजन पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी को निर्यात किया जा रहा है. मढ़ौरा में बन चुका है 729 शक्तिशाली डीजल इंजनः इस फैक्ट्री की स्थापना 2018 में की गई थी. 2018 में स्थापित यह संयंत्र अब तक 729 शक्तिशाली डीजल इंजन बना चुका है. इनमें 4500 एचपी के 545 और 6000 एचपी के 184 इंजन शामिल हैं. 26 मई को दक्षिण अफ्रीका के गिनी देश के तीन मंत्रियों ने संयंत्र का दौरा किया था. इसके बाद 140 लोकोमोटिव इंजनों की डील फाइनल की गयी थी. ₹हमारे देश का इंजन दूसरे देश में जा रहा है. भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है. बहुत खुशी की बात है. मेरे देश की प्रगति होते रहे. यहां के नौजवानों को नौकरी मिले और बेरोजगारी खत्म हो. - वीरेंद्र यादव, मढ़ौरा ये अधिकारी मौजूद थेः उद्घाटन के मौके पर रेल अधिकारियों में वीपी सिंह, एडिशनल मेंबर ट्रैक्शन, पंकज शर्मा प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रेलवे बोर्ड, संजय सिंहल,एमडी संदीप सालोट,डीआरएम अजय सिंह, इंजन को के जाने वालों में सहायक लोको पायलट श्वेता कुमारी लोको पायलट दिलीप कुमार आदि मौजूद थे. 2018 में स्थापित हुई थी फैक्ट्रीः इस फैक्ट्री की स्थापना 2018 में की गई थी. 2018 में स्थापित यह संयंत्र अब तक 729 शक्तिशाली डीजल इंजन बना चुका है. इनमें 4500 एचपी के 545 और 6000 एचपी के 184 इंजन शामिल हैं. "गिनी को 140 इंजनों का निर्यात किया जाएगा. कुल 3000 करोड़ का ऑर्डर है. इसमें वेबटेक की 74% और रेलवे की 26% हिस्सेदारी है. इस लोको में कई नए फीचर्स हैं. इसका प्रपोर्सल सिस्टम एडवांस्ड एसी बेस्ड है, इसमें री जेनरेटिंग ब्रेकिंग सिस्टम है. कैब में काफी मोडिफिकेशन किया गया है. इसमें ड्राइवर के लिए रेफ्रिजरेटर और माइक्रोवेव ओवेन है."- मनीष कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मढ़ौरा लोकोमोटिव फैक्ट्रीमढ़ौरा कारखाना में बना इंजनः मढ़ौरा का कारखाना पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप मॉडल पर बना है. इसे अमेरिकी कंपनी वैबटेक और भारतीय रेलवे मिलकर चलाते हैं. गिनी ने एक ग्लोबल टेंडर निकाला था, जिसे इस कारखाने ने जीता. ये इंजन गिनी में लोहे की खदानों से माल ढोने के काम आएंगे. ये 4,500 हॉर्स पावर के इंजन हैं. इनमें कई सुविधाएं हैं, जैसे विंडशील्ड हीटिंग, इंसुलेटेड छत, टॉयलेट और एयर कंडीशनिंग.

## बिहार में चुनाव से पहले मानसून सत्र की हुई घोषणा, पांच दिन चलेगा सदन;



संवाददाता द्वारा

पटना :इसी वर्ष बिहार विधान सभा के चुनाव होने हैं, लेकिन इससे पहले मानसून सत्र की घोषणा कर दी गई है। विधान मंडल में मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है, जो 25 जुलाई तक चलेगा। इसको लेकर बिहार के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा को सभा वेश्म, पटना में 21 जुलाई को 11.00 बजे पूर्वाह्न में अधिवेशित होने के लिए आहुत किया है। बिहार विधानमंडल में पांच दिन चलने वाले इस मानसून सत्र के दौरान जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चचाएं होगी। साथ ही कई विधेयक पेश होंगे। यह 17वें विधानसभा का अंतिम सत्र होगा। चूंकि 2025 के सितंबर-अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह मानाजा रहा है कि बिहार विधान सभा चुनाव से पहले विधानमंडल का यह सत्र काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। अनुमान तो यह भी है कि इस 17वें विधानसभा सत्र के दौरान नीतीश कुमार चुनाव को ध्यान में रखते हुए कई लोक-लुभावन विधेयकों को पास करा सकते हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह सत्र काफी हंगामेदार हो सकता है, क्यों कि विपक्ष भी अपनी पूरी तैयारी के साथ सदन पहुंचेगा। मानसून सत्र के दौरान विपक्ष शिक्षा, बेरोजगारी और लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दों पर नीतीश सरकार को घेर सकती है।

## हमें पॉकेटमार प्रधानमंत्री और अचेत मुख्यमंत्री नहीं चाहिए ! पीएम तेजस्वी यादव

राजनीतिक संवाददाता द्वारा



पटना हार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच राजनीति गर्म होती जा रही है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिवान दौरे पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक के बाद एक तीखे हमले बोले और प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री दोनों पर सवालों की बौछार कर दी.तेजस्वी यादव ने कहा,हम लोगों को पॉकेटमार प्रधानमंत्री और अचेत मुख्यमंत्री नहीं चाहिए.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टेलीप्रॉम्पटर पढ़कर भाषण देते हैं, उन्हें जमीनी सच्चाई की कोई समझ नहीं है.तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में कोई नया कंटेंट नहीं था.हर बार वही घिसा-पिटा भाषण सुनाया जाता है. तेजस्वी यादव ने कहा प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूँ सिवान को आपने क्या दिया.उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रैली में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासन को लगाया गया, और जबरदस्ती भीड़ बुलाई गई.ऐसा तमाशा 2005 से पहले नहीं होता था. मोदी और नीतीश मास लीडर नहीं है.लालू यादव जी अगर आज भी चौक पर खड़े हो जाएं, तो लाखों लोग खुद आ जाएंगे. तेजस्वी ने प्रधानमंत्री की रैली पर होनेवाले खर्च को लेकर भी सवाल खड़े किए. जब भी प्रधानमंत्री आते हैं, बिहार का 100 करोड़ रुपये खर्च होता है. क्या यह जनता का पैसा नहीं है.उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की लगातार हवाई यात्राओं पर भी टिप्पणी करते हुए पूछा कि उनका खर्चा कौन वहन कर रहा है.बीजेपी दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है, और चुनावी रैली का खर्च देश के सबसे गरीब राज्य से करवाया जा रहा है ये शर्मनाक है.तेजस्वी ने यह भी कहा कि बिहार को बाहर से चलाने की जरूरत नहीं है,बिहार को कोई बाहर वाला नहीं चलाएगा, एक बिहारी ही उसे संभालेगा. बिहार आत्मनिर्भर है, मेहनतकश है, और अपने हक के लिए लड़ेगा. तेजस्वी यादव ने राज्य में कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा नेता प्रतिपक्ष के आवास के पास गोली चल रही है, आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है,उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन अपराधियों से मिला हुआ है।बिहार में हर दिन दो-दो सौ राउंड गोलियां चलती है. प्रधानमंत्री यहां आए लेकिन सिर्फ ह्यजुमलों की बारिशह्न करके लौट गए.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के आरोपों पर तेजस्वी ने जवाब देते हुए कहा पटना हाईकोर्ट के बाहर जाइए, देखिएगा लालू यादव ने बाबा साहेब को कहां स्थापित किया है.जो आज भाषण दे रहे हैं वही कपूर्री ठाकुर को अपमानित करते थे.उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब के कथित अपमान का जिक्र करते हुए पूछा, पीएम से सवाल पूछा है.

## बिहार में इनामी नक्सली ने पहले किया सरेंडर, फिर बताया 60 IED का ठिकाना

क्राइम संवाददाता द्वारा

**गया : बिहार के गया में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. दर्जनों नक्सली कांडों में सुरक्षा बलों का वांछित प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सब-जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता उर्फ पतरकी ने सरेंडर कर दिया है. इसके उपर 3 लाख का इनाम रखा गया था. शुक्रवार को इस कुख्यात नक्सली ने सरेंडर किया. गया में कुख्यात नक्सली ने किया सरेंडर :**

गया : बिहार के गया में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. दर्जनों नक्सली कांडों में सुरक्षा बलों का वांछित प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सब- जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता उर्फ पतरकी ने सरेंडर कर दिया है. इसके उपर 3 लाख का इनाम रखा गया था. शुक्रवार को इस कुख्यात नक्सली ने सरेंडर किया. गया में कुख्यात नक्सली ने किया सरेंडर : सेमी ऑटोमेटिक राइफल के साथ पतरकी ने गया एसएसपी आनंद कुमार के समक्ष सरेंडर किया. सरेंडर करने के बाद इसकी निशानदेही पर एकमुश्त 60 आईआईडी सुरक्षाबलों ने बरामद किए हैं. पतरकी छकरबंधा थाना के कचनार गांव का रहने वाला है. 60 क्एऊ का बताया ठिकाना : जानकारी के अनुसार, सरेंडर करने के बाद इसने विस्फोटक के संबंध में पुलिस अधिकारी को जानकारी दी. इसके बाद कचनार गांव के जंगल में जमीन में छुपा कर रखे गए 60 आईईडी बरामद किए गए हैं. यह आईईडी एक-एक किलोग्राम के थे. सुरक्षा बलों द्वारा सभी साठ आईईडी को मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया है. इस कार्रवाई में सीआरपीएफ, एसएसबी, एसटीएफ और बीएसएपी के जवान शामिल थे. "3 लाख के इनामी नक्सली सब जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता ने सरेंडर कर दिया है. इसके खिलाफ डेढ़ दर्जन के करीब नक्सली कांड दर्ज थे. सरेंडर करने के बाद इसके बताए गए स्थान से 60 आईईडी बरामद किए गए हैं. सरेंडर करने के बाद इस नक्सली सब जोनल कमांडर को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत तमाम लाभ दिए जाएंगे."- आनंद कुमार, एसएसपी, गया दबिश के बाद किया आत्मसमर्पण : बताया जाता है कि नक्सली सब जोनल कमांडर अखिलेश सिंह भोक्ता पिछले 10 वर्षों से सुरक्षा बलों के लिए चुनौती बना हुआ था. गया और औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक नक्सली कांड इसके खिलाफ दर्ज हैं. इस कुख्यात की गिरफ्तारी के लिए सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी. सुरक्षाबल और पुलिस के द्वारा लगातार दबिश दिए जाने के बाद इस कुख्यात नक्सली सब जोनल कमांडर ने सरेंडर कर दिया. सरेंडर के बाद पुनर्वास नीति का मिलेगा लाभ : पुलिस के अनुसार सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नक्सली अखिलेश सिंह भोक्ता को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगी. फिलहाल सरेंडर करने की प्रक्रिया के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## पक्षी के टकराने से रद्द हुई एयर इंडिया की फ्लाइट, पुणे में सुरक्षित लैंडिंग

### शुक्रवार को कुल 9 फ्लाइट्स हुईं कैंसिल



नई दिल्ली, ।

एयर इंडिया के विमान को फिर परेशानी का सामना करना पड़ा है। दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुआ विमान एक पक्षी से टकरा गया। इसके बाद एयरलाइन को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी। एयरलाइंस ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित लैंड हुआ। इसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयरलाइंस ने बताया कि 20 जून को पुणे से दिल्ली के लिए उड़ी फ्लाइट्स को पक्षी के टकराने के कारण रद्द किया गया है। आने वाली उड़ान के पुणे में सुरक्षित उतरने के बाद पक्षी के टकराने का पता चला। कंपनी ने कहा कि वे यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने सहित समस्त इंतजाम कर रही है। एयर इंडिया ने कहाकि रद्दीकरण या पुनर्निर्धारण पर यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि इसके पहले एयर इंडिया बताया कि 21 जून से 15 जुलाई के बीच 16 अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ानें कम होगी। इसके अलावा इस दौरान तीन विदेशी गंतव्यों पर उड़ानें निलंबित रहेंगी। इन फ्लाइट्स में विभिन्न देशों की उड़ानों के साथ-साथ कुछ डोमेस्टिक फ्लाइट्स भी प्रभावित हुई हैं। इससे यात्रियों की परेशानी भी बढ़ी है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहाकि इसका उद्देश्य कार्यक्रम स्थिरता बहाल करना और यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है। एअर इंडिया ने शुक्रवार को कुल 9 फ्लाइट्स कैंसिल की हैं। इसमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट , दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट शामिल हैं। वहीं, दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया गया, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई है।

## सीतामढ़ी से गिरफ्तार सूडान के नागरिक को रिमांड नहीं

क्राइम संवाददाता द्वारा



सीतामढ़ीः जिले के पुपरी शहर के ग्रिल की दुकान से बुधवार को गिरफ्तार सूडानी नागरिक का कोर्ट द्वारा रिमांड लेने से इन्कार कर दिया और उसे उसके अधिवक्ता के हवाले करने का आदेश दिया। बता दें कि सूडानी व्यक्ति बराका इशाग मुर्शाल के पास से किसी प्रकार के वैध दस्तावेज बरामद नहीं होने से उसे पुपरी पुलिस गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद सूडानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस उसे रिमांड के लिए कोर्ट में लेकर पहुंची थी। इस दौरान रिमांड अधिवक्ता बालबीर प्रसाद के तरीकों से संतुष्ट होकर कोर्ट ने उसका रिमांड नहीं लिया और उसे उसके वकील के हवाले करने का आदेश दिया। रिमांड अधिवक्ता प्रसाद ने बताया कि उक्त सूडानी छात्र है। उसके पास पासपोर्ट है, जबकि वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी है। इसी कारण कुछ माह पूर्व उसे मधुबनी जिला की हरलाखी की पुलिस गिरफ्तार की थी। उसे छह माह जेल में रहना पड़ा था। मधुबनी में सूडानी छात्र के वकील ने लोकल दो व्यक्ति की व्यवस्था कर उसे जमानत पर जेल से बाहर निकाला था। मधुबनी कोर्ट ने सूडानी को किसी डिटेंशन सेंटर में रखने को कहा था। इसी बीच, उसके अधिवक्ता ने एक क्रिमिनल मिसलेनियस केस फाइल किया, जिसके आलोक में कोर्ट ने उसे उसके कर्नाटक के एक दोस्त के हवाले करने का आदेश दिया। साथ ही सूडानी को हर तारीख पर कोर्ट में उपस्थित रहने और देश नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया था। कुछ दिनों तक वह कर्नाटक वाले दोस्त के साथ दिल्ली में भी रहा था। रिमांड अधिवक्ता प्रसाद ने बताया कि वीजा की अवधि समाप्त समेत अन्य मामलों में फंसे विदेशी नागरिकों को कानूनी समेत अन्य सहयोग प्रदान के लिए दिल्ली में यूएनएचसीआर नामक एक संस्था है। उक्त संस्था ने सूडान दूतावास से संपर्क कर जानकारी दी कि सूडानी नागरिक बराका का वीजा अवधि समाप्त है। सूडान में सेना और आम नागरिक में जंग छिड़े होने के कारण हवाई सेवा बंद है। इस लिहाज से सूडानी नागरिक न तो अपने देश में जा सकता है और न भारत में रहने को योग्य है। ऐसे में सूडानी नागरिक को ₹रिफ्यूजी कार्ड₹ निर्गत करने की अनुमति दिलाई जाए। सूडान दूतावास की पहल पर भारत सरकार के निर्देश पर उक्त संस्था द्वारा सूडानी नागरिक को तुरंत ₹रिफ्यूजी कार्ड₹ निर्गत कर दिया। बता दे कि उक्त संस्था को भारत सरकार से रिफ्यूजी कार्ड निर्गत करने की अनुमति मिली हुई है। रिमांड अधिवक्ता प्रसाद ने बताया कि उक्त कार्ड 2026 तक वैध है। 2026 के बाद अगर वह अपने देश लौटता है, तो ठीक है, अन्यथा कार्ड की अवधि बढ़ानी पड़ेगी। रिमांड अधिवक्ता द्वारा कोर्ट और सूडानी दूतावास से निर्गत कागजातों को कोर्ट में पेश किया गया, जिससे संतुष्ट होकर कोर्ट द्वारा उसका रिमांड नहीं लिया गया। यानी रिमांड लेने का कोई पुख्ता आधार नहीं था। उन्होंने बताया कि एक तरह से सूडानी नागरिक की गिरफ्तारी ही वैध नहीं है। बताया कि 20 जून को मधुबनी में सूडानी की तारीख है। उसे कोर्ट में मौजूद रहना है।

## दिल्ली की हवा में ऐतिहासिक सुधार, 'संतोषजनक' श्रेणी में एक्यूआई, सिरसा ने जताई खुशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली ने वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। शहर ने लगातार कई दिनों तक संतोषजनक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दर्ज किया है। यह महज संयोग नहीं, बल्कि केंद्र और दिल्ली सरकार की समन्वित रणनीति, ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नीतियों और ज़मीन पर की गई प्रभावी कार्रवाई का परिणाम है। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई। मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली ने इतिहास रच दिया है। पहली बार शहर में लगातार कई दिनों तक संतोषजनक एक्यूआई दर्ज हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता, केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त प्रयास और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हुए मार्गदर्शन का प्रतिफल है। सभी नागरिकों से अपील है कि इस परिवर्तन को स्थायी बनाने में योगदान दें। आइए मिलकर प्रदूषण को कम करें और अपने बच्चों के भविष्य के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करें। उन्होंने लिखा, बीते 100 दिनों में दिल्ली सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग ने प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## योग प्रेमियों के लिए डीएमआरसी की विशेष पहल, 21 जून को सुबह 4 बजे से शुरू होंगी सेवाएं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को दिल्ली-एनसीआर की लाइफलाइन मानी जाने वाली दिल्ली मेट्रो ने एक अहम फैसला लिया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने घोषणा की है कि 21 जून को मेट्रो सेवाएं सुबह 4 बजे से ही शुरू की जाएंगी। डीएमआरसी के इस फैसले का उद्देश्य यह है कि योग आयोजन स्थलों तक लोग समय से पहुंचे। दिल्ली मेट्रो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 4 बजे से दिल्ली मेट्रो की सेवाएं शुरू होंगी। पोस्ट में आगे लिखा गया, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 के अवसर पर योग के प्रति उत्साही लोगों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए 21 जून 2025 (शनिवार) को सभी आरंभिक स्टेशनों से दिल्ली मेट्रो की सेवाएं सुबह 4 बजे से शुरू होंगी। डीएमआरसी ने कहा, दैनिक समय सारिणी के अनुसार सुबह 4 बजे से लेकर यात्री सेवाओं के शुरू होने तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## सपा नेता एसटी हसन को योग में भी हिंदू-मुस्लिम नजर आता है : शहजाद पूनावाला

**नई दिल्ली ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व सांसद एसटी हसन के योग दिवस पर दिए गए विवादित बयान को लेकर भाजपा हमलावर है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया है। शहजाद पूनावाला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को सांप्रदायिक पार्टी कहा जाना चाहिए। वे वोट बैंक को खुश करने में लगे रहते हैं और अब योग में भी उन्हें हिंदू-मुस्लिम नजर आने लगा है। संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के भारत के प्रस्ताव का 170 से ज्यादा देशों ने समर्थन किया, जिसमें कई मुस्लिम देश भी शामिल थे। यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दा नहीं बना। अब जब सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए 10-15 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का प्रोटोकॉल तैयार किया जा रहा है, तब एसटी हसन इसे सांप्रदायिक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने एसटी हसन पर तंज कसते हुए कहा कि यह तो कई बार यूसीसी के मुद्दे पर कह चुके हैं कि अगर यूसीसी आएगा तो चार शादी का अधिकार नहीं मिलेगा। यह यूसीसी का विरोध करते हैं। यह वही पार्टी है, जिसे एक मामले में कोर्ट से फटकार लगाई गई थी। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि आतंकियों को छोड़ रहे हो, क्या आगे चलकर उन्हें पदमश्री या पदमभूषण देंगे?

## भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 27 जून से, 8 जुलाई तक मनाया जाएगा महोत्सव

**नई दिल्ली।** भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा 27 जून को त्यागराज नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से निकाली जाएगी। गुरुवार को मंदिर की कार्यकारिणी समिति ने बताया कि यह 58वीं रथयात्रा होगी जिसे बड़े महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस अवधि के दौरान भगवान जगन्नाथ श्री गुंडिचा मंदिर में रहेंगे, जहां हर दिन त्यागराज नगर आवासीय कॉलोनी के पार्किंग क्षेत्र में एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने प्रेसवार्ता में बताया कि रथ यात्रा के दिन, पवित्र विग्रहों को सुबह 11.30 बजे पहंडी बिजे नामक समारोह में बाहर निकाला जाएगा और दोपहर 1.00 बजे उन्हें रथ पर स्थापित किया जाएगा। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर, श्री गुंडिचा मंदिर में 10 दिन के प्रवास के लिए जाएंगे। इस उत्सव की खासियत यह है कि भगवान अपने भक्तों के पास आते हैं ताकि जाति, पंथ और वर्ग से परे हर कोई रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर सके।

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग शिक्षा जगत के लिए अच्छी खबर : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारतीय विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है।पीएम मोदी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के एक एक्स पोस्ट को रीट्वीट करते हुए लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर लिखा, वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 54 उच्च शिक्षा संस्थानों में शामिल होने के साथ भारत ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग में एक नया मुकाम हासिल किया है। साल 2014 में सिर्फ 11 संस्थानों से अब 54 तक,



यह लगभग पांच गुना वृद्धि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए परिवर्तनकारी शैक्षिक सुधारों को दर्शाती है। मुझे विश्वास है कि अनुसंधान, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीयकरण पर एनईपी पर जोर के साथ आने वाले समय में और अधिक भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक उत्कृष्टता हासिल करेंगे। आपको बता दें, जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में कुल 54 भारतीय संस्थानों को शामिल किया गया है, जो भारत के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली शीर्ष रैंक वाला भारतीय संस्थान बनकर उभरा है, जो वैश्विक स्तर पर 150वें स्थान से 123वें स्थान पर पहुंच गया है, जो अब तक का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, ÷आईआईटी दिल्ली भारत के शीर्ष रैंक वाले संस्थान के रूप में अग्रणी है। यह क्यूएस रैंकिंग में संस्थान के लिए एक ऐतिहासिक ऊंचाई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने क्यूएस रैंकिंग में प्रतिनिधित्व में 390 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की है, जो जी-20 देशों में सबसे तेज है। पिछले साल की रैंकिंग में भारत का शीर्ष संस्थान आईआईटी बॉम्बे इस साल 118वें स्थान से फिसलकर 129वें स्थान पर आ गया है।

## डॉ. अशोक कुमार बने आरएमएल अस्पताल के नए निदेशक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान से संबद्ध राम मनोहर लोहिया अस्पताल को नया निदेशक और नया चिकित्सा अधीक्षक मिल गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी आदेश के तहत आरएमएल अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार को चिकित्सा निदेशक और शिशु रोग विभाग के परामर्शदाता डॉ. विवेक दीवान को चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त किया गया है। आदेश पत्र में कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरती मारिया से अनुरोध किया गया है कि वह आने वाले पदधारी को चिकित्सा अधीक्षक का प्रभार सौंप दें। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय ने करीब डेढ़ महीने पहले यानी 7 मई को अस्पताल के निदेशक एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय कुमार शुक्ला की सेवानिवृत्ति के बाद संस्थान की डीन और शिशु रोग विभाग की परामर्शदाता डॉ. आरती मारिया को चिकित्सा अधीक्षक का पद अस्थायी तौर पर सौंप दिया था।




## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और वरिष्ठ वकीलों के साथ स्कूली बच्चे करेंगे योग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 पर आम लोगों के साथ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और वरिष्ठ वकीलों संग स्कूली बच्चे भी योग के आसनों का अभ्यास करेंगे। इस आशय की जानकारी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की कार्यवाहक निदेशक (डॉ.) मंजुषा राजगोपाल ने दी।

उन्होंने कहा कि योग सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि संतुलित जीवन जीने का तरीका है। इन विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये हम आयुर्वेद, पुरातन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को जोड़कर लोगों के स्वास्थ्य और मजबूती को बढ़ाना चाहते हैं। डॉ. राजगोपाल ने कहा, योग संगम नामक मुख्य कार्यक्रम 21 जून को दिल्ली में दो जगहों पर आयोजित किया जाएगा। पहला कार्यक्रम सर्वोच्च न्यायालय परिसर में और दूसरा कार्यक्रम केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी मैदान,



बदरपुर में होगा। इस दौरान सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के आधार पर 2,000 से ज्यादा लोगों द्वारा सामूहिक योग प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें छात्र, डॉक्टर, वकील, योग प्रेमी और स्थानीय लोग शामिल होंगे। इसके अलावा एआईआईए गोवा की डीन डॉ. सुजाता कदम और असोसिएट-डीन डॉ. मोहन जोशी के नेतृत्व में पेड्डेम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मापुसा में भी सामूहिक योग प्रदर्शन किया जाएगा।

## सरकार हर भारतीय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने ईरान में बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए केंद्र द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंधु' पर कहा कि भारत सरकार अपने हर नागरिक की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने मुख्य विपक्षी दल को पाकिस्तान के एजेंडे की कार्बन कॉपी बताया। सैयद शाहनवाज हुसैन ने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा, जब भी भारतीय नागरिकों को विदेश में किसी संकट का सामना करना पड़ा है, मोदी सरकार ने हमेशा सक्रियता से जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 110 से ज्यादा लोगों को निकाला जा चुका है और आगे भी निकाला जाएगा। भारत सरकार हर भारतीय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वे कहीं भी हों। कांग्रेस पार्टी द्वारा पाकिस्तान का नैरेटिव चलाने के आरोप पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, कांग्रेस हर सवाल उठाती है जो पाकिस्तान उठाता है, यह पाकिस्तान के एजेंडे की कार्बन कॉपी बन गई है।



यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी बड़ी पार्टी देश की चिंताओं पर पाकिस्तान के नैरेटिव को प्राथमिकता देती है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को क्या हो गया है? यह पाकिस्तान जैसा ही नैरेटिव और प्रोपेगैंडा फैलाती है। प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे पर शाहनवाज हुसैन ने कहा, प्रधानमंत्री बिहार जा रहे हैं और लोगों में काफी उत्साह है। सीवान में एक बड़ी रैली होने वाली है। जब भी प्रधानमंत्री बिहार आते हैं, राजद नेता बयान जारी करना शुरू कर देते हैं। प्रधानमंत्री राज्य के विकास को लेकर काफी चिंतित हैं। वह कभी खाली हाथ नहीं जाते, पिछली बार वह 87,000 करोड़ रुपए का पैकेज लेकर आए थे और एक एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। सपा नेता एस.टी. हसन के बयान पर उन्होंने कहा कि हसन को मालूम नहीं है कि योग शरीर के लिए बहुत जरूरी है, पूजा इबादत एक अलग विषय है, इसको इबादत से क्यों जोड़ रहे हैं। पूरे इस्लामी देशों में लोग योग करते हैं, इनको यहां योग में दिक्कत हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अगर हसन साहब योग करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और बयान भी ठीक-ठीक देंगे।

# तीनों सेनाओं के हथियार खरीदने के लिए बनी डीएपी की समीक्षा करेगी समिति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं के हथियार खरीदने के लिए बनी रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) की व्यापक समीक्षा शुरू की है, जिसके लिए महानिदेशक (अधिग्रहण) की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है। समिति में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, रक्षा उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। पूर्व आईएएस अपूर्व चंद्रा (1980 बैच) को समिति का प्रधान सलाहकार नियुक्त किया है।? पैनल ने पहले ही परामर्श शुरू कर दिया है और 05 जुलाई तक सुझाव मांगे हैं। दरअसल, रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है, जिसके तहत तीनों सेनाओं के लिए हथियारों की खरीद प्रक्रिया के गठित रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) की व्यापक समीक्षा शुरू




की गई है। समीक्षा का उद्देश्य इसे सरकार की मौजूदा नीतियों और पहलों के साथ जोड़ना है। सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए गठित कमेटी के नियुक्त प्रधान सलाहकार 1980 बैच? के पूर्व आईएएस अधिकारी पहले महानिदेशक (अधिग्रहण) के पद पर कार्य कर चुके हैं। पैनल ने पहले ही परामर्श शुरू कर दिया है और 05 जुलाई तक हितधारकों से sec4-dap2025?@gov?.dot?.in पर सुझाव मांगे हैं। ? रक्षा मंत्रालय के अनुसार डीएपी समीक्षा का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं और आधुनिकीकरण को समय पर पूरा करना है, ताकि अधिग्रहण प्रक्रिया सरकार की नीतियों और पहलों के साथ तालमेल बिठा सकें। स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित प्रणालियों के माध्यम से प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता लाने पर जोर दिया जाना है। समीक्षा के दौरान मेक इन इंडिया को सक्षम बनाने, एफडीआई के माध्यम से विदेशी ओईएम को प्रोत्साहित करने और भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण और एमआरओ केंद्र के रूप में स्थापित करने पर फोकस किया जाना है।

## सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को चार दिन के बाद आज सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें पेट से संबंधित बीमारी के कारण 15 जून को भर्ती कराया गया था।डिस्चार्ज होने पर सोनिया गांधी को लेने उनके बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अस्पताल पहुंचे थे। राहुल गांधी का आज जन्मदिन भी है। पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने सोनिया गांधी के जल्द ठीक होने की कामना की है।डॉक्टरों ने सोनिया गांधी को आराम करने की सलाह दी है। सर गंगा राम अस्पताल के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें पेट में संक्रमण के चलते यहां भर्ती कराया गया था। अब उनकी हालत में सुधार हुआ है। 78 वर्षीय सोनिया को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया था। सोनिया को इस



महीने दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इससे पहले 7 जून को शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उनका एमआरआई किया गया था।

## सीआईएसएफ की राष्ट्रीय अग्निशमन प्रशिक्षण पहलः 150 शहरों के 380 अग्निशामकों को मिला उन्नत प्रशिक्षण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने देशभर में अग्निशमन सेवाओं की दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अब तक 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 150 शहरों के 380 अग्निशामकों को उन्नत अग्निशमन प्रशिक्षण प्रदान किया है। यह प्रशिक्षण हैदराबाद स्थित फायर सर्विस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एफएसटीआई) में आयोजित किया गया, जो देश में अग्निशमन प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है। सीआईएसएफ ने यह राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम गृह मंत्रालय के निर्देश पर प्रारंभ किया। वर्ष 2023 में सीआईएसएफ स्थापना दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बल को देश के 100 शहरों के अग्निशामकों को प्रशिक्षण देने का जिम्मा सौंपा था। इसके बाद वर्ष 2023-24 में एफएसटीआई ने 11 प्रशिक्षण बैच आयोजित कर 113 शहरों के 274 कर्मियों को प्रशिक्षित किया। वर्ष 2025 में इस पहल को आगे बढ़ाते हुए पांच और प्रशिक्षण बैच निर्धारित किए गए, जिनमें से चार पूरे हो चुके हैं। अब तक इन अतिरिक्त बैचों में 10 राज्यों के 46 शहरों के 106 अग्निशामकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पांचवां सत्र 25 अगस्त से शुरू होगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को आधुनिक अग्निशमन तकनीकों और आपदा प्रबंधन क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आगजनी और आपात स्थितियों से निपटने की विशेष तकनीकें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) आपदाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता अजय दहिया ने बताया कि एकमात्र समर्पित अग्निशमन विंग वाले सीएपीएफ के रूप में हमारा उद्देश्य न केवल आग लगने की घटनाओं पर समय पर प्रतिक्रिया देना है, बल्कि रोकथाम और जागरूकता की दिशा में भी कदम उठाना है। हमारे प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को लगातार अद्यतन किया जाता है ताकि वे वैश्विक मानकों पर खरे उतर सकें। यह प्रशिक्षण पहल राज्यों की अग्निशमन सेवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। यदि राज्य सरकारें और अधिक कर्मियों को नामांकित करना चाहें तो सीआईएसएफ ने वर्ष 2025 के प्रशिक्षण कैलेंडर में अतिरिक्त स्लॉट समायोजित करने की भी घोषणा की है। एफएसटीआई, हैदराबाद, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और न केवल सीआईएसएफ कर्मियों बल्कि अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिभागियों को भी प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह भारत में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख केंद्र बन गया है। जैसे-जैसे यह अभियान आगे बढ़ेगा, यह भारत की शहरी सुरक्षा ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा और आपदा-प्रतिरोधी भारत की परिकल्पना को साकार करने में मदद करेगा।

## एम्स में आदिवासी स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान के लिए एक उन्नत केंद्र की होगी स्थापना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने रोग के इलाज को लेकर दवा विकसित करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार की घोषणा की है। इसके साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आदिवासी स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान के लिए एक उन्नत केंद्र की स्थापना की जाएगी। एम्स में एक कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जैसी खतरनाक बीमारी को समाप्त करने के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि उनका मंत्रालय देश से इस बीमारी को समाप्त करने के लिए अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के संकल्प की घोषणा की थी कि 2047 के अंक तक भारत की धरती से सिकल सेल एनीमिया को समाप्त कर दिया जाएगा। विश्व सिकल सेल दिवस पर एम्स में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप मंत्रालय अन्य विभागों के साथ मिलकर इस बीमारी के उन्मूलन के लिए स्क्रीनिंग, परीक्षण और अन्य आवश्यक कार्य पूरा करने वाला है। यह न केवल चिकित्सा बिरादरी के लिए एक चुनौती है, बल्कि देश में आदिवासी समुदायों को सामाजिक न्याय प्रदान करने का एक आंदोलन भी है। उन्होंने चिकित्सा बिरादरी से भारत से इस बीमारी को खत्म करके प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने सिकल सेल एनीमिया के मरीजों और उनके परिवारों से भी बातचीत की। विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सचिव विभु नायर ने कहा कि सिकल सेल और एनीमिया से पीड़ित रोगियों को प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने देशभर के एम्स सहित 15 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में सक्षमता केंद्र (सीओसी) शुरू किए हैं। यह इस साल नवंबर अंत तक काम करना शुरू कर देगा और रोगियों को जल्द ही निदान के साथ-साथ रेफरल सुविधाएं भी मिलेंगी।

## उपचुनावः चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल और केरल की कुल पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में लागू किए गए तकनीकी उपायों और मतदाता सुविधा प्रयासों की सफलता भी इस बार मतदान प्रक्रिया में साफ दिखाई दी। चुनाव आयोग ने कहा कि इन पहलों की सफलता आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में पूर्ण रूप से लागू करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। वोटर टर्नआउट ऐप पर जारी शाम 7 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, केरल के नीलांबुर और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में अधिक मतदाता उत्साह देखने को मिला। यहां क्रमश- 70.76 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। गुजरात के दो विधानसभा क्षेत्रों- विसावदर और कड़ी में क्रमशः 54.61 प्रतिशत और 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। पंजाब के लुधियाना वेस्ट में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि ये मतदान के अंतिम आंकड़े नहीं हैं। मतों की गणना 23 जून को होगी। चुनाव आयोग ने आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए उपचुनावों के दौरान हाल ही में शुरू की गई कई नई पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया। मतदान के लिए कुल 1354 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के जनवरी में निधन के बाद खाली हो गई। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद के फरवरी में निधन होने के कारण रिक्त हुई थी। उनकी बेटी अलीफा तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भाजपा ने आशीष घोष को उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख को माकपा का समर्थन प्राप्त है।



वहीं, केरल की नीलांबुर सीट पीवी अनवर के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। चुनाव आयोग की नई पहल इस प्रकार हैं - मोबाइल जमा सुविधा : पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की व्यवस्था की गई, जिससे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा मिली।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू - संघर्ष, सेवा और सादगी की मिसाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपना जन्मदिन मनाएंगी। यह दिन न केवल उनके जीवन का विशेष दिन है, बल्कि यह भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, समावेशिता और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक भी बन चुका है। एक साधारण आदिवासी परिवार से निकलकर राष्ट्रपति भवन तक पहुंचने वाली द्रौपदी मुर्मू की जीवन यात्रा संघर्ष, सेवा और संकल्प की मिसाल है। द्रौपदी मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा के मयूरभंज जिले के एक छोटे से गांव उपरबेड़ा में हुआ था। वह संथाल जनजाति से संबंध रखती हैं। उनके पिता बिरंची नारायण टुडू गांव के मुखिया थे और पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े हुए थे। बचपन में ही उन्होंने यह देख लिया था कि आदिवासी समाज किन सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझता है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूलों से प्राप्त की और फिर भुवनेश्वर के रामदेवी विमेंस कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। शिक्षा के प्रति उनकी लगन ही थी जिसने उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान किया। द्रौपदी मुर्मू ने अपने करियर की शुरुआत एक शिक्षिका के रूप में की। उन्होंने ओडिशा सरकार के अंतर्गत श्री अरबिंदो इंटीग्रल एजुकेशन सेंटर, रायरंगपुर में मानद शिक्षक के रूप में कार्य किया। बाद में वह ओडिशा राज्य के सिंचाई और ऊर्जा विभाग में जूनियर असिस्टेंट के पद पर भी रहीं। यह दौर उनके जीवन का संघर्षपूर्ण चरण था, जिसमें वे एक ओर घर-परिवार और दूसरी ओर सामाजिक दायित्वों को बखूबी निभा रही थीं। द्रौपदी मुर्मू ने 1997 में राजनीति में कदम रखा। वह भाजपा से रायरंगपुर नगर पंचायत से पार्षद बनीं। यहां से उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई। अपनी कार्यशैली, ईमानदारी और जनसेवा के जज्बे के कारण उन्होंने जल्द ही पार्टी के भीतर अपनी पहचान बना ली। वर्ष 2000 में जब ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजद) की गठबंधन सरकार बनी, तो उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। उन्होंने वाणिज्य और परिवहन विभाग और बाद में मत्स्य पालन और पशुपालन विभाग में मंत्री के रूप में सेवा दी। इस दौरान उन्होंने आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई योजनाएं चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### मांडर, बीरगोड़ा नदी में पुल निर्माण को लेकर बनाया गया डायवर्सन बहा, दर्जनों गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूटा



**दिव्य दिनकर संवाददाता**

मांडर - टांगरबसली पचपदा मुख्य पथ पर बीरगोड़ा नदी में पुल निर्माण को लेकर बनाया गया डायवर्सन बुधवार की रात को लगातार हो रही बारिश से बह गया. डायवर्सन के बह जाने से पचपदा, तुतलो नवाटांड़, सरवा, डुमरी सहित दर्जनों गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है. अब इन गांव के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तक आने के लिए 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

### हुटार, लापता भाई-बहन का शव कुएं से मिला

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

चान्हो - थाना क्षेत्र के हुटार गांव से गुरुवार की शाम से लापता भाई-बहनों रचना कुमारी (नौ वर्ष) व इंद्र राज (छह वर्ष) का शव उनके घर से थोड़ी दूर पर स्थित अधूरे निर्मित कुएं से बरामद किया गया. पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को अपने कब्जे में ले लिया है. जानकारी के अनुसार हुटार गांव निवासी भवानी शंकर साहू के दोनों बच्चे रचना कुमारी व इंद्र राज गुरुवार की शाम को करीब पांच बजे अपने घर के समीप ही खेल रहे थे. उसके बाद से लापता हो गये. उनके घर के नजदीक से लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी गयी थी. पुलिस ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्चों की तलाश कर रही थी. इसी क्रम में रात करीब 8.30 बजे घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में निमार्णाधीन एक कुएं में झागर लगाने पर उनका शव बरामद हुआ. बताया गया कि लगातार हो रही बारिश के चलते अर्धनिर्मित कुएं में ऊपर तक पानी भरा हुआ था. बच्चों की मौत पानी में डूबने से या फिर कैसे हुई पुलिस जांच कर रही है!

### योग क्रिया अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए कुमारी पिया बर्मन हुई सम्मानित

**दिव्य दिनकर संवाददाता**



रांची- आज ,अंतराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए भगवा नारी सेना के अध्यक्ष कुमारी पिया बर्मन ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मे लगातार पंद्रह दिनों से युवक एवं युवतियों को योग क्रिया के विभिन्न आसन एवं महत्व को बतलाई।योग क्रिया के महत्व एवं लाभ को समझाते हुए पिया बर्मन ने लोगों को कहा योग क्रिया तन,मन और आत्मा को संतुलित करती है। इस क्रिया से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है,मानसिक एवं आध्यात्मिक शांति के लिए हमेशा योग क्रिया करते रहना चाहिए।इस क्रिया से तनाव,मोटापा आदि मे राहत के साथ साथ मन मे शांति भी मिलती है। उपरोक्त योग क्रिया अवेयरनेस प्रोग्राम के लिए आज भगवा नारी सेना के संस्थापक अध्यक्ष कुमारी पिया बर्मन को रातु रोड पिस्कामोड़ के निकट छात्र क्लब ग्रुप एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंत्री की ओर से शिवकिशोर शर्मा के अध्यक्षता में सम्मानित किया गया।इस मौके पर सुमित कुमार,शुभम चौधरी,कुमारी वीणाश्री,पूनम,शीला,विनीता आदि आदि मौजूद थे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा पूजन कुशल पूर्वक मनाने हेतु झारखण्ड सरकार से मिले प्रतिनिधिमंडल

**मुख्यमंत्री को जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल के लिए किया आमंत्रित**



**दिव्य दिनकर:संवाददाता**

**राँची** सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में 27 जून से होने वाली पवित्र जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर राँची के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट कर फूले के गुलदस्ते देकर सम्मानित करते हुए मुलाकात किया। इस महीने में 27 जून से होने वाली पवित्र जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर सुधान्शु नाथ,शाहदेव ट्रस्ट और प्रथम सेवक जगन्नाथ मंदिर राँची से अमरदीप कौशाल,सेवक रथ यात्रा समिति के सदस्य,जगन्नाथ मंदिर के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### भारी बारिश से 'पार्वती बहन गारमेंट्स' जलमग्न, लाखों की सामग्री बर्बाद



**दिव्य दिनकर, संवाददाता**

टंडवा, चतराः- लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने टंडवा में तबाही मचा दी है। ज़िला परिषद परिसर स्थित पार्वती बहन गारमेंट्स की दुकान में बारिश का पानी घुस गया, जिससे रूपा कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के लाखों रुपये मूल्य की कपड़े की सामग्री पूरी तरह से जलमग्न हो गई। स्थानीय व्यवसायी रिंकू गुप्ता ने बताया कि परिषद परिसर में कुल 46 दुकानों में पानी घुस गया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, सभी दुकानों को मिलाकर कई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानों में रखा सारा सामान खराब हो चुका है। व्यापारियों का कहना है कि इस तरह की स्थिति में सरकार को त्वरित हस्तक्षेप करते हुए सर्वेक्षण कराना चाहिए और व्यापारियों को उचित मुआवजा देना चाहिए। इस आपदा ने स्थानीय व्यवसायियों की कमर तोड़ दी है और उनके लिए यह एक गहरा आर्थिक संकट बनकर आया है।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू निषेध को लेकर एएनएम स्कूल में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

डॉ० युगल किशोर चौधरी, सिविल सर्जन, देवघर के निदेशानुसार डॉ० मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी के अध्यक्षता में निषिद्ध मादक पदार्थ के दुरूपयोग को रोकने के लिए ए.एन.एम. टी.सी.में कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम डॉ. मनीष शेखर के द्वारा बतलाया गया कि नशीली दवाओं की लत, जिसे पदार्थ उपयोग विकार भी कहा जाता है, एक ऐसी बीमारी है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क और व्यवहार को प्रभावित करती है और वैध या अवैध दवा या दवा के उपयोग को नियंत्रित करने में असमर्थता की ओर ले जाती है। शराब, मारिजुआना और निकोटीन जैसे पदार्थों को भी ड्रग्स माना जाता है। जब आप आदी हो जाते हैं, तो आप इससे होने वाले नुकसान के बावजूद दवा का उपयोग जारी रख सकते हैं। नशीली दवाओं की लत सामाजिक परिस्थितियों में मनोरंजनात्मक दवा के प्रयोगात्मक उपयोग से शुरू हो सकती है, और, कुछ लोगों के लिए, नशीली दवाओं का उपयोग अधिक बार होता है। दूसरों के लिए, विशेष रूप से ओपिओइड के साथ, नशीली दवाओं की लत तब शुरू होती है जब वे निर्धारित दवाएँ लेते हैं या उन्हें दूसरों से प्राप्त करते हैं जिनके पास नुस्खे हैं। नशे की लत लगने का जोखिम और आप कितनी जल्दी इसके आदी हो जाते हैं, यह हर दवा पर निर्भर करता है। कुछ दवाएँ, जैसे कि ओपिओइड दर्द निवारक, दूसरों की तुलना में ज्यादा जोखिम वाली होती हैं और जल्दी से लत लगा देती हैं। इसके बाद डॉ अलोक सिंह प्रभारी आर.सी.एच. पदाधिकारी के द्वारा बतलाया गया कि मादक द्रव्यों के सेवन और लत के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं। इनमें शामिल निम्न है प्रयोग और अन्वेषण : जिज्ञासा और नई चीजों को आजमाने की इच्छा नशीली दवाओं के प्रयोग की शरूआत और लगातार उपयोग को जन्म दे सकती है।



पर्यावरणीय कारक : नशीली दवाओं के दुरुपयोग वाले वातावरण में रहना, साथियों का दबाव, तथा पदार्थों तक कम उम्र में पहुंच, नशे की लत में भूमिका निभा सकते हैं मनोवैज्ञानिक कारक : अवसाद, चिंता और आघात जैसे अंतर्निहित मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे पदार्थों के साथ स्व-चिकित्सा को जन्म दे सकते हैं। शारीरिक कारक : किसी व्यक्ति का मस्तिष्क नशीली दवाओं के प्रति जिस प्रकार प्रतिक्रिया करता है, वह नशे की लत की संभावना को प्रभावित कर सकता है। सामाजिक और आर्थिक कारक : पारिवारिक असामंजस्य, सामाजिक-आर्थिक असमानताएं, अवसरों की कमी और सामाजिक अलगाव मादक द्रव्यों के सेवन में योगदान कर सकते हैं। आनुवंशिकी : आनुवंशिक प्रवृत्ति कुछ व्यक्तियों को नशे की लत के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकती है। मादक द्रव्यों के सेवन का पारिवारिक इतिहास जोखिम को बढ़ा सकता है। अन्त में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी के द्वारा सपथ ग्रहण कराया गया एवं प्रशिक्षु छात्रो के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता कराया गया ।

उक्त कार्यक्रम में अभिमन्यु कुमार, रवि सिन्हा, रवि चन्द्र मुर्मू ,अभिषेक कुमार इत्यादी उपस्थित थे

# उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं को सौंपा नियुक्ति पत्र,जिले के 23 बेटियों को मिला नया उड़ान

## बेंगलुरु में जॉब ज्वाइन करने को तैयार

**सभी छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक की थी पूर्ण**

**दिव्य दिनकर: जिला ब्यूरो, कुन्दन पासवान**



चतरा कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष पहल प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चतरा की बैच संख्या 28 की 23 छात्राओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। सभी छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया और उन्हें बेंगलुरु, कर्नाटक स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिली है। इस अवसर पर समाहरणालय चतरा के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त कीर्तिश्री शामिल हुई। उनके साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित भी उपस्थित थे। तीनों अधिकारियों ने छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने छात्राओं से संवाद कर उनके आत्मविश्वास और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियाँ आज देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर काम कर रही हैं, यह झारखंड के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रेझा फाउंडेशन की ओर से ऑप्स एरिया मैनेजर मोहम्मद सैफ, एसोसिएट एरिया मैनेजर धनंजय कुमार, गुरुकुल के प्राचार्य दिनेश प्रसाद, रौनक कुमार (एम.ई.),अरविंद सिंह (एम.ई.), श्रवण राणा (एम.ई.), शुभम कुमार (ट्रेनर) एवं मृत्युंजय कुमार (एम. आई.एस.) भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद ये सभी छात्राएं कल बेंगलुरु के लिए प्रस्थान करेंगी और अपनी नई नौकरी की शुरूआत करेंगी। प्रेझा फाउंडेशन, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के अंतर्गत एक विशेष प्रयोजन संस्था (SPV) है, जो राज्य भर के युवाओं को 45-60 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती है। पिछले 14 वर्षों में संस्था ने 40,000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाकर उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार किया है। वर्तमान में झारखंड राज्य में प्रेझा फाउंडेशन द्वारा 27 कल्याण गुरुकुल, 8 एएनएम नर्सिंग कॉलेज और 1 आईटीआई कौशल कॉलेज का संचालन किया जा रहा है।

# 15 साल से पानी को तरस रहे पाकुड़ रेलवे क्वार्टर के कर्मचारी, अब नगर परिषद से लोगो को आस

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ः पाकुड़ शहर में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पाकुड़ रेलवे के कर्मचारी तो बीते डेढ़ दशक से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। रेलवे की 170 क्वार्टरों में रह रहे करीब 1250 कर्मचारियों को अब तक नियमित और शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर अब रेलवे ने नगर परिषद से गुहार लगाई है।

गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में पूर्व रेलवे रामपुरहाट के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) मुकेश कुमार,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता अभिजीत किशोर,कनिय अभियंता दिनेश मंडल, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय और प्रधान सहायक देवाशीष बर्मन मौजूद रहे।

**2013 में बनी थी सहमति,जमीन नहीं मिलने से फंस गया था मामला**

सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2013 में रेलवे और जिला प्रशासन के बीच शहरी जलापूर्ति योजना के तहत रेलवे को प्रतिदिन दो लाख लीटर शोधित जल देने पर सहमति बनी थी।जलमीनार, वितरण पाइप और जल पीलर निर्माण की योजना भी बनी थी,लेकिन रेलवे की ओर से आवश्यक जमीन नहीं मिलने के कारण योजना अधर में रह गई।

**बोरिंग भी फेल,सिर्फ 3 जगह ही मिला पानी**

रेलवे ने स्वयं पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए अब तक कुल दस डीप बोरिंग करवाए,लेकिन सिर्फ तीन बोरिंग से ही सीमित मात्रा में पानी मिल पाया। ऐसे में समस्या जस की तस बनी हुई है।

**अब डीआरएम हावड़ा ने दिखाई सक्रियता,उम्मीद जगी**

पूर्व रेलवे हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देश पर अब एक बार फिर से प्रयास तेज किए गए हैं। नगर परिषद में हुई बैठक में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि रेलवे को शहरी जलापूर्ति योजना से जोड़ने के लिए उपायुक्त को मंडल से पत्र भेजकर रेलवे की जमीन पर बनने वाले पानी टंकी निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) जारी कराने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जलमीनार निर्माण, वितरण पाइप बिछाने और पीलर लगाने की योजना को आगे बढ़ाने के लिए अब प्रशासन और रेलवे के बीच समन्वय बनाने की जरूरत बताई गई है।

**कर्मचारियों में जगी राहत की उम्मीद**

बैठक के बाद कर्मचारियों में एक बार फिर आशा जगी है कि अब शायद वर्षों पुरानी जल संकट की समस्या का समाधान हो सके। यदि यह योजना जमीन पर उतरती है तो 1250 से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

# DSO की सख्ती: अब हर अनाज का दाना जाएगा जरूरतमंदों तक, नहीं चलेगा लापरवाही का खेल

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

आपूर्ति विभाग की गड़बड़ियों पर अब शिकंजा कसने का वक्त आ गया है। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सप्लाई सिस्टम की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी–अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जून, जुलाई और अगस्त महीने के खाद्यान्न उठाव और वितरण की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जून और जुलाई महीने का वितरण 21 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, जबकि अगस्त महीने का उठाव 30 जून तक पूरा होना चाहिए।

**राशन इ-केवाइसी पर भी बड़ा एक्शन मोडः**

बैठक के दौरान राशन कार्ड धारियों के ई-केवाइसी को लेकर उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन लाभुकों ने 12 माह या उससे अधिक समय से राशन का उठाव नहीं किया है, उन्हें ग्राम सभा में चिन्हित कर नामों को विलोपित किया जाए। ताकि वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिल सके और कोई भी भूखा न सोए।

**गोदामों की स्थिति पर चिंताः**

बरसात के मौसम को देखते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि गोदामों में अनाज की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। किसी भी प्रकार की नमी या बारिश से खाद्यान्न खराब नहीं होना चाहिए।

**डोर स्टेप डिलीवरी (DSD) सिस्टम पर खास जोरः**

DSD प्रणाली पर तीखी नजर डालते हुए उपायुक्त ने सभी अञ्ञ और टड को कड़े शब्दों में आदेश दिए कि डोर स्टेप डिलीवरी के बाद तुरंत अनाज का वितरण सुनिश्चित किया जाए। समन्वय की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अगर अनाज समय पर नहीं पहुंचा, तो जिम्मेदार अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी।

**बैठक में मौजूद अधिकारीः**

इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सभी प्रखंडों के एमओ और एजीएम, तथा आपूर्ति विभाग से जुड़े अन्य कर्मी उपस्थित थे। अब जिला प्रशासन की मंशा साफ है–सिस्टम में सुधार करो या बाहर निकलो। राशन से जुड़े भ्रष्टाचार, लापरवाही और ढीले रवैये पर नकेल कसने की शुरूआत हो चुकी है। अब देखना है कि आदेशों की ये आंधी जमीनी स्तर पर कितना असर दिखाती है, और वाकई में अनाज जरूरतमंदों तक पहुंचता है या नहीं।

## देवघर एम्स के आपातकालीन सेवा विश्व योग दिवस के अवसर पर होगा शुभारंभ

**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**



देवघर एम्स के इमरजेंसी (आपातकालीन) सेवा में आज विश्व योग दिवस के अवसर पर शुभारंभ किया जाएगा. इस मौके पर एम्स अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर भव्य तरीके से एम्स आपातकालीन सेवा का उद्घाटन स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम. एम्स परिसर में जो विश्व योग दिवस के अवसर पर पहले योग कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे रखा गया है. वहीं 8:00 बजे आपातकाल इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ किया जाएगा. इसे लेकर एम्स प्रबंधन की ओर से इमरजेंसी वार्ड के बाहर और ऊपर में बड़ा सा डिजिटल नेम प्लेट, मेडिकल व्हीलचेयर और 30 बेड का सुसज्जित तरीके से व्यवस्था किया गया है. इसके अलावा ओटी को भी तैयार रखा गया है. इसके अलावे तीन शिफ्ट में डॉक्टर नर्स कर्मी को प्रतिनिधित्व कर दिया गया है. सभी तरह का स्टाफ रजिस्ट्रेशन काउंटर आदि का तीन शिफ्ट करके में नियुक्त कर दिया गया है 30 बेड के इमरजेंसी सेवा शुरू किया जाएगा. इसके अलावा वही 30 बेड के में से 10 बेड पुरुष के लिए और 10 बेड महिला के लिए जनरल बेड रहेगा. वहीं 10 बेड पुरुष के लिए रहेगा. जबकि आवश्यकता पर जरूरतमंद पुरुष महिला के लिए भेन्डीलेटर वाला मौजूद रखा गया है.

# जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान, उपायुक्त ने कहा शिक्षा ही विकास की कुंजी

**साहिबगंजः**



सिद्धो-कान्हू सभागार में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन उपायुक्त द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि का स्वागत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना दुर्गानन्द झा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बाल पौधा भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, साहेबगंज की छात्राओं ने स्वागतगान की मनमोहक प्रस्तुति दी।अपने प्रेरणादायक संबोधन में उपायुक्त हेमन्त सती ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए बच्चों को नकारात्मक संगत से बचना चाहिए और प्रेरणादायक एवं योग्य मित्रों का साथ चुनना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम में विशेष रूप से NEET परीक्षा 2025 में जिले की एकमात्र चयनित छात्रा प्रिया राज गुप्ता (पिता - उमेश प्रसाद साह, संकुल साधन सेवी, राजमहल) को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।समारोह में झारखंड अधिविध परिषद् (JAC), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) एवं भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र (ICSE) बोर्ड के कुल 101 टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हाँसदा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरूण कुमार घाटी एवं रॉबिन चन्द्र मंडल, जिला जेंडर समन्वयक शबनम तब्बस्सुम, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी (कार्यक्रम संचालक), एमआईएस मनीष कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एहसान एहमद, मनीष कुमार, क्षेत्र प्रबंधक जयंत कुमार मंडल एवं वीर प्रकाश, मनोज कुमार गुप्ता समेत अन्य शिक्षा पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## तीन जरूरतमंदो को इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने किया रक्तदान

**रिपोर्ट- अविनाश मंडल**



पाकुड़ःपाकुड़ इंसानियत फाउंडेशन द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में जरूरतमंदों को हमेशा रक्त उपलब्ध कराते आ रहे हैं, झारखंड राज्य के साथ साथ अन्य राज्यों में भी जाकर जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराते आ रहे हैं इसी बाबत पाकुड़ के सदर अस्पताल एवं रामपुरहाट के सदर अस्पताल मे, हो रही मरीज के इलाज इलाज में खून की जरूरत पड़ी महेशपुर के बुजुर्ग महिला रूबी बीबी जिन्हें ए बी पॉजिटिव रक्त की ऑपरेशन के लिए जरूरत पड़ी इधर नहिदा खातून और नुसरत खातून को ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत पड़ी जिसे डॉक्टर ने खून चढ़ाने की बात कही तत्पश्चात मरीज का इलाज हो पाएगा, बुजुर्ग परिजन रक्त की व्यवस्था करने में असमर्थ थे . तभी परिजनों को इंसानियत फाउंडेशन संस्था के बारे मे जानकारी मिली तभी परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन से मदद की गुहार लगाई मिली जानकारी के अनुसार महेशपुर के शकील अहमद रामपुरहाट मे, मोरसलीम एवं जार्जिस पाकुड़ ब्लड अधिकोष मे रक्तदान किया. मौके पर इंसानियत फाउंडेशन के उप सचिव आसादुल मुल्ला, नसीम शेख कर्मचारी मौजूद थे.

## संक्षिप्त समाचार

### डीपीआरओ ने सोनाधनी पंचायत भवन का किया निरीक्षण



रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ःपाकुड़ गुरुवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू के द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सोनाधनी पंचायत सचिवालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पंचायत का कैशबुक, योजना पंजी, जन्म-मृत्यु पंजी,पंचायत सुदृढ़ीकरण, कैशबुक पंजी का अवलोकन किया। साथ ही पंचायत भवन में शौचालय, मीटिंग हॉल, पीएस, जीआरएस, भीएलई के कमरों का लाइट, वॉटर प्यूरीफायर योजनाओं का निरीक्षण कर, पंचायत सचिव एवं प्रखंड राज पदाधिकारी को पंचायत में कमी को चिन्हित कर चार दिनों के अंदर सुधार एवं अपडेट करने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड राज पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं भीएलई उपस्थित थे।

### श्रम विभाग ने चलाया बाल श्रम विमुक्ति सह जागरुकता अभियान

रिपोर्ट - अविनाश मंडल



पाकुड़ःपाकुड़ श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के द्वारा सोनाजोड़ी, तोड़ाई एवं मोहनपुर चौक के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं होटल आदि में बाल श्रम विमुक्ति एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में धारा-12 क के तहत सूचना प्रदर्शित कराई गई। श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी गिरीश चन्द्र प्रसाद ने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं खतरनाक नियोजन में 14-18 वर्ष तक के बच्चो का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में नियोजक पर 20 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का जुर्मना अथवा 06 माह से 02 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरन्तर कारवाई जारी रहेगी। इस अभियान में श्रम विभाग के विकास कुमार गुप्ता, अमजद खान एवं चाइल्ड लाइन के कर्मी शामिल थे।

### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजस्थान इंटर विद्यालय, साहेबगंज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



साहिबगंजः

झारखंड सरकार द्वारा 10 से 26 जून तक चलाए जा रहे निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज अपराह्न 2:00 बजे राजस्थान इंटर विद्यालय, साहेबगंज में नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा की गई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा एक नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु उन्हें प्रेरित करना था। इस दौरान छात्रों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 की धाराएं 4, 5, 6 (क) एवं 6 (ख) के अंतर्गत नशा नियंत्रण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज की नींव को भी कमजोर करता है।इसके अतिरिक्त, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आफ्टर केयर, फोस्टर केयर और स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों ने ₹नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे₹ का सामूहिक संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक जागरूकता एवं संकल्प के भाव के साथ संपन्न हुआ।

### पेड़ से लटका हुआ मिला एक महिला का शव, हत्या की आशंका

मंडरोः



मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजीपुर दियारा गांव में कैलाश मंडल की 21 वर्षीय पत्नी अंजू देवी का शव संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता हुआ घर के समीप अमरूद के पेड़ से बरामद किया गया । प्रथम दृष्टया से हत्या की आशंका जताई जा रही है। वही इस घटना की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।इसके बाद मुफस्सिल थाना पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया ।मिली जानकारी के अनुसार मंजू देवी का विवाह लगभग तीन माह पूर्व हाजीपुर दियारा के रहने वाले कैलाश मंडल के साथ हुई थी ।मृतक अंजू देवी के चचेरे भाई सोनू कुमार मंडल ने बताया कि रात में साड़ी के फंदे से अंजू देवी का शव लटका हुआ मिला। परिवारवालों के द्वारा मार कर टांग दिया गया है। वही मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार के द्वारा बताया गया कि हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# योग और ध्यान-अभ्यास - संत राजिन्दर सिंह जी महाराज



योग सृष्टि की शुरूआत से ही भारत की प्राचीन संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों ने योग के महत्त्व का जिक्र अनेक धर्मग्रंथों में किया है। ऋग्वेद में कई जगहों पर यौगिक क्रियाओं के विषय में जानकारी मिलती है। महर्षि पतंजलि ने योग की परिभाषा देते हुए कहा है कि श्योगष्चित्त-ावृत्तिनिरोधःश अर्थात योग के द्वारा हम अपने चंचल मन को भी काबू में कर सकते हैं। मनुष्य को जब भी कोई शारीरिक अथवा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा है तो अपने शरीर को रोग मुक्त करने के लिए उसने किसी न किसी तरीके से योग द्वारा शरीर को स्वस्थ किया है और साथ ही साथ मानसिक शांति भी प्राप्त की है लेकिन आज के आधुनिक युग की इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हमारे खान-पान व रहन-सहन में कई बदलाव आए हैं जिनके कारण हमें चिंता, तनाव, थकान और चिड़चिड़ापन जैसी अन्य कई बीमारियां घेर लेती हैं। शुरू-शुरू में तो हम अपने स्वास्थ्य की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते क्योंकि आजकल की व्यस्त ज़िंदगी में किसी के पास इतना भी वक्त नहीं है कि वो अपने शरीर की ओर ध्यान दे लेकिन धीरे-धीरे यह छोटी-छोटी बीमारियाँ हमारे शरीर में ब्लड प्रेशर, शुगर, गठिया, मोटापा और माईग्रेन जैसी अनेक गंभीर रोगों को जन्म देती हैं। तब हम थोड़ा जागरूक होते हैं और हमारा ध्यान किसी योग की ओर जाता है क्योंकि केवल योग ही है जो इस प्रकार के रोगों को जड़ से खत्म कर सकता है। सिर्फ प्राचीन काल के योगियों ने ही नहीं बल्कि आज के आधुनिक युग के डॉक्टर्स ने भी इस बात को पूरी तरह साबित करके दिखाया है कि सिर्फ योग ही ऐसी रामबाण दवा है जिसके द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और यह हमें इस हलचल भरी दुनिया में मानसिक शांति भी प्रदान कर सकता है। अगर हम योग के फायदों का ज़िक्र करें तो हम पाएंगे कि योग के फायदों की सूची कभी न खत्म होने वाली है। जैसे प्रतिदिन योग करने से शारीरिक तंदुरुस्ती तो आती ही है, इसके अलावा इसके द्वारा सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है, जिससे कि हमारे अंदर का तनाव खत्म होता है बल्कि इसके द्वारा हमारा मन भी शांत रहता है। इसके साथ-साथ बड़ी से बड़ी बीमारी से लड़ने के लिए हमारे शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, जिससे कि हमारे अंदर रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ जाती है। योग से हमारी पाचन क्रिया भी दुरूस्त होती है, जिसके कारण हमारे अंदर ऊर्जा का विकास होता है और हमारा शरीर लचीला बनता है। नियमित योग करने से जीवन के प्रति उत्साह बढ़ता है और हमारे अंदर मनोबल की भी वृद्धि होती है। इस प्रकार योग के द्वारा हम अपने तन को ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ रख सकते हैं।

योग के कई प्रकार हैं जैसे, हठ योग, प्राण योग, राज योग, कुंभक और ज्ञान योग आदि। जितने भी प्रकार के ये योग हैं इन्हें करने के लिए एक तो इनमें समय बहुत ज्यादा देना पड़ता है जोकि आजकल की व्यस्त दिनचर्या में मुमकिन ही नहीं है। दूसरे इन्हें करने के लिए शरीर का पूरी तरह से स्वस्थ होने के साथ-साथ लंबी उम्र का होना भी बहुत ही जरूरी है जोकि आज के युग में संभव नहीं है। ये सभी यौगिक क्रियाएं सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ रखती हैं लेकिन सुरत शब्द योग एक ऐसी विधि है जोकि पूर्णतया आध्यात्मिक है और यह न सिर्फ हमारे तन व मन को बल्कि हमारी आत्मा को भी तंदुरुस्त रखता है। परम संत कृपाल सिंह जी महाराज ने इस सुरत शब्द योग के बारे में कहा है कि, अगर हमारी आत्मा तंदुरुस्त होगी तो हमारा मन और शरीर खुद-ब-खुद तंदुरुस्त हो जाएगा। सुरत-शब्द योग हमें समझाता है कि सुरत जो हमारी आत्मा का बाहरी रूप है जब वो प्रभु के शब्द के साथ जुड़ती है तो फिर जहाँ से हम आए हैं, पिता-परमेश्वर के घर वहाँ हम वापिस जा सकते हैं। जब हम प्रभु के शब्द के साथ जुड़ते हैं तो हम अंदर की दुनिया में जाने के लायक होते हैं और हमारी आत्मा का मिलाप परमात्मा से हो सकता है। यह अनुभव हमें शांति देता है, आनंद देता है और हमें मस्ती के आलम में लेकर जाता है क्योंकि अंदर की यात्रा प्रेम और खूबसूरती से भरी हुई है। सुरत-शब्द योग के जरिये हम अपना ध्यान जो इस वक्त बाहर की दुनिया में जा रहा है, उसे अंदर की दुनिया में लेकर जाते हैं। इसे मेडिटेशन, भजन-सिमरन और ध्यान टिकाना भी कहा गया है। इसका अभ्यास कोई भी कर सकता है चाहे वो छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग, चाहे एक धर्म को मानने वाला हो या किसी दूसरे धर्म को, चाहे वो एक देश में रहता है या किसी दूसरे देश में। ये एक आसान तरीका है, जिसका अभ्यास तंदुरुस्त हो या बीमार कोई भी कर सकता है। इसे हम अपने घर या ऑफिस में भी कर सकते हैं।

इसका प्रतिदिन अभ्यास करने से हमें हर जगह प्रभु का रूप दिखाई देने लगता है और फिर हमें यह अनुभव हो जाता है कि जो प्रभु की ज्योति मुझमें है, वही दूसरों में भी है तो हमारे अंदर एक बदलाव आता है। हमारे अंदर खुद-ब-खुद सभी के लिए प्रेम-भाव जागृत हो जाता है। हम एक शांति से भरपूर जीवन व्यतीत करते हैं। जिसके फलस्वरूप हमसे यह शांति धीरे-धीरे हमारे परिवार, समाज, देश में होती हुई संपूर्ण विश्व में फैलती है। ऐसा करके हम इस धरती पर स्वर्ग की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

# पाकुड़ डीसी ने तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम में बच्चों के साथ किया भोजन किया

रिपोर्ट- अविनाश मंडल




पाकुड़ःपाकुड़ धरती आबा अभियान के तहत प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों में शुक्रवार को छात्र- छात्राओं के लिए तिथि भोज सह जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस तिथि भोज के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीसी मनीष कुमार के द्वारा प्राथमिक विद्यालय शहरकोल का जायजा लिया। इस दौरान डीसी मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह ने बच्चों के साथ तिथि भोजन सह जन्मोत्सव का आनंद लिया। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से चलाये जा रहे पीएम पोषण योजना को प्रभावी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ाव को लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में तिथि भोजन सह जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को समुदाय-समाज के बुद्धिजीवी, विशिष्ट, गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी या विभिन्न कार्यालयों द्वारा विशेष दिवस पर एमडीएम के मेनू से अलग हटकर खास भोजन की व्यवस्था की जाती है। यह एक अवसर है जब लोग अपनी खुशियों को सरकारी विद्यालयों के बच्चों के साथ मिलकर और बढ़ा सकते हैं। तिथि भोजन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहित थे। ऐसे विशेष अवसर पर विद्यालय में बच्चों के लिए तिथि भोज का आयोजन हो, जिससे बच्चों का भी मनोबल बढ़ता रहे।साथ ही उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग में कई सारे कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं जैसे बोलेगा पाकुड़, बाल चौपाल, आज क्या सीख, फिर से स्कूल चले हम इन सब कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाना है।

# देवघरः- मारवाड़ी युवा मंच ने की उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



आज मारवाड़ी युवा मंच देवघर शाखा की कार्यकारिणी टीम के सदस्यों ने देवघर जिला के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से शिष्टाचार मुलाकात की जिसमें मंच द्वारा किये जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यो के बारे में उनको अवगत कराया गया और साथ में उन्हें पिछले 34 वर्षों से देवघर शाखा द्वारा संचालित श्रावणी सेवा शिविर के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने देवघर शाखा द्वारा प्रतिवर्ष चलाये जा रहे श्रवणी सेवा शिविर की काफी सराहना की और साथ ही आस्वस्त भी किया कि मंच को हमेशा की तरह आगे भी सभी सामाजिक कार्यों में जिला प्रसाशन का सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने सरकार की तरफ से चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताते हुए मंच के सदस्यों का ध्यान केंद्रित करते हुए इस अभियान से जुड़ने का सुझाव दिया जिससे कि यह अभियान और भी ज्यादा सुचारू रूप से सफलतापूर्वक चलाया जा सके। उन्होंने सरकार द्वारा समय समय पर चलाये जाने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी जिला प्रसाशन के साथ साथ मंच की सहभागिता के लिये भी जोर डाला।

टीम में शाखा अध्यक्ष रोहित सुल्तानिया, शाखा सचिव अमरदीप शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक (जीव दया एवं पशु कल्याण) आलोक अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साकेत छावछरिया,प्रान्तीय संयोजक सर्वेश मोदी, शाखा उपाध्यक्ष अमित छावछरिया सह-सचिव हर्ष जगनानी अमृतधारा प्रभारी अर्पित मोदी, प्रत्युष सुल्तानिया शामिल थे।

# पीड़ित महिलाओं के लिए सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है वन स्टॉप सेन्टरः- मंत्री

## माननीय मंत्री ने बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह में रिक्रिएशन हॉल, स्मार्ट टेलीविजन एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा सदर अस्पताल परिसर स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री ने सखी वन स्टॉप सेन्टर अन्तर्गत बनाये गये कमरों रसोई घर, शौचालय, पेयजल, भवन परिसर में की गयी व्यवस्थाओं एवं अन्य आवश्यक मुलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत के क्रम में माननीय मंत्री द्वारा जानकारी दी गयी कि सखी वन स्टॉप सेन्टर के माध्यम से किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, पुलिस सहायता, अस्थाई आश्रय रहना व खाना आदि सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी। साथ हीं घरेलू हिंसा, मारपीट, दुष्कर्म, लैंगिक उत्पीड़न, भावनात्मक उत्पीड़न, बाल विवाह, महिला तस्करी, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक, साइबर क्राइम आदि को भी शामिल किया गया है। वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं के लिए एक सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करता है, जहां पीड़ित महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक तौर पर तक सशक्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन व सहयोग किया जायेगा। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में माननीय केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा चरकी पहाड़ी स्तिथ बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह के बच्चियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह में रिक्रिएशन हॉल, स्मार्ट टेलीविजन एवं स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह की बच्चियों द्वारा कौशल कला (कढ़ाई, बुनाई, पेंटिंग, कलाकृतियों, रंगोली, हाउस कीपिंग आदि) के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बेहतर व उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। आगे सभी को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने कहा कि हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम खुश रहे और हमेशा मेहनत कर आगे बढ़ने का प्रयत्न करते रहें। आगे उन्होंने स्वाबलंबी बनने की दिशा में बच्चियों को आगे बढ़ते रहने के साथ बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह की बच्चियों द्वारा किये जा रहे कार्यो और उनके आत्मविश्वास की सराहना करते हुए प्रोजेक्ट बेटी के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी बच्चियों को

# मुंगेर जिला में प्रशासनिक तानाशाही चरम पर - सपा

## हथियार, आवास मामले को लेकर सपाध्यक्ष ने राज्यपाल और मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख लगाई गुहार

मुंगेर।

जिले में चरम पर पहुंचे प्रशासनिक तानाशाही को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने बिहार के राज्यपाल एवं मुख्य न्यायाधीश सहित मुख्यमंत्री नितीश कुमार को पत्र लिख जिले में चल रहे गोरखधंधा पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। सपा अध्यक्ष पप्पू यादव ने अपने लिखे पत्र में कहा है कि 2025 चुनावी वर्ष है। इस बर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होना निश्चित है। और इस चुनावी वर्ष में जिस तरह से बिहार में हत्या, अपराध, भ्रष्टाचार, प्रशासनिक तानाशाही बढ़ रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा- जदयू गठबंधन की यह सरकार जान बूझकर बिहार में अराजकता उत्पन्न कर पूरे राज्य को विध्वंसक मुहाने पर पहुंचने की तैयारी कर रही है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का गृह जिला एवं केंद्रीय मंत्री ललन सिंह का चुनावी क्षेत्र मुंगेर जिला इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि जहां के प्रशासनिक तानाशाही की गवाही कई दैनिक अखबार भी दे रहा है। इस जिले में बतौर लम्बे दिनों तक जिलाधिकारी रहने के उपरान्त मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त पद पर पदस्थापन के बाद वर्तमान आयुक्त के द्वारा सदर



अस्पताल के सिविल सर्जन के आवास को बिना किसी सरकारी नोटिफिकेशन के आयुक्त आवास में तब्दील करने की लोगों के बीच कयास लगाई जा रही है। वहीं यह भी चचाएं आम है कि लाइसेंसी हथियार के निर्गत करने के नाम पर एक जाति विशेष को दरकिनार कर आवंटन की प्रक्रिया में मोटी रकम वसूली जा रही है। जिसको लेकर प्रशासनिक नोक झोंक भी जारी है। जिसमें कोई लुट-पिट रहा है और बुरी तरह त्रस्त है तो वो आम जनता है। जिसके किसी समस्या का कोई निष्पादन नहीं हो रहा है। यहां तक कि जिले का कोई भी अधिकारी कुछ सुनाने के लि

### हत्याकांड का मुख्य शूटर लालबाबू राय मुठभेड़ में घायल, एसकेएमसीएच में भर्ती



दिव्य दिनकर बिहार डिग्निशन विशेष प्रभारी प्रभात कुमार मिश्रा

बिहारमुजफ्फरपुर। सदर थाना क्षेत्र के बारमतपुर लीची गाछी में गुरुवार देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में संजय चौधरी हत्याकांड का मुख्य शूटर लालबाबू राय गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़कर इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। लालबाबू राय मुजफ्फरपुर के सरैया थाना क्षेत्र के मानिकपुर का रहने वाला है और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने चलाई 7 राउंड गोलियां, अपराधियों ने दागी दर्जनभर गोलियांजानकारी के अनुसार, सदर थानाध्यक्ष अस्मित कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लालबाबू राय अपने तीन साथियों के साथ बारमतपुर स्थित लीची गाछी में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर अपराधियों को सरेंडर करने को कहा। इसपर अपराधियों ने पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी सात राउंड फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान लालबाबू राय के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह गिर पड़ा, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए।मौके से हथियार और गोलियां बरामदघटना स्थल से एक पिस्टल और कुछ गोलियां बरामद की गई हैं। घायल शूटर को एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी सुशील कुमार, एस-डीपीओ नगर-2 बिनीता सिन्हा और अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चला कर फरार अपराधियों की तलाश तेज कर दी है।पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां

गौरतलब है कि 15 मई की शाम को सदर थाना क्षेत्र के पताही में पैक्स अध्यक्ष के पुत्र एवं पंचायत समिति सदस्य के पति संजय कुमार चौधरी उर्फ रामनवमी चौधरी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में पहले भी प्रकाश पासवान, राजेश कुमार और मनोज कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के दौरान एक पिस्टल, दो कट्टा, चार कारतूस, 29 ग्राम स्मैक और दो बाइकें भी बरामद की थीं।फिलहाल पुलिस लालबाबू राय के फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि जल्द ही पूरे गिरोह का भंडाफोड़ कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न संस्थाओं में कराया जाएगा योगाभ्यास

**जमालपुर।**



योगनगरी के नाम से प्रसिद्ध मुंगेर जिला मुख्यालय के साथ-साथ जमालपुर शहर में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ऐतिहासिक रेल इंजन कारखाना जमालपुर में मुख्य कारखाना प्रबंधक के नेतृत्व में शनिवार को योगाभ्यास को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों तथा सामाजिक संगठन की ओर से भी विशेष योग सत्र का आयोजन किया जाना है। जमालपुर के पूर्वी क्षेत्र स्थित बड़ी आशिकपुर दुर्गा स्थान के निकट हेल्थ इस वेल्थ योग केंद्र की ओर से बिहार योग विश्वविद्यालय मुंगेर से प्रशिक्षण प्राप्त योग अनुदेशक शशि भूषण कुमार के द्वारा विशेष योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ योग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे, महिलाएं तथा बुजुर्ग योग प्रशिक्षु कार्यशाला में हिस्सा लेंगे। वही, ज्योति युगल सरस्वती शिशु मंदिर फुल्का में आयोजित एकदिवसीय योग कक्षा में विद्यालय के भैया बहन तथा शिक्षकगण योगाभ्यास करेंगे। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित योग कक्षा में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव सुनील कुमार, योग प्रशिक्षक शशि कुमार, मनोहर कुमार सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। एकदिवसीय योग कक्षा के लिए विद्यालय की ओर से सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### सांसद निशिकांत दुबे इंडोर स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेला



**देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा**

गोड्डा लोकसभा सांसद डॉ निशिकांत दुबे संध्या 7 .30 बजे पहुंचे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेला ।इस दौरान 3 मैच भी सांसद ने खेला।। इनडोर स्टेडियम के रख रखाव सुविधा असुविधा की जानकारी भी लिया।। इनडोर कमिटी के कृष्ण कुमार बर्नवाल ,नवीन शर्मा,अंकेश कुमार,राजकुमार ने पुष्प गुच्छ देकर सांसद का अभिवादन किया।।साथ हीं इनडोर स्टेडियम में चल रहे बच्चों कैम्प और खेल में आ रहे परेशानी को भी बताया ।।सांसद में कहा कि मैने भी ये अनुभव किया कि कोर्ट और लाइट में सुधार की काफी जरूरत है और उन्होंने जल्द हीं उच्च स्तरीय कोर्ट लाइटिंग और साउंडलेस जेनरेटर की सुविधा इनडोर स्टेडियम में उपलब्ध कराने की बात कही।। इनडोर स्टेडियम में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों मे सांसद के इस वादे से काफी खुशी हुई।क्यों की संथाल परगना में देवघर के खिलाड़ी बैडमिंटन सहित कई खेलों में अपना दबदबा बनाए हुए है।।

### सर्वश्रेष्ठ सैल्यूट तिरंगा जो एक राष्ट्रवादी संगठन है केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह संगठन के केंद्रीय मंत्री भागलपुर जिला के डॉक्टर इंसान सिन्हा

**दिव्य दिनकर**



भागलपुर बिहार का लाल रॉकी काफी कम समय में जो कि अपनी प्रसिद्धता हासिल की है जी हां बताते हुए बड़ी गर्व की बात है कि देश की सर्वश्रेष्ठ संगठन सैल्यूट तिरंगा जो एक राष्ट्रवादी संगठन है और देशवासियों को राष्ट्रवादी भावनाओं के प्रति जागृत करते आ रही है इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश झा जी,राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व मंत्री उत्तराखंड सरकार श्री सच्चिदानंद पोखरियाल जी, राष्ट्रीय संरक्षक एवं एमपी श्री मनोज तिवारी जी,राष्ट्रीय संरक्षक एवं केंद्रीय मंत्री वर्तमान श्रीमती रेणुका सिंह जी, राष्ट्रीय संरक्षक एवं वर्तमान कुलाधिपति उड़ीसा श्री रघुवर दास जी एवं संगठन के केंद्रीय मंत्री की कोर कमेटी ने बिहार के भागलपुर जिले के डॉ ईशान सिन्हा जी के कार्यों की समीक्षा कर देश के प्रति समर्पित भावना को देखते हुए संगठन के राष्ट्रीय कोर कमेटी ने पूरे मन भाव से इन्हें यूथ राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया है जिसके फल स्वरुप श्री सिन्हा ने संगठन के सभी केंद्रीय कोर कमेटी सदस्यों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है और कहां है जिस प्रकार सैल्यूट तिरंगा देश हित में कार्य करती है उसी प्रकार श्री सिन्हा अपनी जिम्मेदारियां को समझते हुए देश हित में राष्ट्रवादी भावनाओं को जागृत करेंगे और अपनी भावनाओं को संगठन के प्रति एवं देश के प्रति अवश्य सकारात्मक दिशा में समर्पित करेंगे '

### ड्राइविंग सीट पर अब महिलाएं: बिहार में 1.29 लाख से अधिक को मिला लाइसेंस

**पटना:**

बिहार की महिलाएं अब उन क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, जिन्हें अब तक पुरुषों तक सीमित माना जाता था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिलाओं के हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2018 से अबतक राज्य में एक लाख 29 हजार से अधिक महिलाएं दोपहिया और चारपहिया वाहनों की ड्राइविंग लाइसेंस धारक बन चुकी हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले आठ वर्षों में सबसे अधिक पटना जिले की 29 हजार 417 महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया है। इसके बाद मुजफ्फरपुर जिले की 18 हजार 560 महिलाएं ड्राइविंग लाइसेंस पाकर सशक्त बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी हैं। पटना प्रमंडल की महिलाओं के पास सर्वाधिक ड्राइविंग लाइसेंस ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में पटना प्रमंडल की महिलाएं सबसे आगे हैं, जहां 40 हजार से अधिक महिलाओं के नाम ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किए गए हैं। इसके बाद तिरहुत प्रमंडल में लगभग 33 हजार महिलाएं ड्राइविंग लाइसेंस धारक हैं। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के मामले में तीसरे स्थान पर दरभंगा, चौथे पर मगध और पांचवें पर मुंगेर प्रमंडल की महिलाएं हैं। वहीं, सबसे कम कोसी प्रमंडल में लगभग चार हजार महिलाओं के पास ड्राइविंग लाइसेंस है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यमः परिवहन सचिव परिवहन सचिव संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी ने इस बदलाव पर कहा कि पहले महिलाएं बच्चों को स्कूल छोड़ने-लाने, ऑफिस जाने, बाजार से खरीदारी जैसे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थी।

# औरंगाबाद प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक आयोजित किया गया

**रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन की अध्यक्षता में सम्राट अशोक भवन में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का बैठक आयोजित किया गया,इस बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रभारी मंत्री का पौधा देकर स्वागत किया गया इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित माननीय नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह माननीय विधान पार्षद श्री दिलीप कुमार सिंह उपाध्यक्ष अशोक सिंह विधायक प्रतिनिधि जिला कार्यान्वयन समिति के सदस्य आदि सदस्यों को भी पदाधिकारीयों के द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया इस बैठक में प्रभारी मंत्री के द्वारा औरंगाबाद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहन चर्चा की गई जिसमें महिला संवाद कार्यक्रम डॉ भीमराव अंबेडकर समग्र सेवा अभियान शिक्षा पीएचइडी वन प्रमण्डल कृषि राजस्व स्वास्थ्य सड़क मनरेगा आवास खाद्य आपूर्ति आदि जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर विमर्श किया गया बैठक में सर्वप्रथम महिला संवाद के बारे में समीक्षा किया गया इस दौरान डीपीएम जीविका के द्वारा बताया गया कि सरकार के निदेर्शानुसार सभी प्रखंडों में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया संवाद में जीविका दीदी एवं अन्य महिलाओं को सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के बारे में किए गए कार्यों की जानकारियां साझा की गई है जहां महिलाओं को राशन कार्ड स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड डीआरसीसी की योजनाएं बच्चियों का स्कॉलरशिप एवं महिलाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं को एलईडी जागरूकता रथ के माध्यम से जानकारी दिया जा रहा है औरंगाबाद जिला के सभी प्रखंडों के कुल 1757 ग्राम संगठनों में महिला संवाद निर्धारित है यह संवाद कार्यक्रम 18 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ और 17 जून 2025 तक कुल 1716 ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है इस कार्यक्रम में अबतक कुल 356875 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 288787 जीविका दीदियां 36941 अन्य महिलाएं एवं 31147 पुरुषों ने भाग लिया प्रत्येक दिन दो पाली में संवाद कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है जहां लगभग 200 से अधिक महिला उपस्थित रहती हैं संवाद में अभी तक महिलाओं से कुल 45203 आकांक्षाएं प्राप्त हुई हैं जिसमें 37537 आकांक्षाएं को निष्पादित कर शेष को संबंधित विभाग के पास भेज दिया गया है उपाध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा बताया गया कि जीविका दीदी के कार्य हेतु पंचायत में भी जीविका भवन निर्माण कराई जाए इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडों में जीविका भवन का निर्माण किया जा चुका है पंचायत में जीविका भवन निर्माण हेतु राज्य सरकार से कोई निर्देश प्राप्त नहीं है जीविका दीदी को पंचायत में कार्य करने हेतु संबंधित पंचायत के पंचायत सरकार भवनों में कार्यालय उपलब्ध करा दिया जाएगा डा. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान योजना के समीक्षा के दौरान निदेशक डीआरडीए द्वारा बताया गया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वंचित लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादन करते हुए योजनाओं का त्वरित एवं समावेशी लाभ प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है शिविरों का आयोजन 14 अप्रैल से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों के अनुसूचित जाति एवं जनजाति टोला में करते हुए 22 चयनित सेवाओं से वंचित परिवारों को आच्छादित किया



जाता है उन्होंने बताया कि शिविर में अबतक प्राप्त सभी आवेदनों में 81 प्रतिशत का निष्पादन किया जा चुका है जो राज्य में शीर्ष स्थान पर है उपाध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा बताया गया कि वैसे आवेदन जो सड़क और नली गली से संबंधित हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर शीघ्र निष्पादित किया जाए नवीनगर विधायक डब्लू सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में जितने भी महादलित टोला जो मुख्य संपर्क पथ से छूटे हुए हैं वहां अविलंब पथ निर्माण कराई जाए शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीपीओ शिक्षा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी 11 प्रखंडों के 2048 विद्यालयों में मध्यान भोजन संचालित है जिले में 5423 रसोइया कार्यरत हैं और सभी रसोइयों का मानदेय मई माह तक भुगतान किया जा चुका है समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालयों में 50 हजार रुपये तक की मरम्मति कार्य प्रधानाध्यापक द्वारा कराए जा सकते हैं जबकि 50 हजार से अधिक लागत वाले कार्य केवल इरएक्छ्छ पटना द्वारा निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कराए जाएंगे वित्तीय वर्ष 2024-25 में GOB मद के अंतर्गत LAEO औरंगाबाद द्वारा 271 विद्यालयों में 1494 योजनाओं के तहत शौचालय मरम्मत निर्माण किंचन शेड मरम्मत निर्माण वृहद मरम्मत तथा वर्ग कक्ष निर्माण कार्य किया जा रहा है PHED औरंगाबाद द्वारा 65 विद्यालयों में पेयजल सुविधा हेतु निविदा प्रकाशित की गई है बिहार शिक्षा परियोजना औरंगाबाद द्वारा पूर्व में 146 विद्यालयों में 148 योजनाओं के अंतर्गत शौचालय एवं किचन शेड की मरम्मत हेतु कार्य कराया गया था जिसे अब इरएक्छ्छ को स्थानांतरित किया गया है औरंगाबाद जिले के सात विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जा रही है ताकि छात्रों में नवाचार तकनीकी समझ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हो सके वहीं 108 उच्च विद्यालयों में क्रट लैब स्थापित की जा रही है जिससे छात्र विज्ञान और गणित विषयों को गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से समझ सकें शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु 2,55,737 विद्यार्थियों के विरुद्ध 2,26,579 छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति की जा चुकी है वऊक्करए 2024-25 के अनुसार जिले में 4,27,890 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज है और जिले में 14,912 शिक्षक कार्यरत हैं जिससे छात्र-शिक्षक अनुपात 1:29 है उपाध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा बताया गया कि रफीगंज प्रखंड के भदुकीकला पंचायत के रेगनियां में विद्यालय के सामने चापाकल खराब है जिससे यथाशीघ्र मरम्मत करवाई जाए सदस्य चंद्रभूषण सिंह द्वारा बताया गया कि जिन विद्यालयों में नए भवन बने हैं उनका शीघ्र हस्तांतरण किया जाए इसके अतिरिक्त अन्य सदस्यों द्वारा विद्यालय संबंधी समस्याएं रखी गईं जिसपर प्रभारी मंत्री द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए वन प्रमंडल विभाग की समीक्षा के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 में 6 लाख 27 हजार पौधे लगाए गए हैं तथा पथ एवं नदी/नहर के किनारे 58 किलोमीटर क्षेत्र में 12500 पौधा रोपण किया गया है साथ ही 4.5 लाख पौधा विभागीय पौधशाला में उपलब्ध है जबकि 6.70 लाख पौधा जीविका दीदी एवं किसानों को वितरण हेतु तैयार है स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं एक्सरे अल्ट्रासाउंड सीटी स्कैन एंटी वेनम इंजेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं जिले में कुल 167 चिकित्सकों के पद सृजित हैं जबकि 67 चिकित्सक कार्यरत हैं नवीनगर विधायक डब्लू सिंह द्वारा बताया गया कि जिले में मात्र एक स्थान पर पोस्टमार्टम की सुविधा है और केवल एक शव वाहन उपलब्ध है जिससे आम जनता को परेशानी होती है उन्होंने सदर अस्पताल में जल जमाव की समस्या भी उठाई सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि नया पोस्टमार्टम हाउस अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में बनाया जाएगा जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एनटीपीसी से एक शव वाहन लिया जाएगा जिसका संचालन नगर परिषद द्वारा किया जाएगा सदस्य चंद्रभूषण सिंह द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल में एंबुलेंस ड्राइवर के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं होने से एंबुलेंस चालक समय पर नहीं मिल पाते हैं इसलिए एक सुरक्षित स्थान निर्धारित किया जाए बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक बिल आने की शिकायत की गई प्रभारी मंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि संबंधित गांवों में शिविर आयोजित कर समस्याओं का समाधान करें राजस्व विभाग की समीक्षा में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 2.5 लाख दाखिल-खारिज आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 99% मामलों का निष्पादन किया जा चुका है अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत 2235 सर्वे के विरुद्ध 1508 वासगीत पर्चा जारी किया गया है अध्यक्ष महोदय द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बैठक में उपस्थित कार्यान्वयन समिति के सदस्यों एवं विधायक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दियाप्रभारी मंत्री द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे निष्पक्ष एवं पूरी क्षमता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंअंत में जिलाधिकारी द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गईउक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अम्बरीष राहुल उप विकास आयुक्त श्रीमती अनन्या सिंह वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रीमती रुचि सिंह डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद जिला योजना पदाधिकारी श्री अविनाश प्रकाश सभी वरीय उप समाहर्ता सिविल सर्जन सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी के साथ-साथ जिला कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## लोजपा (आर) पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह के समर्थकों ने कई गांवों में जनसंपर्क किया

**मदनपुर प्रखंड के दधपी पंचायत के कई गांवों में जाकर समर्थकों ने बूथ कमिटी स्तर का गठन भी किया गया - प्रमोद कुमार सिंह**

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- जिले के रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर प्रखंड के दधपी पंचायत में लोजपा ( आर ) पार्टी के प्रदेश महासचिव सह समाजसेवी एवं रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रत्यासी रहे प्रमोद कुमार सिंह के समर्थकों ने कई गांवों में जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क करते हुए प्रमोद सिंह के समर्थकों ने बताया कि इस साल आगामी चुनावी दौरा में विधानसभा सह प्रभारी विनय कुमार सिह, प्रखण्ड लोजपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सिंह ने ने बताया कि मदनपुर प्रखण्ड के दधपी पंचायत के ग्राम दधपी, खेसर, कोशडिहरा, रसलपुर, बहलोला एवं दरभंगा गाँव का सघन दौरा किया गया और बुथ कमेटी का गठन किया गया, साथ ही



साथ बुथ कमेटी के साथ भी बैठक किया गया और जनता में प्रमोद सिंह के प्रति उत्साह देखा गया और आने वाला विधानसभा में प्रमोद कुमार सिंह को वोट देने के लिए अपील किया गया, बताते चले की आगे प्रमोद कुमार सिंह के समर्थकों ने कहा कि लोजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में विगत 12 वर्षों से निजी कोष से कई सामाजिक कार्य किए गए हैं जिसमें शिक्षा, कृषि ,सड़क, स्वास्थ्य और हर क्षेत्र में विकास अपने निजी फंड से करते आए हैं और कर रहे हैं इसी का श्रेय अब हम लोग इस बार सभी जनता संकल्प के साथ प्रमोद कुमार सिंह को विधान सभा चुनाव में अपना मत देकर विधायक बनाकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे, और रफीगंज विधानसभा में इसी तरह का विकास देखने को मिलेगा, इस जनसम्पर्क दौरा में विधानसभा सह प्रभारी विनय कुमार सिह, प्रखण्ड लोजपा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शम्भु कुमार सिंह, राहुल सिंह, निखिल सिह, सुनील सिंह, अजीत सिंह, शशि कुमार,पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शम्भु कुमार सिंह, राहुल सिंह निखिल सिह, सुनील सिंह,अजीत सिंह, शशि कुमारऔर बहुत सारे ग्रामीण मौजूद रहे।

## शाहकुंड प्रखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन का किया गया गठन

**साजन कुमार को प्रखंड सचिव की दी गई जिम्मेदारी**

**संवाददाता श्रीकान्त यादव**

भागलपुर। भागलपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार को शाहकुंड प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत नॉकआउट मार्शल आर्ट क्लब परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने किया। बैठक में बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन की कार्यप्रणाली तथा बिहार में बॉक्सिंग खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार यादव का शाहकुंड प्रखंड के खिलाड़ियों ने स्वागत किया। शाहकुंड प्रखंड में खिलाड़ियों के उत्साह को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सचिव अभिषेक यादव की मौजूदगी में संगठन के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने शाहकुंड प्रखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से साजन कुमार को संगठन का प्रखंड सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रखंड





सचिव साजन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार यादव ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में जिला स्तर पर तथा प्रखंड स्तर पर बॉक्सिंग संगठन के कमेटी का गठन किया जा रहा है। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्देश पर बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें आगे लाने का प्रयास कर रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बालक व बालिकाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए बॉक्सिंग खेल के प्रति रुचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए बॉक्सिंग की ट्रेनिंग की तैयारी पर जोर रहेगा। जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से भागलपुर जिला के सभी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। इस दौरान नवनियुक्त प्रखंड सचिव साजन कुमार ने कहा कि बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के निदेर्शानुसार शाहकुंड प्रखंड अंतर्गत गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विशेष तौर पर मौका दिया जाएगा। इसके लिए प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रतिभाओं की खोज के लिए विशेष अभियान चलाते हुए उन्हें आगे लाया जाएगा। मौके पर शेखर कुमार, आलोक कुमार, मिस्टर कुमार, सुभाष कुमार, सागर कुमार, जागृति कुमारी, मुस्कान कुमारी, आयुष कुमार, आकाश कुमार, कुणाल साहनी, दिव्यांशु कुमार, अर्जित कुमार, युवांश देव, अंकुश कुमार, मोनिका कुमारी, अमृता कुमारी, अमर कुमार, दिलबर कुमार एवं पीयूष कुमार सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

## शाहकुंड प्रखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन का किया गया गठन

**साजन कुमार को प्रखंड सचिव की दी गई जिम्मेदारी**



**मुंगेर/भागलपुर।**

भागलपुर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में शुक्रवार को शाहकुंड प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत नॉकआउट मार्शल आर्ट क्लब परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने किया। बैठक में बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन की कार्यप्रणाली तथा बिहार में बॉक्सिंग खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार यादव का शाहकुंड प्रखंड के खिलाड़ियों ने स्वागत किया। शाहकुंड प्रखंड में खिलाड़ियों के उत्साह को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सचिव अभिषेक यादव की मौजूदगी में संगठन के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने शाहकुंड प्रखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से साजन कुमार को संगठन का प्रखंड सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रखंड सचिव साजन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार यादव ने कहा कि बिहार के सभी जिलों में जिला स्तर पर तथा प्रखंड स्तर पर बॉक्सिंग संगठन के कमेटी का गठन किया जा रहा है। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्देश पर बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बॉक्सिंग को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें आगे लाने का प्रयास कर रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के बालक व बालिकाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए बॉक्सिंग खेल के प्रति रुचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए बॉक्सिंग की ट्रेनिंग की तैयारी पर जोर रहेगा। जिला अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से भागलपुर जिला के सभी प्रखंड में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है। इस दौरान नवनियुक्त प्रखंड सचिव साजन कुमार ने कहा कि बिहार स्टेट बॉक्सिंग एसोसिएशन के निदेर्शानुसार शाहकुंड प्रखंड अंतर्गत गांव के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विशेष तौर पर मौका दिया जाएगा। इसके लिए प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रतिभाओं की खोज के लिए विशेष अभियान चलाते हुए उन्हें आगे लाया जाएगा। मौके पर शेखर कुमार, आलोक कुमार, मिस्टर कुमार, सुभाष कुमार, सागर कुमार, जागृति कुमारी, मुस्कान कुमारी, आयुष कुमार, आकाश कुमार, कुणाल साहनी, दिव्यांशु कुमार, अर्जित कुमार, युवांश देव, अंकुश कुमार, मोनिका कुमारी, अमृता कुमारी, अमर कुमार, दिलबर कुमार एवं पीयूष कुमार सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य: योग से वैश्विक संतुलन की ओर



योगेश कुमार गोयल

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है।**



*योग: मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड*

दुनिया भर के 170 से भी ज्यादा देश प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के जवाब में 11 दिसंबर 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्थापना की थी और वैश्विक स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। इस वर्ष पूरी दुनिया 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। इस वर्ष भारत में 'योग संगम 2025' के तहत आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भव्य आयोजन हो रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और हजारों संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अनुमान है कि इस आयोजन में 5 लाख से अधिक लोग एक साथ योगाभ्यास करेंगे, जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड होगा।

प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का उद्देश्य योग को एक ऐसे आंदोलन के रूप में बढ़ावा देना है, जो व्यक्ति की तन्यकता को उन्नत करता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए कल्याण को बढ़ावा देता है। वैसे तो योग को विश्व स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के चलते वर्ष 2015 में अपनाया गया था किंतु भारत में योग का इतिहास सदियों पुराना है। माना जाता रहा है कि पृथ्वी पर सभ्यता की शुरूआत से ही योग किया जा रहा है लेकिन साक्ष्यों की बात करें तो योग करीब पांच हजार वर्ष पुरानी भारतीय परंपरा है। करीब 2700 ईसा पूर्व वैदिक काल में और उसके बाद पतंजलि काल तक योग की मौजूदगी के ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं। महर्षि पतंजलि ने अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा मन की वृत्तियों पर नियंत्रण करने को ही योग बताया था।

हिंदू धर्म शास्त्रों में भी योग का व्यापक उल्लेख मिलता है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जीवात्मा तथा परमात्मा का पूर्णतया मिलन ही अद्वेतानुभूति योग कहलाता है। इसी प्रकार भगवद्गीता बोध में वर्णित है कि दु:ख-सुख, पाप-पुण्य, शत्रु-मित्र, शीत-उष्ण आदि द्वंदों से अतीतय मुक्त होकर सर्वत्र समभाव से व्यवहार करना ही योग है। भारत में योग को निरोगी रहने की करीब पांच हजार वर्ष पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो भारतीयों की जीवनचर्या का अहम हिस्सा है। सही मायनों में योग भारत के पास प्रकृति प्रदत्त ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसका भारत सदियों से शारीरिक और मानसिक लाभ उठाता रहा है, लेकिन कालांतर में इस दुर्लभ धरोहर की अनदेखी का ही नतीजा है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों के मकड़जाल में जकड़ते गए। वैसे तो स्वामी विवेकानंद ने भी अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में सम्पूर्ण विश्व को योग का संदेश दिया था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा योग विद्या को घर-घर तक पहुंचाने के बाद ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार संभव हो सका और आमजन योग की ओर आकर्षित होते गए। देखते ही देखते कई देशों में लोगों ने इसे अपनाना शुरू किया। साल 2023 में ही लगभग 190 देशों में योग दिवस के तहत 25 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। योग न केवल कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मददगार साबित होता है बल्कि मानसिक तनाव को खत्म कर आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। दरअसल यह एक ऐसी साधना, ऐसी दवा है, जो बिना किसी लागत के शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का इलाज करने में सक्षम है। यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाकर दिनभर शरीर को ऊर्जावान बनाए रखता है। यही कारण है कि अब युवा एरोबिक्स व जिम छोड़कर योग अपनाने लगे हैं। माना गया है कि योग तथा प्राणायाम से जीवनभर दवाओं से भी ठीक न होने मधुमेह रोग का भी इलाज संभव है। यह वजन घटाने में भी सहायक माना गया है। योग की इन्हीं महत्ताओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा से आह्वान किया था कि दुनियाभर में प्रतिवर्ष योग दिवस मनाया जाए ताकि प्रकृति प्रदत्त भारत की इस अमूल्य पद्धति का लाभ पूरी दुनिया उठा सके। यह भारत के बेहद गर्व भरी उपलब्धि रही कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव के महज तीन माह के भीतर 177 देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगा दी, जिसके उपरांत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसम्बर 2014 को घोषणा कर दी गई कि प्रतिवर्ष 21 जून का दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून का ही दिन निर्धारित किए जाने की भी खास वजह रही। दरअसल यह दिन उत्तरी गोलार्ध का पूरे कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। इस दिन की तिथि को ग्रीष्म संक्रांति के साथ मेल खाने के लिए बनाया गया था, जो उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और प्रकाश और स्वास्थ्य का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति के नजरिये से देखें तो ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन हो जाता है तथा यह समय आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने में लाभकारी माना गया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग के महत्व को स्वीकारने लगा है। इसलिए स्वस्थ जीवन जीने के लिए जरूरी है कि योग को अपनी दिनचर्या का अटूट हिस्सा बनाया जाए। योग केवल एक व्यायाम नहीं है बल्कि यह शरीर और मन के साथ-साथ स्वयं को सशक्त बनाने का एक बेहतरीन तरीका है। यह भारत की उस धरोहर का पुनर्जागरण है, जिसे आज पूरा विश्व अपनाकर अपने तन, मन और आत्मा को संतुलन में ला रहा है। (लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### खामेनेई की खरी-खरी

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप को जो खरी-खरी सुनाई है, ट्रंप उसी के हकदार थे। एक तो ट्रंप इस्राइल और ईरान के संघर्ष में जबरदस्ती अपनी नाक घुसा रहे हैं दूसरे वह इस्राइल के पक्ष में ऊटपटांग बयान देकर ईरान को धमका और चिढ़ा रहे हैं। किसी भी संप्रभु राष्ट्र का नेता ऐसे हालात में वही करेगा जो खामेनेई ने किया है। उन्होंने आत्मसमर्पण करने की ट्रंप की नसीहत को खारिज कर दिया और उल्टे चेतावनी दे ड़ाली कि संघर्ष में अमेरिका की किसी भी कूद-फांद से उसे ही अपूरणीय क्षति होगी। हालांकि इस्राइल अमेरिका की मदद के बल पर ही सीनाजोर बना हुआ है। ट्रंप ने एक ही दिन पहले ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा था। इससे भी बढ़कर उन्होंने कहा था कि खामेनेई को मारने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। ये सब कौन बर्दाश्त करता। तकनीकी रूप से ईरान कितना ही कमजोर हो, लेकिन इस्राइल की बेजा हरकतों का मुकाबला तो वह कर ही रहा है। इसी कारण से नेतन्याहू बिलबिला रहे हैं और चाहते हैं कि अमेरिका इस युद्ध में कूद जाए। ट्रंप हैं कि रोज बयान बदलकर ही ईरान को झुका लेना चाहते हैं। ईरान को धमकाने के लिए अमेरिका ने इस क्षेत्र में कुछ और युद्धक विमान भेजे हैं। खामेनेई ने ट्रंप के धमकी भरे और बेतुके बयानों को खारिज करते हुए कहा इस तरह की धमकियां समझदारी नहीं है। सीधे अमेरिकियों को संदेश देते हुए



खामेनेई ने चेताया कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से क्षेत्र में पूर्ण युद्ध छिड़.जाएगा और उसे ही अपूरणीय क्षति होगी। लगता है इस मामले में अलग थलग पड़े.ईरान के पक्ष में अरब देशों में एकजुटता की सुगबुगाहट होने लगी है। इसी कड़ी में इराक ने क्षेत्रीय चुनौतियों से निपटने के लिए इस्तांबुल में होने वाले इस्लामिक सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान अरब देशों के विदेश मंत्रियों की आपातकालीन बैठक बुलाने का आह्वान किया है। प्रस्तावित बैठक का उद्देश्य तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर अरब देशों की स्थिति में समन्वय करना और साझा जिम्मेदारी की भावना के साथ मौजूदा चुनौतियों से निपटना है। हालांकि अमेरिका की चालबाजियों को देखते हुए अरब और इस्लामिक देशों की एकजुटता बहुत दूर की कौड़ी है। युद्ध के छठे दिन ईरान और इस्राइल के बीच महत्त्वपूर्ण संस्थानों पर हमले का सिलसिला जारी है।

### सूक्ति

हम प्रयास के लिए उत्तरदायी हैं, न कि परिणाम के लिए।
- गीता

बुद्धि से विचारकर किए गए कर्म ही सफल होते हैं।
- महाभारत

### चिंतन-मनन

## खुद में करो भगवान के दर्शन

*यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव।*
*येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि।।*

अथार्त: हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे।

आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

# इजराईल - ईरान युद्ध में भारत निभा सकता है अहम भूमिका



प्रहलाद सबनानी

रूस - यूक्रेन एवं इजराईल - हम्मास के बीच युद्ध अभी समाप्त भी नहीं हुआ है और तीसरे मोर्चे इजराईल - ईरान के बीच भी युद्ध प्रारम्भ हो गया है। हालांकि इस बीच भारत - पाकिस्तान के बीच भी युद्ध छिड़ गया था परंतु भारत की बड़े भाई की भूमिका के चलते इस युद्ध को शीघ्रता से समाप्त करने में सफलता मिल गई थी। दो देशों के बीच युद्ध में किसी एक देश का फायदा नहीं होकर बल्कि दोनों ही देशों का नुक्सान ही होता है। परंतु, आवेश में आकर कई बार दो बड़े देश भी आपस में टकरा जाते हैं एवं इन दोनों देशों के पक्ष एवं विपक्ष में कुछ देश खड़े हो जाते हैं जिससे कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं कि विश्व युद्ध छिड़ जाते हैं। वर्ष 1914 से वर्ष 1918 के बीच प्रथम विश्व युद्ध एवं वर्ष 1939 से वर्ष 1945 के बीच द्वितीय विश्व युद्ध इसके उदाहरण हैं। इजराईल - ईरान के बीच हाल ही में प्रारम्भ हुए युद्ध में अमेरिका भी कूदने की तैयारी करता हुआ दिखाई दे रहा है। अगर ऐसा होता है तो बहुत सम्भव है कि ईरान की सहायता के लिए रूस एवं चीन भी इस युद्ध में कूद पड़ें एवं यह युद्ध तृतीय विश्व युद्ध का स्वरूप ले ले। ऐसा कहा जा रहा है कि इजराईल एवं अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन करवाना चाह रहे हैं ताकि ईरान में उनके हितों को साधने वाली सरकार स्थापित हो सके।

वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां बहुत सहज रूप से नहीं चल रही है। विभिन्न देशों के बीच विश्वास की कमी हो गई है जिसके चलते छोटे छोटे मुद्दों को तूल दी जाकर आपस में खटास पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। कुछ देश, दो देशों के बीच, इन मुद्दों को हवा देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। जैसे आतंकवाद के मुद्दे को ही लें, यदि ये देश आतंकवाद से स्वयं ग्रसित हैं तो इनके लिए आतंकवाद बुराई की जड़ है और यदि कोई अन्य देश आतंकवाद को लम्बे समय से झेल रहा है तो इन देशों के लिए आतंकवाद कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। बल्कि, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को प्रोत्साहन दिया जाता हुआ दिखाई दे रहा है। चौधरी बन रहे कुछ देश अपनी विस्तरवादी नीतियों के चलते कई देशों में अपने हित साधने वाली सरकारों की स्थापना करना चाह रहे हैं एवं इन देशों में इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित करने के प्रयास कर रहे हैं ताकि ये देश आपस में लड़ाई प्रारम्भ करें। रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है। साथ ही, कुछ देशों की कथनी और करनी में पाए जाने वाले फर्क के चलते भी वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां बिगड़ रही हैं। चौधरी बन रहे देशों को तो उदाहरण पेश करते हुए अपनी कथनी एवं करनी में फर्क को समाप्त करना ही होगा। अन्यथा, वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां भयावह स्तर तक पहुंच सकती हैं।

चूंकि इजराईल भी आतंकवाद से पीड़ित देश है एवं इजराईल की सीमाएं चार मुस्लिम राष्ट्रों से जुड़ी हुई हैं; यथा, उत्तर में लेबनान, दक्षिण पश्चिम में ईजिप्ट (एवं गाजा), पूर्व में जॉर्डन (एवं वेस्ट बैंक) एवं उत्तर पूर्व में सीरिया। अत: इजराईल अत्यधिक आक्रात्मकता के साथ आतंकवादियों (हम्मास एवं हूथी आदि संगठनों) से युद्ध करता रहता है। इस्लाम के अनुयायी यहूदियों के कट्टर दुश्मन हैं, इसके चलते भी इजराईल के नागरिकों को आतंकवाद को लम्बे समय से झेलना पड़ रहा है।

ईरान के बारे में तो कहा जा रहा है कि ईरान स्थित लगभग 60 प्रतिशत मस्जिदों में इबादत के लिए कोई भी व्यक्ति पहुंच ही नहीं रहा है क्योंकि ईरान में एवं ईरान द्वारा पड़ौसी देशों में फैलाए गए आतंकवाद से ईरान के मूल नागरिक अत्यधिक परेशान हैं। महिलाओं पर आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से स्थानीय नागरिक बहुत दुखी हैं। अत: अब वे अपने पुराने धर्म जोरोस्ट्रीयन को अपनाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं अथवा इस्लाम धर्म का परित्याग करना चाह रहे हैं। जोरोस्ट्रीयन, ईरान का मूल धर्म हैं एवं यह अब ईरान के कुछ (बहुत कम) क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। भारत में भी जोरोस्ट्रीयन धर्म को मानने वाले पारसी समुदाय के कुछ नागरिक शांतिपूर्वक रह रहे हैं एवं भारत के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर निर्मित हो रही उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत की विशेष भूमिका रह सकती है क्योंकि भारत के इजराईल एवं ईरान दोनों ही देशों के साथ आर्थिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं। भारत, ईरान से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता रहा है एवं भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भारी आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की है। चाबहार बंदरगाह का संचालन भी ईरान की सरकार के साथ भारतीय इंजीनियरों द्वारा ही किया जा रहा है। भारत और ईरान के बीच प्रतिवर्ष 200 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है। दूसरी ओर, इजराईल भारत का रणनीतिक साझीदार है। भारत इजराईल से भारी मात्रा में सुरक्षा उपकरण भी खरीदता है। भारत और इजराईल के बीच प्रतिवर्ष 650 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है, इसमें भारत द्वारा इजराईल से आयात किये जाने वाले सुरक्षा उपकरणों की राशि शामिल नहीं है। कुल मिलाकर, भारत के इजराईल एवं ईरान, दोनों देशों के साथ बहुत पुराने व्यापारिक एवं सांस्कृतिक रिश्ते हैं।



भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्ल; ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्ल एवं ह्लसर्वे भवंतु सुखिन:ह्ल की भावना पर विश्वास किया जाता है। अत: भारतीय नागरिक सामान्यत: शांत स्वभाव के होते है एवं पूरे विश्व में ही भ्रातत्व के भाव का संचार करते हैं। आज 4 करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। इन देशों में होने वाले अपराधों में भारतीय मूल के नागरिकों की संलिप्तता लगभग नहीं के बराबर पाई गई है। इसी कारण के चलते आज वियतनाम, जापान, इजराईल, आस्ट्रेलिया एवं सिंगापुर जैसे कई देश भारतीय मूल के नागरिकों को अपने देश में कार्य करने एवं बसाने में सहायता करते हुए दिखाई दे रहे हैं। खाड़ी के देश यथा ओमान, बहरीन, सऊदी अरब, यूनाइटेड अरब अमीरात आदि में भी लाखों की संख्या में भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं शांतिप्रिय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कुल मिलाकर, विभिन्न देशों में निवासरत भारतीय मूल के नागरिकों का रिकार्ड बहुत ही संतोषजनक पाया जाता है, क्योंकि, भारतीयों की मूल प्रकृति ही सनातन हिंदू संस्कारों के अनुरूप पाई जाती है एवं वे किसी भी प्रकार के कर्म में धर्म को जोड़कर ही इसे सम्पन्न करने का प्रयास करते हैं। और, धर्म के अनुरूप किये गए किसी भी कार्य से किसी का अहित हो ही नहीं सकता।

उक्त वर्णित परिप्रेक्ष्य में वैश्विक स्तर पर जब चौधरी बन रहे देशों द्वारा अन्य देशों के साथ न्याय नहीं किया जाता हुआ दिखाई दे रहा है तो ऐसे में भारत को आगे आकर युद्ध में झौंके जा रहे देशों के नागरिकों की मदद करनी चाहिए। भारत की तो वैसे भी नीति ही ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्ल की है। यदि पूरे विश्व में भाईचारा फैलाना है तो सनातन हिंदू संस्कृति के अनुपालन से ही यह सब सम्भव हो सकता है। उक्त परिस्थितियों के बीच सनातन हिंदू संस्कृति की स्वीकार्यता विभिन्न देशों के नागरिकों की बीच तेजी से बढ़ भी रही है क्योंकि कई देश अब आतंकवाद से बहुत अधिक परेशान हो चुके हैं। अत: अब वे किसी तीसरे रास्ते की तलाश में हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच उनके पास अब विकल्प केवल सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को अपनाने का ही बचता है, जिसके प्रति वे लालायित भी हैं। और फिर, आतंकवाद से यदि छुटकारा पाना है तो इससे लड़ते हुए छुटकारा पाने में तो कुछ देशों को कई प्रकार के बलिदान देने पड़ सकते हैं और यदि सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो कई देशों के नागरिकों को इस बलिदान से बचाया जा सकता है। अत: विश्व के देशों में सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को तेजी से वहां के स्थानीय नागरिकों के बीच किस प्रकार फैलाया जा सकता है, इस विषय पर विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से अब गहन चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है।

# मुद्दा : एमएसएमई की बढ़ती चुनौतियां



डॉ. जयंतीलाल भंड़ारी

इन दिनों भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में एमएसएमई की चुनौतियों के बीच मौके भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार एमएसएमई की चुनौतियों को दूर करने की डगर पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार एमएसएमई से निर्यात बढ़ाने के लिए एक नई स्कीम लाने पर विचार कर रही है। खासतौर से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई की अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश निर्यातक इकाइयां अमेरिकी खरीदारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नये सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों के मद्देनजर एमएसएमई के बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी माना जा रहा हैं। हाल ही में प्रकाशित सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। एमएसएमई की क्रेडिट मांग व पूर्ति में 30 लाख करोड़ रुपये का अंतर है। मांग के मुताबिक लोन मिलने पर एमएसएमई के तहत 5 करोड नये रोजगार के अवसर निर्मित होंगे। नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे उद्योगों को जरूरत के मुताबिक क्रेडिट, तकनीकी कौशल तथा विकास एवं अनुसंधान के क्षेत्र में मदद मिल जाए तो एमएसएमई रोजगार और आर्थिक विकास का बड़ा साधन बन सकते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नये व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। गौरतलब है कि एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर इस साल मार्च तक पंजीकृत 6.2 करोड़ एमएसएमई 25.95 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसद है। एमएसएमई से वर्ष 2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसद उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं। ऐसे में भारत ने हाल ही इंग्लैंड के साथ खे ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) किया है और अमेरिका के अलावा अन्य कई प्रमुख देशों के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के पूर्ण होने पर एमएसएमई की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। अतएव नये अवसरों का लाभ उठाने के लिए एमएसएमई को प्रोत्साहन देकर मजबूत बनाना जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं, लेकिन ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुट्ठी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हरसंभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। नये सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लाना होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बड़ी संख्या में युवा पीढ़ी के लोग अब नौकरी की बजाय खुद का उद्योग-व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं। ऐसे में एमएसएमएई उनके लिए महत्त्वपूर्ण विकल्प है। जरूरी है कि देश के कोने-कोने में, प्रदेशों और जिला स्तर पर एमएसएमई कानक्लेव आयोजित किए जाएं और ऐसे मंच पर एमएसएमई से जुड़े कारोबारी, उद्योग विशेषज्ञ और नीति बनाने वाले लोग एकत्रित होकर एमएसएमई के नये दौर के लिए नई पीढ़ी का जन जागरण करें। नई पीढ़ी को एमएसएमई के उत्पादों और



सेवाओं से परिचित कराएं। नये ग्राहकों से मिलाएं और एमएसएमई को आगे बढ़ाने के नये तरीके सिखाएं। उम्मीद करें कि एमएसएमई की बहुआयामी उपयोगिता के मद्देनजर सरकार एमएसएमई के समक्ष दिखाई देने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए तत्परता के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि देश में एमएसएमई से संबद्ध उद्यमी और निर्यातक अधिकतम प्रयासों से कम लागत पर अधिकतम उत्पादन करते हुए देश के छोटे उद्योग-कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाएंगे। वर्ष 2028 तक देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित देश बनाने में एमएसएमई की भूमिका अहम होगी।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा विजय प्रेस, नया टोला पटना से मुद्रित तथा 302, मां तारा कंपलेक्स, नारायण मूर्ति पथ, नागेश्वर कॉलोनी, बोरिंग रोड पटना से प्रकाशित! संपादक सरोज चौधरी, R.N.I. No:- BIHHIN/ 2016/72168

## संक्षिप्त समाचार

### देवकुंड थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

**पीड़िता पक्ष ससुराल के परिजनों पर लगाया आरोप।**



**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

गोह (औरंगाबाद)। देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव में शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। यह आरोप मृतका के परिजनों ने लगाया है। मृतका की पहचान नौरंगा निवासी सोनू कुमार की 21 वर्षीय पत्नी सुमन कुमारी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि गया जिले के बेलागंज थाना निवासी अजय नट ने अपनी बेटी का विवाह इसी वर्ष नौरंगा निवासी विनोद नट के पुत्र सोनू कुमार से किया था। शादी के बाद से लगातार दहेज को लेकर ससुराल पक्ष के लोग बेटी को प्रताड़ित करते थे। शुक्रवार की सुबह पड़ोसी लोगों से सूचना मिली कि बेटी की हत्या हो चुकी है। जब बेटी के ससुराल पहुंचा तो देखा कि पलंग पर शव पड़ा हुआ है। मृतका के पति को छोड़कर बाकी सभी परिवार फरार था। सूचना पर पहुंचे अपर थानाध्यक्ष मायाशंकर सिंह ने शव को कब्जे में लिया। तत्पश्चात एफएसएल की टीम पहुंचकर घटना की छानबीन किया। वहीं देवकुंड पुलिस ने मौके से मृतका के पति को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर ग्रामीण प्रीमियर लीग का हुआ ऐलान



**गया से अमरेंद्र कुमार दिव्य दिनकर के लिए**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) के संरक्षण में और गया जिला क्रिकेट संघ (GDCA) के सहयोग से ग्रामीण प्रीमियर लीगह्व का आयोजन होने जा रहा है। यह टूनामेंट बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी क्रिकेट प्रतिभाओं को सामने लाने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस आयोजन की रूपरेखा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। वहीं गया जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री पलुस्कर सिंह की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। यह टूनामेंट पूर्णतः BCA के आधिकारिक नियमों के अनुसार संचालित होगा। इसमें गया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों,ग्रामपंचायतों व छोटे कस्बों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। 14 वर्ष या उससे अधिक उम्र के खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय कैंप और अन्य उच्च स्तरीय अवसर प्रदान किए जाएंगे। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बीसीए चयनकताओं के समक्ष खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। राकेश कुमार तिवारी,अध्यक्ष बिहार क्रिकेट एसोसिएशन,बिहार के गाँवों में अपार प्रतिभा छिपी है। ग्रामीण प्रीमियर लीग के माध्यम से हम उस हर खिलाड़ी को मंच देना चाहते हैं जिसे अब तक अवसर नहीं मिला। मेरा सपना है कि बिहार के हर गांव से खिलाड़ी निकलें और भारत का प्रतिनिधित्व करें। अब क्रिकेट केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेगा। पुलस्कर सिंह, अध्यक्ष गया जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि हम बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी जी की सोच से प्रेरित हैं। हमारा लक्ष्य है कि गया जिले के हर गाँव से कम से कम एक खिलाड़ी को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जाए।

### नई तकनीक, हरित ऊर्जा और भूकंपरोधी डिजाइन से सुसज्जित पटना का नया समाहरणालय भवन



**पटना:**

राजधानी पटना का नया समाहरणालय भवन जिला प्रशासन का नया ठिकाना है। यह भवन आधुनिक वास्तुशिल्प का नायाब उदाहरण है। भूकम्परोधी तकनीक से तैयार इस भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 दिसंबर 2024 को किया था। इसे इस प्रकार तैयार किया गया है किसी आपदा के दौरान भी यहां कामकाज प्रभावित न हो। इसमें 40 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी शुद्ध करने वाली प्रणाली और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इससे यह भवन पर्यावरण अनुकूल साबित होता है। इसमें आम आदमी विशेषकर दिव्यांगजनों के लिए खास सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। रैम्प और बेसमेंट से ही लिफ्ट की व्यवस्था है, जिससे आने-जाने में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में सभी सुविधाओं जैसे डाटा नेटवर्क, सीसीटीवी, आंतरिक साजो सज्जा की व्यवस्था की गई है। ये सभी विशेषताएं ही इस भवन को सबसे खास और अलग बनाता है। समाहरणालय में पार्किंग की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। परिसर में 204 गाड़ियों के लिए खुली पार्किंग और 240 गाड़ियों के लिए बेसमेंट पार्किंग बनाई गई है। भवन बनाते समय पर्यावरण का पूरा ध्यान रखा गया है। पुराने वृक्षों को काटा नहीं गया, बल्कि संरक्षित किया गया है। इसके अलावा परिसर को सुंदर और दर्शनीय बनाने के लिए पुराने समाहरणालय भवन के पुराने स्तंभों को सहेजकर परिसर के एक ओर आकर्षक ढ़ंग से संरक्षित किया गया है।

# वंदे भारत ट्रेन से बाबा हरिहरनाथ की धरती बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार को एक और नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है। उन्होंने सीवान से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन का शुभारंभ किया। पाटलिपुत्र और उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के बीच चलने वाली इस नई वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 26502/26501) से पूर्वी भारत के विकास को नया आयाम मिलने वाला है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज बिहार में रोड, रेल, हवाई यात्रा और जलमार्ग, हर प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व निवेश हो रहा है। बिहार को लगातार नई ट्रेनें मिल रही हैं। यहां वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं। आज हम एक और बड़ी शुरूआत करने जा रहे हैं। सावन शुरू होने से पहले आज बाबा हरिहरनाथ की धरती, वंदे भारत ट्रेन से बाबा गोरखनाथ की धरती से जुड़ गई है। पटना से गोरखपुर की नई वंदे भारत ट्रेन, पूर्वांचल के शिव भक्तों को मिली नई सवारी है। ये ट्रेन भगवान बुद्ध की तपोभूमि को, उनकी महापरिनिर्वाण भूमि कुशीनगर से जोड़ने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बिहार में उद्योग-धंधों को तो बल मिलेगा ही, इससे पर्यटन को सबसे अधिक फायदा होगा। इससे दुनिया के टूरिज्म मैप में भी बिहार और अधिक निखर कर सामने आएगा। यानी बिहार के नौजवानों के लिए रोजगार के अनगिनत अवसर बनने वाले हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले प्रथम लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। ये बहुत बड़े गर्व की बात है, मुझे पक्का विश्वास है बिहार मेड इन इंडिया का एक बड़ा सेंटर बनेगा। यहां का मखाना, यहां के फल-सब्जियां तो बाहर जाएंगी ही, बिहार के कारखानों में बनने वाला सामान भी दुनिया के बाजारों तक पहुंचेगा। बिहार के नौजवान जो सामान बनाएंगे, वो आत्मनिर्भर भारत को ताकत देगा। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल और अमृत भारत एक्सप्रेस आधुनिक रेलवे व्यवस्था की त्रिवेणी के रूप में स्थापित हो चुकी हैं। पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है और देश के लोगों खासकर युवाओं के बीच इस ट्रेन को लेकर जबरदस्त क्रेज है। जहां कहीं भी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन हो रहा है, वहां इसे अपार लोकप्रियता हासिल हो रही है। हाल ही में भारतीय रेल ने दो जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से श्रीनगर के बीच शुरू किया है। यह ट्रेन लगातार फुल जा रही है। अगले एक महीने तक टिकट बुकिंग फुल है। इससे समझा जा सकता है कि पूरे देश में वंदे भारत ट्रेन की लोकप्रियता कितनी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि इस श्रृंखला में वंदे भारत एक्सप्रेस का लगातार विस्तार हो रहा है। पाटलिपुत्र से गोरखपुर के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित की जा रही है। यह ट्रेन पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच जिन जगहों से होकर गुजरेगी उनमें हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा और उत्तर प्रदेश के कप्तानगंज और पनियहवा शामिल हैं। यह पूरा क्षेत्र महात्मा गांधी की कर्मभूमि रहा है। बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की भी कर्मभूमि यह क्षेत्र रहा है। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मस्थल इसी क्षेत्र के नजदीक वैशाली में रहा है। यह ट्रेन कई ऐतिहासिक और प्रसिद्ध स्थलों को जोड़ेगी। इसके अलावा



वाल्मीकिनगर पर्यटन स्थल को भी नरकटिया और बगहा के जरिए जोड़ेगी। बिहार में और पूर्वी उत्तर प्रदेश में पर्यटन के विस्तार कि दिशा में इस ट्रेन की एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पर्यटकों को भी यह ट्रेन पसंद आएगी और इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए भी यह बेहतरीन सेवा साबित होगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन (शनिवार को छोड़कर) संचालित होगी। गोरखपुर से यह ट्रेन सुबह 5:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी। जबकि वापसी में पाटलिपुत्र से दोपहर 3:30 बजे चलेगी और रात 10:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यपूर्वी भारत के विकासह्व की प्रतिबद्धता का एक मजबूत उदाहरण है, जो उपेक्षित क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। इस ट्रेन को जोड़कर बिहार में अब 13 और उत्तर प्रदेश में 15 वंदे भारत ट्रेनें रेल कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही हैं। वर्तमान में देश भर में 71 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं।

#### यात्रियों की जिंदगी में बदलाव

वंदे भारत एक्सप्रेस ने भारतीय रेल यात्रियों के लिए एक नया युग शुरू किया है। यह ट्रेन न केवल तेज है, बल्कि इसमें आधुनिक सुविधाएं भी हैं जो यात्रा को सुखद और सुरक्षित बनाती हैं। वंदे भारत की सेमी-हाईस्पीड क्षमता यात्रा समय को काफी कम कर देती है। जैसे गोरखपुर से पाटलिपुत्र की दूरी अब 7 घंटे में तय हो रही है, जिसके सफर में पहले 10 से 12 घंटे लगते थे। यह समय की बचत यात्रियों को अपने परिवार, काम और अन्य गतिविधियों के लिए अधिक समय देती है। इस ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, बायो टॉयलेट्स, जीपीएस सूचना प्रणाली, ऑनबोर्ड कैटरिंग, वाई-फाई और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को एक प्रीमियम और आरामदायक अनुभव प्रदान करती हैं, जो पहले साधारण ट्रेनों में संभव नहीं था। वंदे भारत ट्रेनें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं।

#### आर्थिक और सामाजिक विकास को नई रफ्तार

वंदे भारत ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाकर आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान दे रही है। इससे व्यापार, पर्यटन, रोजगार के अवसर और शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच संभव हुई है। वंदे भारत पूरी तरह से ह्यमेक इन इंडियाह्व पहल के तहत निर्मित है। यह भारतीय इंजीनियरिंग की क्षमता को दशार्ती है और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गई है। यह ट्रेन महानगरों के साथ-साथ छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को भी जोड़ रही हैं, जिससे समग्र विकास को बढ़ावा मिल रहा है। उत्तर बिहार और पूर्वांचल जैसे विकासशील क्षेत्रों को वंदे भारत जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान करना ह्यसबका साथ, सबका विकासह्व के मंत्र को साकार करता है।

## आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने तथा जिले में मत प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य संबंधित बैठक किया गया

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**

औरंगाबाद :- बिहार में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के संदर्भ में स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने तथा जिले में मत प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नोडल पदाधिकारी स्वीप -सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती रत्ना प्रियदर्शनी के अध्यक्षता में जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से सक्रिय प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती रत्ना प्रियदर्शनी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता गतिविधियों को सशक्त रूप देने का निर्देश प्राप्त हुआ है, ताकि आम मतदाताओं विशेषकर प्रथम बार के युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति अभिरुचि एवं सक्रियता बढ़ाई जा सके। बैठक के दौरान सोशल मीडिया की पहुंच और प्रभाव को ध्यान में रखते हुए विशेष रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। श्रीमती रत्ना प्रियदर्शिनी ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया एक अत्यंत प्रभावी मंच है, जिसके माध्यम से चुनावी जागरूकता




संबंधी संदेशों को व्यापक जनसाधारण तक सशक्त रूप में पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने इनफ्लुएंसरों से अपील की कि वे चुनाव से पूर्व मतदान से जुड़े प्रेरणादायक संदेशों, रील्स, पोस्ट, ग्राफिक्स एवं हैशटैग अभियान के माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी आवश्यक है। मतदाताओं में यह भावना जागृत होनी चाहिए कि उनका एक-एक वोट लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करता है। बैठक में उपस्थित इनफ्लुएंसरों ने भी चुनाव जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की सहमति दी और मतदाता जागरूकता को रचनात्मक तथा सकारात्मक ढंग से प्रस्तुत करने की बात कही। बैठक में जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी दिनों में प्रस्तावित गतिविधियों की रूपरेखा भी साझा की गई। इस अवसर पर विभिन्न डिजिटल माध्यमों से उपयोग की जा सकने वाली प्रचार सामग्री, विजुअल पोस्ट्स, जागरूकता रील्स की योजना तथा उसके संभावित असर पर भी चर्चा की गई। साथ ही, यह भी तय किया गया कि सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों को नियमित रूप से जिला स्तर पर प्रामाणिक सूचना एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे सटीक एवं तथ्यपरक जानकारी को अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रसारित कर सकें। इसके अतिरिक्त, नोडल पदाधिकारी स्वीप द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि जिले में स्कूलों और कॉलेजों में विशेष अभियान चलाकर 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त करने वाले पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु व्यापक स्तर पर कैम्पेन चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कॉलेज प्रशासन, प्राचार्य एवं शिक्षकों के सहयोग से छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा, एवं पात्र विद्यार्थियों के लिए ऑन-स्पॉट फॉर्म भरवाकर नाम जोड़ने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए संबंधित शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर अभियान, ऑनलाइन लिंक साझा करना एवं ई-ईपिक डाउनलोड प्रक्रिया को भी सरलता से समझाया जाएगा। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई तथा सभी प्रतिभागियों ने आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सजग, सतत एवं समर्पित प्रयास करने का संकल्प लिया। उक्त बैठक में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज प्रमुख सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सुश्री दीपशिखा, सनीश कुमार, अंकित सिन्हा, मयंक पाठक, आदित्य राज, रोशन राज एवं शुभम राज मौजूद रहे।

## फेयर प्राइज डीलर एसोसिएशन कोर कमेटी की जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया

**छह माह से डीलरों को नहीं मिला है मार्जिन मनी,अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे सभी डीलर जिलाध्यक्ष - संतोष कुमार सिंह**

**रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह**



औरंगाबाद :- जिले के फेयर प्राइज डीलर एसोसिएशन कोर कमेटी की जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया, छह माह से डीलरों को नहीं मिला है मार्जिन मनी,अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे सभी डीलर जिलाध्यक्ष - संतोष कुमार सिंह। बताते चलें कि जिले के एक निजी होटल में फेयर प्राइज डीलर एसोसिएशन कोर कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं संचालन चंदन कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से जनवितरण विक्रेता को पिछले छह माह जनवरी से जून 2025 तक का मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने पर चर्चा की गई। मार्जिन मनी का भुगतान नहीं होने के कारण जन वितरण विक्रेता भूखे मरने के कगार पर हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा की सरकार के इस रवैया से बिहार के सभी डीलर नाराज हैं। एक तो बिहार में अन्य राज्यों की अपेक्षा कमिशन कम मिलता है। जो मिलता है वह भी समय से नहीं मिलता है। गोदाम से सही वजन नहीं मिलता है फिर भी विक्रेता से पूरा वजन का हिसाब लिया जाता है जो कही से जायज नहीं है। गोदाम से डीलरों को नहीं मिलता है सही वजन आगे इन्होंने बताया की अगर मार्जिन मानी का भुगतान नहीं हुआ तो डीलर आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होंगी। डीलर ने एकजुटता दिखाते हुए नारेबाजी की। कहा कि सरकार से अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे। जिला उपाध्यक्ष कमरु जमा, सुरेंद्र सिंह, सत्येंद्र शर्मा, कामाख्या नारायण सिंह, बृजेश सिंह, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, रवि दुबे, बालमुकुंद सिंह, प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

# दिल्ली पैरा ओलंपिक समिति ने 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भव्य शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों का किया स्वागत

**दिल्ली में 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभारंभ समारोह में शामिल हुईं रेखा गुप्ता और कंगना रनौत**

**दिल्ली के लिए गौरव का क्षण- हमारे पैरा-एथलीट्स की ताकत, प्रतिभा और जज्बे का उत्सव आशीष सूद**

**नई दिल्ली,** । 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आयोजन में अब ठीक 100 दिन शेष हैं। इस मौके को चिह्नित करते हुए आज दिल्ली में एक भव्य शुभारंभ समारोह और आधिकारिक शुभंकर (मास्कॉट) का अनावरण किया गया। यह आयोजन इस वैश्विक चैंपियनशिप के 12वें संस्करण की शुरूआत का प्रतीक है, जो 27 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। दिल्ली पैरा ओलंपिक समिति की अध्यक्ष श्रीमती पारुल सिंह ने इस अवसर पर आए सभी वरिष्ठ अतिथियों और हितधारकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह आयोजन भारत की तैयारियों को दशार्ने के लिए आयोजित किया गया था, जिसे अब तक का देश में आयोजित सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन बताया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख हस्तियों में दिल्ली की मुख्यमंत्री सश्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री श्री आशीष सूद, सांसद एवं चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेस्डर सुश्री कंगना रनौत, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वनाठी श्रीनिवासन, इंडियन ऑयल की निदेशक सुश्री रश्मि गोविंद, तथा राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक समिति के संरक्षक कई विधायक शामिल रहे। इस आयोजन में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, पैरा-एथलीट्स और खेल एवं दिव्यांग समावेशन क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। समारोह की सबसे बड़ी खासियत रही चैंपियनशिप के आधिकारिक शुभंकर का अनावरण, जो साहस, एकता और पैरा एथलीट्स की अदम्य भावना का




प्रतीक है। मीडिया से बातचीत में दिल्ली पैरा ओलंपिक समिति की अध्यक्ष श्रीमती पारुल सिंह ने कहा, यह चैंपियनशिप दिल्ली और पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे पैरा एथलीट्स की ताकत और उपलब्धियों का उत्सव है, और हम इसे समावेशी और अविस्मरणीय बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के शिक्षा और खेल मंत्री श्री आशीष सूद ने कहा, ऱयह दिल्ली के लिए गर्व का क्षण है कि हम पैरा एथलेटिक्स शुभारंभ समारोह की मेजबानी कर रहे हैं, जो हमारे पैरा-एथलीट्स की ताकत, प्रतिभा और जज्बे का उत्सव है। इस मौके पर कंगना रनौत, जिन्हें इस वर्ष की चैंपियनशिप के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है, ने भी आयोजन और एथलीट्स के प्रति सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पैरा खेल आंदोलन से जुड़ना उनके लिए सम्मान की बात है। 100 दिन शेष रहने के साथ ही अब तैयारियों का अंतिम दौर शुरू हो गया है। यह आयोजन भारतीय खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने की ओर अग्रसर है और वैश्विक पैरा खेल समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बनने जा रहा है।

## विकसित बिहार की ओर मजबूत कदम, जानिए क्या है खास

**पटना:**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार को 5900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 28 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। सीवान के पचरुखी प्रखंड के जसौली गांव से प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और शुभारंभ किया। ये योजनाएं आवास, शहरी विकास, जल शक्ति, ऊर्जा और रेल सेक्टर से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के तहत बिहार ने विकास की रफ्तार तेज की है और यह पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लआज भारत की उपलब्धियों की चर्चा विदेशों में हो रही है, उसमें बिहार का भी बड़ा योगदान है।

#### लोकोमोटिव निर्माण में ऐतिहासिक कदम

मढ़ौरा की लोकोमोटिव फैक्ट्री से अब भारत पहली बार अफ्रीकी देश गिनी को 'मेक इन इंडिया' डीजल इंजन निर्यात करेगा। यह न केवल बिहार बल्कि देश के औद्योगिक इतिहास में एक नया अध्याय है। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि बिहार वैश्विक औद्योगिक नक्शे पर अपनी पहचान बनाएगा। वैशाली-देवरिया रेल परियोजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री ने पटना के पाटलिपुत्र स्टेशन से यूपी के गोरखपुर तक 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन न केवल यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूती देगी। सीवान रेलवे स्टेशन को 40.13 करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही वैशाली-देवरिया रेल परियोजना के लिए 400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2183 करोड़ रुपये की जलापूर्ति और सीवरेज परियोजनाओं का शिलान्यास अमृत योजना के तहत 2183 करोड़ रुपये की जलापूर्ति और सीवरेज परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। आरा, सीवान और सासाराम जैसे शहरों को स्वच्छ पेयजल और आधुनिक सीवरेज व्यवस्था मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 53,000 से अधिक लाभार्थियों को लगभग 540 करोड़ रुपये की सहायता राशि हस्तांतरित की गई है। यह गरीबों को पक्के घर देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हरित ऊर्जा को बल, नमामि गंगे के तहत जल शुद्धिकरण गंगा की निर्मलता हेतु 1825 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और 800 करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनसे गंगा को और स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। राज्य में सौर ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए 135 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा हुई है। 500 मेगावाट आवर क्षमता की बैटरी चार्जिंग से हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ेगा। कुमार की सक्रिय भागीदारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं विकास कार्यों की सतत निगरानी कर रहे हैं और नियमित रूप से कार्यस्थलों का दौरा कर परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

## ए ए श्रीनिवास होंगे हरियाणा के नए मुख्य चुनाव अधिकारी

**चंडीगढ़।** राज्य सरकार ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पंकज अग्रवाल की जगह वर्ष 2004 बैच के आईएएस अधिकारी ए श्रीनिवास को सीईओ नियुक्त किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से नई नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक वर्तमान में ऊर्जा विभाग के सचिव और दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंधक निदेशक ए श्रीनिवास को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है, जबकि पंकज अग्रवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी के पद से रिलीव कर दिया गया है। फिलहाल उन्हें नई नियुक्ति का इंतजार है।

## रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**फरीदाबाद।** रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून 16 से 21 जून 2025 तक जिले में परिचित अभ्यास कर रही है। इसी क्रम में रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून ने पुलिस थाना कोतवाली के थाना प्रभारी मंजीत सिंह, सारण के थाना प्रभारी रण सिंह, डबुआ के थाना प्रभारी महावीर सिंह, एस जी एम नगर के थाना प्रभारी रणबीर तथा धौज के थाना प्रभारी नरेश कुमार से मुलाकात की एवं उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले गांवों में जाकर उनकी पूर्व में घटित हुई घटनाओं और इलाके की संवेदनशीलता के बारे मे जानकारी प्राप्त की एवं गांवों में फ्लैग मार्च एवं मोबाइल पैट्रोलिंग के द्वारा ग्रामीणों को शांति व सद्भावना का संदेश दिया। साथ ही प्लाटून ने थानाक्षेत्रों के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों से भेंट कर इलाके के बारे में विस्तार से चर्चा की व शांति व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना की। भीम सिंह मीणा सहायक कमान्डेंट ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र के बारे में अच्छे से परिचित होना, नागरिक व प्रशासन से अच्छा तालमेल बनाना व आमजन में विश्वास बनाए रखते हुए क्षेत्र की पूर्ण जानकारी प्राप्त करना है ताकि भविष्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात होना पड़े तो जल्दी से जल्दी तैनात होकर स्थिति को नियंत्रित कर सकें तथा सार्वजनिक संपत्ति और आमजन को सुरक्षित रखा जा सके।

## बरोदा में राजकीय कॉलेज मंजूर,जताया मुख्यमंत्री का आभार

**सोनीपत।** सोनीपत के गांव बरोदा में राजकीय कॉलेज की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा इस कॉलेज को स्वीकृति दिए जाने पर बरोदा हलके से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने उनका आभार व्यक्त किया है। प्रदीप सांगवान ने कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगा और उच्च शिक्षा को स्थानीय स्तर पर सुलभ बनाएगा। उन्होंने कहा कि हलका बरोदा के साथ-साथ आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को भी इससे लाभ मिलेगा, जिन्हें अब दूरस्थ शहरों में शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की नायब सरकार वास्तव में नायाब कार्य कर रही है। सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की जनहितकारी नीतियों से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर ईमानदारी से काम कर रही है और केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कॉलेज का निर्माण शीघ्र शुरू होगा और आने वाले वर्षों में यह शिक्षण संस्थान बरोदा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। इस निर्णय से ग्रामीणों में उत्साह है और वे सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक बता रहे हैं।

## प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मन की बात और योग दिवस होगा यादगार

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी गोहाना जिला की प्रभारी डॉ. किरण कलकल और जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने बुटाना मंडल की सभा में भाग लिया। यह सभा गांव ईसापुर खेड़ी में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. किरण कलकल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को हर महीने के अंतिम देशभर में उत्साहपूर्वक सुना जाता है। गोहाना जिले के आठों मंडलों में पिछले माह इस कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर शत-प्रतिशत लोगों ने सुना, जो अनुशासन और संगठन की ताकत को दर्शाता है। यह यादगार रहेगा। भाजपा



जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने बताया कि आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता मंडल स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि योग को लेकर जनता में व्यापक उत्साह है, और यह भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। इस मौके पर ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, रीना शर्मा, महेंद्र चिड़ाना, राजेश भावड़, कश्मीरी खासा सहित अनेक गणमान्य लोग व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक योजनाओं और सामाजिक जुड़ाव पर विशेष बल दिया गया।

# एक देश एक चुनाव से भारत का और तेजी से होगा विकास : सांसद धर्मवीर

**एजेंसी**

**झज्जर।** भिवानी-महेन्द्रगढ़ से लोकसभा सदस्य धर्मबीर सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव भारत के विकास की जरूरत है। एक साथ चुनाव होने से भारत और ज्यादा तेजी से विकास करेगा। धर्मवीर बहादुरगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बहादुरगढ के एक निजी रेस्टोरेंट में हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने सांसद धर्मबीर का स्वागत किया। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से पैसे और समय की बर्बादी होती है और लोगों के बीच गुटबाजी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश एक देश एक चुनाव की मांग कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में यह व्यवस्था अवश्य लागू की जाएगी।सांसद धर्मबीर सिंह ने मोदी




सरकार के 11 बरसों को भारत के बेमिसाल साल बताया। उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है। सड़क और रेल नेटवर्क को मजबूत किया गया है। हैल्थ सेक्टर में देश को मजबूती मिली है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। लोगों को जैनरिक दवाइयों के जरिये महंगी दवाओं के जाल से छुटकारा दिलवाया और हर व्यक्ति को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज फ्री देने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के जरूरतमंद लोगों को मुफ्त अनाज देने का काम भी किया। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि अगर देश का समर्थन यूं ही मिलता रहा तो भारत 2047 से पहले ही विकसित भारत बन जाएगा।धर्मबीर ने कहा कि अब देश में पौधारोपण बढ़ाने की जरूरत है और इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। इस मौके पर हरियाणा तैराकी संघ के सदस्य सुरेश जून, सुनील खत्री और बलवान कादयान भी मौजूद रहे।

## हरियाणा के मुख्यमंत्री ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर जताया दुःख



**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी जी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक-दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दुःख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

## केएमपी एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ होगा पौधरोपण : राव नरबीर

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। पौधे वन विभाग उपलब्ध करवाएगा, लेकिन इनकी देखभाल, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसआईआईडीसी की होगी। इसके मानसून से पहले एचएसआईआईडीसी एक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करे। इन पौधों पर वन विभाग का मालिकाना हक नहीं रहेगा।मंत्री राव नरबीर सिंह चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जानकारी दी गई कि 15 जुलाई को राज्यभर में एक साथ वृहदद्ध पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, नदियों के किनारे और पंचायत भूमि पर पौधारोपण करेगा। इसमें एनजीओ, सामाजिक संस्थान, औद्योगिक घरानों का सहयोग लिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर पौधारोपण का



जिम्मा उद्योगों को सौंपा जाएगा और इन स्थानों पर संबंधित कंपनी की पट्टिका लगाई जाएगी। मंत्री नरबीर ने बताया कि केएमपी एक्सप्रेसवे पर पौधारोपण दो चरणों में किया जाए। पहला चरण कुंडली से मानेसर और दूसरा मानेसर से पलवल तक। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो किसी अनुभवी लैंडस्केप एजेंसी की सेवाएं ली जा सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को 26 जून तक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि रायपुर नर्सरी में नीम, पीपल, पिलखन, अर्जुन, बड़ जैसे पेड़ों को तीन-चार वर्षों तक पाल-पोसकर परिपक्व बनाया जाएगा ताकि बाद में उन्हें विभिन्न स्थानों पर रोपित किया जा सके। दक्षिण हरियाणा में खेजड़ी, रोहेड़ा, जाल, रोंझ जैसे प्रजातियों को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को योजना के तहत लाभ देने पर भी चर्चा हुई।

## प्रशासन ने तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराया

**एजेंसी**

**पानीपत।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशासन ने इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया। बताया गया कि तंबाकू के सेवन से मरने वालों की संख्या दो हजार दो सौ व्यक्ति प्रतिवर्ष है। जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कोटपा एक्ट के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, रेलवे स्टेशन, शिक्षण संस्थान, अदालती इमारत, होटल, पार्क, गेस्ट हाउस, ढाबे, पुस्तकालय, स्टेडियम, बस स्टैंड, बस स्टॉप, बैंक आदि पर धूम्रपान करना कानूनन जुर्म है। इस एक्ट की अवहेलना करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत उपरोक्त सभी सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध क्षेत्र का बोर्ड लगाना अनिवार्य है तथा बोर्ड पर स्थान के मुखिया का नाम व नम्बर अंकित होना भी आवश्यक है।

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ललित कुमार ने बताया कि कोटपा सेक्शन-6 ए के



अनुसार किसी भी नाबालिग को तम्बाकू उत्पाद बेचना या उससे बिकवाना दण्डनीय अपराध है। तम्बाकू विक्रेता इस बात को भी सुनिश्चित करे कि जिसे वह तम्बाकू उत्पाद बेच रहा है वह 18 वर्ष से कम आयु का न हो। इस एक्ट के अनुसार विक्रेता को अपनी दुकान पर एक चेतावनी बोर्ड भी लगाना अनिवार्य है, जिस पर लिखा हो कि 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध है।

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व में लगभग 55 लाख व्यक्ति तम्बाकू के कारण होने वाली बीमारियों से मृत्यु को प्राप्त होते हैं तथा 2200 से अधिक लोग भारत में तम्बाकू के कारण होने वाली बीमारियों से मरते हैं। इस अवसर पर एडीसी डा. पंकज यादव, सीईओ जिला परिषद डा. किरण सिंह. एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम इसराना नवदीप सिंह, सहित शिक्षा व स्वास्थय विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम विवि में तीन व चार जुलाई को होगा शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** जिला में आगामी 3-4 जुलाई को होने वाले शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी आरंभ हो चुकी है। लोकसभा सचिवालय ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के आयोजन की जिक्क्मेवारी हरियाणा विधानसभा को दी है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पीडबल्यूडी रेस्ट हाऊस में अधिकारियों की बैठक ली।डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं के मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन का आयोजन 3-4 जुलाई को गुरुग्राम विश्वविद्यालय



परिसर में होगा। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक डेलिगेट्स भागीदारी करेंगे। इस सम्मेलन के लिए डेलिगेट्स का आगमन दो जुलाई को होगा, ऐसे में सभी के ठहरने की व्यवस्था गुरुग्राम में की जाएगी। उन्होंने डेलिगेट्स के स्वागत, ठहरने, आयोजन स्थल तक आवागमन, सम्मेलन के लिए पंजीकरण, राउंड द क्लॉक स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात प्रबंधन व सुरक्षा सहित अन्य इंतजामों को लेकर जिला प्रशासन गुरुग्राम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उद्घाटन के साथ पांच अलग-अलग सत्र भी होंगे आयोजित विधानसभा उपाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में उद्घाटन व समापन सत्र आयोजित होंगे।

परिसर में ही पांच अलग-अलग थीम पर आधारित डेलिगेट्स के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व व्यापक प्रचार-प्रसार सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा की जाएगी। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विभाग की तैयारियों से आयोजन समिति को अवगत कराया।

## डीएचबीवीएन ने उपभोक्ता को थमाया 30 करोड़ का बिजली बिल

**एजेंसी**

**सिरसा।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के निदेशक अनुज महाजन व गुरप्रीत लहल ने जिला सिरसा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपायुक्त शांतनु शर्मा से मुलाकात की और जिले में केंद्र व राज्य सरकार की चल रही तथा प्रस्तावित आईटी परियोजनाओं और ई-गवर्नेंस पहलों की प्रगति पर चर्चा की। बैठक में एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सिकंदर और अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हरीश भी मौजूद रहे।डीआईओ सिकंदर ने निदेशक अनुज महाजन व गुरप्रीत लहल से जिले में डिजिटल पहल और आईटी अवसंरचना की वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। निदेशक अनुज महाजन ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और डिजिटल बुनियादी ढांचे की रक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सरकारी ईमेल



आईडी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि आधिकारिक संचार अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बन सके। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी ई-गवर्नेंस को सशक्त बना रही है जिस कारण नागरिक सेवाओं की पहुंच को सरल बना रही है। उन्होंने कहा कि जिले में आईटी तंत्र को सशक्त बनाएं ताकि भविष्य की डिजिटल जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सके।

# बिना परमिट मिट्टी की खुदाई करते मिली पोकलेन मशीन जब्त

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** खनन एवं अन्य सम्बंधित विभागों की संयुक्त टीम ने मांगर-धौज क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक पोकलेन मशीन बिना किसी वैध परमिट के मिट्टी की खुदाई करते पायी गयी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि बगैर परमिट के अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई करते हुए पकड़े जाने पर मौके पर तैनात पुलिस टीम द्वारा मशीन को रोका गया और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पोकलेन मशीन को जब्त कर लिया गया और थाना धौज में जमा करा दिया गया है। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार कठोर कदम उठा रही है।डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में निर्देशों की पलना करते हुए जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने जिले में प्रभावी जांच अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में बुधवार देर शाम मांगर-धौज क्षेत्र में एक पोकलेन मशीन को बिना वैध परमिट के मिट्टी की खुदाई करते हुए पकड़ा गया। यह मशीन धौज क्षेत्र में खनिज



सामग्री निकालने के काम में लगी हुई थी। पोकलेन मशीन द्वारा लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में गहराई तक मिट्टी की खुदाई करते हुए पकड़ा गया। यह कार्य बिना किसी वैध परमिट या ई-रवाना बिल के किया जा रहा था, जिसके चलते मशीन को मौके पर ही जब्त कर नज़दीकी थाना धौज में भेज दिया गया है। खनन अधिकारी ने बताया कि विभागीय नियमों के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। इसके लिए नियमित रूप से औचक निरीक्षण, वाहनों की जांच एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

## भाजपा कार्यकर्ता हर स्तर पर लोगों को योग के लिए करें जागरूक: राजेश सपरा

**एजेंसी**

**यमुनानगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने भाजपा जिला यमुनानगर कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं। मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों पर हो रहे कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, ऊर्जा और समर्पण का अद्वितीय वातावरण देखने को मिला, जो संगठन की ताकत और जनभागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश, जिला,मंडल,शक्ति केंद्र,बूथ स्तर पर लोगों को साथ लेकर योग करें और योग के प्रति जागरुक करें। उन्होंने कहा कि 23 जून को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर सभी बूथ केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित कर डा. मुखर्जी के जीवन और बलिदान के बारे में लोगों को बताएं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 23



जून से 6 जुलाई तक चौपाल, मोहल्ला बैठक और संकल्प सभाएं होनी हैं। इन दिनों में सेवा के कार्य करें और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करें। आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को हमें मोदी सरकार की हर योजना और उपलब्धियों की जानकारी कार्यक्रमों के माध्यम से देनी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है : कंवरपाल

**एजेंसी**

**यमुनानगर।** भाजपा सरकार के 11 साल के संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगाधरी शहर के विभिन्न वार्डो में कार्यक्रम किए। उनका भव्य स्वागत हुआ। जगाधरी शहर के वार्ड नंबर एक में गुरुवार को नागरिकों को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। इसी प्रकार से प्रत्येक घर में शौचालय बनवाने का काम किया है, जिससे विशेष कर गरीब महिलाओं को बहुत ही राहत मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में ही डीएपी खाद बनाने के कारखाना लगाने का निर्णय लिया जबकि पहले डीएपी खाद विदेश से ही आती थी। उन्होंने कहा कि खेती की जोत कम होने के चलते प्रधानमंत्री ने किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा है।




भाजपा सरकार के शासनकाल में चौमुखी विकास हुआ है। आज देश के हर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रदेशों में सड़कों का जाल, हवाई अड्डे, अस्पताल और आईआईटी जैसे संस्थानों का निर्माण हुआ है। वहीं

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है और इसके लिए सभी प्रदेश की सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में विकास की गति दी है।

## सिंगल यूज पॉलीथिन के स्थान पर दूसरे विकल्पों को अपनाएं: निगमायुक्त

**एजेंसी**

**हिसार।** नगर निगम आयुक्त नीरज ने कहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल यूज पॉलीथिन हमारे पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। यह न केवल भूमि और जल को प्रदूषित करता है, बल्कि जीव-जंतुओं के जीवन को भी खतरे में पहुंचता है। शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शहरवासियों को उनके विकल्पों को अपनाएं। निगमायुक्त नीरज ने गुरुवार को कहा कि ऐसी वस्तुओं का इस्तेमाल करें जिन्हें कई बार इस्तेमाल किया जा सके। जैसे कपड़े के शॉपिंग बैग, स्टेनलेस स्टील की बोतलें, स्टुअल कप आदि। इससे सिंगल यूज प्लास्टिक व सिंगल यूज पॉलीथिन से होने वाले प्रदूषण व कचरे को कम करने में मदद मिलती है और लंबे समय में पैसे भी बचा सकते हैं। इस तरह की पहल से हम अपने शहर के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग कर सकते हैं। शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल



यूज पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए शहरवासियों, समाजसेवी संगठनों, व्यापारियों, धार्मिक संगठनों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने जनता से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल यूज पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए न तो इनका इस्तेमाल करें और न इनको बेचें। व्यापारी इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय या प्रदूषण बोर्ड में संपर्क कर सकते हैं। निगमायुक्त नीरज ने कहा कि नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहरवासियों को इसके लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इसके साथ-साथ नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल यूज पॉलीथिन को जब्त भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 जून से सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान व सिंगल यूज पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए सामान जब्त के साथ-साथ चालान भी किए जाएंगे।

## एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ 24 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 380-400 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** औद्योगिक एवं चिकित्सा गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 24 जून को खुलेगा और गुरुवार, 26 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 380-400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 2 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए मूल्य का दायरा 380-400 रुपये निर्धारित किया गया है। यह आईपीओ ताजा इक्विटी जारी करने और बिक्री के लिए पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इसके लिए निवेशक न्यूनतम 37 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में 400 करोड़ तक के नए निर्गम और पद्म कुमार अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश तथा वरुण अग्रवाल द्वारा 56,56,565 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। कंपनी की योजना इस नए इश्यू से प्राप्त 210 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व भुगतान के लिए किया जाएगा।

## डीपीआईआईटी और योरस्टोरी मीडिया ने देशभर में जमीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्म योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ में एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल का उद्देश्य समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देना और पूरे भारत में गतिशील स्टार्टअप का समर्थन करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से डीपीआईआईटी के उप सचिव राजेश कुमार और योरस्टोरी एवं द भारत प्रोजेक्ट की संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रद्धा शर्मा ने दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव सिंह ने उद्यमियों की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने में समावेशी प्लेटफार्मों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साझेदारी नेटवर्क, ज्ञान और सफलता की कहानियों तक पहुंच का विस्तार करेगी, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों के महत्वाकांक्षी संस्थापकों के लिए जिससे भारत की वैश्विक नवाचार केंद्र बनने की यात्रा में तेजी आएगी।

## भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। भारतीय यूके जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं। मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होंगे। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम इस अनिश्चित विश्व में जो अस्थिरता, अनिश्चितता, चुनौतियों और संकटों से भरा हुआ है, ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकते हैं। इस समय दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जो अपनी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इंडिया ग्लोबल फोरम में बोलते हुए गोयल ने यूके-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहना अनुचित है। भारतीय लोग जब यहां आते हैं तो वे यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैं।

## सेल ने आईएनएस 'अर्णाला' का उत्पादन करने के लिए आपूर्ति की स्टील

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने रक्षा के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और आयात प्रतिस्थापन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। देश की महारत्न कंपनी सेल ने देश के पहले एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट अर्णाला के लिए विशेष इस्पात की ज़रूरत को सफलतापूर्वक पूरा किया है। आईएनएस अर्नाला को 18 जून को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। मंत्रालय ने कहा कि सेल ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में बनाए जा रहे अन्य सात एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कोरवेट के लिए भी विशेष इस्पात की पूरी आपूर्ति की है। रक्षा स्वदेशीकरण की दिशा में भारत के प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के तौर पर सेल ने इस परियोजना के लिए आवश्यक जरूरत की विशेष स्टील की आपूर्ति की है। यह देश की आत्मनिर्भर भारत की पहल को लागू करने और आयात पर निर्भरता को कम करने में सेल की प्रतिबद्धता का एक और प्रभावशाली उदाहरण है।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रूस के डिप्टी पीएम से की मुलाकात, रेयर अर्थ मेटल के साथ कई मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

**सेंट पीटर्सबर्ग।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रूस के उपप्रधानमंत्री अलेक्सी ओवरचुक से मुलाकात की और ट्रांसपोर्ट, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेयर अर्थ मेटल जैसे मुद्दों पर चर्चा की। दोनों देश के दिग्गज लीडर्स के बीच यह मुलाकात रूस के सबसे बड़े शहरों में एक सेंट पीटर्सबर्ग में हुई है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रूस के उपप्रधानमंत्री अलेक्सी ओवरचुक से मुलाकात की। ट्रांसपोर्ट, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेयर अर्थ मेटल सहित सहयोग के प्रमुख मुद्दों को लेकर चर्चा की।' सेंट पीटर्सबर्ग में भारत की कॉन्सुलेट जनरल की ओर से की गई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की गई पोस्ट के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ 2025) में भाग




लेने के लिए सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचे हैं। एसपीआईईएफ 2025, 18 जून को शुरू हो चुकी है और यह 21 जून तक चलेगी।रूस जाने से पहले रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 17 जून को हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड प्लांट में देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया था। मारुति सुजुकी के प्लांट में नया गति शक्ति कार्गो टर्मिनल ऑटोमोबाइल परिवहन की लॉजिस्टिक्स दक्षता को काफी हद तक बढ़ाता है। मानेसर प्लांट 10 किलोमीटर के रेल लिंक के माध्यम से पाटली रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है, जो हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचआरआईडीसी) द्वारा विकसित किए जा रहे 121.7 किलोमीटर लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का हिस्सा है। इस 10 किलोमीटर के लिंक के निर्माण के लिए 800 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिसमें एचआरआईडीसी ने 684 करोड़ रुपए का योगदान दिया और शेष राशि मारुति सुजुकी द्वारा दी गई। इस गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की लोडिंग क्षमता 4.5 लाख ऑटोमोबाइल प्रति वर्ष के साथ भारत में सबसे अधिक है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में बड़ा बदलाव आया है। 2014 से पहले भारतीय रेलवे का वार्षिक बजट 24,000 से 25,000 करोड़ रुपए था, जो कि बढ़कर अब 2.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार, निवेशकों को 1 दिन में लगी 3.70 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर सेंसेक्स और निफ्टी को कुछ देर के लिए हरे निशान में पहुंचाने में सफलता भी हासिल की, लेकिन ये तेजी अधिक देर तक टिक नहीं सकी। बिकवाली के दबाव की वजह से ये दोनों सूचकांक एक बार फिर लाल निशान में गिर गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, रियल्टी और आईटी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑटोमोबाइल इंडेक्स आज 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने चार लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 442.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## स्टॉक मार्केट में ओसवाल पम्प्स की मजबूत एंट्री, मुनाफे में कंपनी के आईपीओ निवेशक

मुंबई।

**नई दिल्ली।** सोलर पंप और सबमर्सिबल बनाने वाली कंपनी ओसवाल पम्प्स के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री हुई। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 614 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 632 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 634 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह मार्केट में एंट्री करते ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 3 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। मार्केट में एंट्री के बाद भी कंपनी के शेयर फिलहाल मजबूती दिखा रहे हैं। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10ः15 बजे ये शेयर 644.40 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक 4.95 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। ओसवाल पम्प्स का 1,387.34 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 17 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 34.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के




लिए रिजर्व पोर्शन 88.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 36.70 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 890 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 81 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने, पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 16.93 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 34.20 करोड़ रुपये और 2023-24 में 97.67 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 47 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 761.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## सोना और चांदी की कीमत में मामूली तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने और चांदी की कीमत में मामूली तेजी नजर आ रही है। भाव में तेजी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,090 रुपये से लेकर 1,01,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,660 रुपये से लेकर 92,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,12,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,120 रुपये प्रति



10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,710 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,01,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,01,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 92,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 92,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,01,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,01,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 92,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत में यूपीआई का प्रयोग सामान्य व्यवहार का हिस्सा बनाः बीकन का सर्वे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल अब सामान्य व्यवहार का हिस्सा बन गया है। कनाडा में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए अग्रणी क्रॉस-बॉर्डर फिनटेक प्लेटफॉर्म बीकन की तरफ से यूपीआई उपयोग को लेकर किए गए सर्वे रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। यह रिपोर्ट कनाडा में बसे एनआरआई (अनिवासी भारतीयों) की भारत में अपने वित्तीय दायित्वों को निभाने के तरीके में हो रहे मूलभूत बदलावों को दर्शाती है। बीकन के विश्लेषण में यह बात सामने आई है कि भारत में यूपीआई सामान्य व्यवहार का हिस्सा बन गया है। इसके बाद हाल ही में कनाडा आए एनआरआई भी उसी गति और सुविधा की उम्मीद करते हैं, जब वे भारत में अपने परिवार को पैसे भेजते हैं या खर्चों का प्रबंधन करते हैं। यहां तक कि लंबे समय से बसे एनआरआई भी अब यूपीआई का उपयोग करने लगे हैं क्योंकि भारत में उनके परिवारजन, मकान मालिक या सेवा प्रदाता अब खाता नंबर के बजाय यूपीआई आईडी मांगते हैं। बीकन के सह-संस्थापक आदित्य म्हात्रे ने जारी बयान में कहा कि जब वे भारत से कनाडा गए तो खुद विदेश में वित्तीय प्रबंधन की चुनौतियों को अनुभव किया। एनआरआई द्वारा यूपीआई को अपनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब एक पीढ़ीगत बदलाव हो रहा है जिसमें लोग वित्तीय स्वतंत्रता और डिजिटल-फर्स्ट व्यवहार को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमारा प्लेटफॉर्म इस परिवर्तन को सक्षम बनाता है—यह कैनेडियन डॉलर से भारतीय रुपये में यूपीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के ज़रिए भुगतान को संभव बनाता है, जिससे पारंपरिक बैंकिंग की जटिलताएं समाप्त हो जाती हैं। बीकन के अनुसार, कनाडा में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय छात्र क्रॉस-बॉर्डर लेनदेन के लिए मोबाइल-फर्स्ट फिनटेक प्लेटफॉर्म को प्राथमिकता देते हैं। भारतीय छात्र और एनआरआई कनाडा के सबसे अधिक डिजिटल रूप से सक्रिय और वित्तीय रूप से शामिल वर्गों में आते हैं, जिन्हें तेज़, लचीली और पारदर्शी सेवाओं की आवश्यकता होती है। कनाडा में भारतीय मूल की आबादी 18.5 लाख से अधिक हो चुकी है, जो कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत है। भारत से कनाडा आने वाले स्थायी निवासियों की संख्या 2013 में जहां लगभग 33,000 थी, वहीं 2023 में यह बढ़कर 1.4 लाख हो गई—यानी 326 प्रतिशत की वृद्धि। केवल 2024 में ही भारत से आए नागरिक कनाडा के कुल नए नागरिकों का लगभग 23.4 प्रतिशत (87,800 लोग) रहे। भारत को कनाडा से भेजी जाने वाली रेमिटेंस 2024 में लगभग 4 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। यह वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब भारत लगातार 2024 में भी कुल 129.4 अरब डॉलर के साथ ग्लोबल रेमिटेंस का शीर्ष प्राप्तकर्ता बना हुआ है। अकेले यूपीआई ने 2024 में 172 अरब से अधिक लेनदेन किए—पिछले वर्ष की तुलना में 46 प्रतिशत अधिक—जो इसकी विश्वसनीयता और वास्तविक समय पर भुगतान की क्षमता को दर्शाता है।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में करेगा 50 कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय के अधीन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) 21 जून को राष्ट्रव्यापी भागीदारी के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने जा रहा है। जीएसआई इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में 50 कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। खान मंत्रालय ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए देशभर में 50 कार्यक्रमों की तैयारी शुरू कर दी है। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को ध्यान में रखते हुए जीएसआई ने अपने कर्मियों और आम जनता के बीच समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए देशभर में 46 स्थानों पर 50 कार्यक्रमों की योजना बनाई है। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप जीएसआई कोलकाता में अपने केंद्रीय मुख्यालय, क्षेत्रीय और राज्य इकाई कार्यालयों, 12 भू-विरासत स्थलों, 6 ड्रिलिंग फील्ड कैंपों और 3 प्रशिक्षण केंद्रों पर निर्देशित योग सत्र आयोजित करेगा। इस पहल में जीएसआई कर्मियों, स्कूली छात्रों और स्थानीय समुदायों के सदस्यों सहित 3,000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की आशा है। खान मंत्रालय के मुताबिक जीएसआई अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए काउंटडाउन कार्यक्रम में भी भाग लेगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी के साथ इस बार लाइव योग सत्र का आयोजन 20 जून, 2025 को हैदराबाद में होगा। इस समन्वित पहल के जरिए जीएसआई स्वास्थ्य और कल्याण को प्रोत्साहन देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरलाइनों, हवाईअड्डा अधिकारियों के साथ यात्री सुरक्षा मुद्दों का जायजा लिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एयर इंडिया के विमान की दुखद दुर्घटना के मद्देनजर सुरक्षा, यात्री सुविधा और एयरलाइन के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा की है। वीडियो कांसिंग के जरिए हुई बैठक में देशभर के सभी हवाईअड्डा निदेशक शामिल हुए।

राम मोहन नायडू की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में दुर्घटना के बाद की जांच, मौसम में बदलाव, भू-राजनीतिक तनाव के कारण कुछ हवाई क्षेत्रों को बंद करने आदि जैसे कई कारणों से उड़ानों के पुनर्निर्धारण के मद्देनजर जमीनी स्तर की तैयारियों और यात्री सहायता तंत्र की समीक्षा की गई। बैठक में यात्रियों की समस्याओं का त्वरित और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइनों के साथ घनिष्ठ संपर्क पर जोर दिया गया। खासकर उड़ान में



देरी या भीड़भाड़ के दौरान टर्मिनलों पर भोजन, पीने के पानी और पर्याप्त बैठने की सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि यात्रियों की शिकायतों का सक्रिय रूप से समाधान करने के लिए प्रमुख टचपॉइंट पर पर्याप्त कर्मियों को तैनात किया जाना चाहिए। एयरपोर्ट निदेशकों से अनुरोध किया गया कि वे परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना कर रही एयरलाइनों को हर संभव सहायता प्रदान करें, जिसमें गेट पुनःनिर्धारण और रसद सहायता शामिल है। एयरपोर्ट के सुरक्षित वातावरण को बनाए रखने के लिए, एयरपोर्ट निदेशकों को पक्षियों और आवारा जानवरों को रोकने सहित वन्यजीव जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन के साथ परिचालन निरंतरता बनाए रखने, जनता के साथ पारदर्शी और जवाबदेह संचार का समर्थन करने के साथ ही यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी बैठक की। बैठक में इस बात पर गौर किया गया कि मध्य पूर्व में उभरती स्थिति, बढ़ी हुई सुरक्षा जांच और यूरोप में रात में उड़ान भरने पर प्रतिबंध के कारण एयर इंडिया को विमानों की उपलब्धता में कमी का सामना करना पड़ रहा है।

# ईरान-इजरायल संघर्ष से कच्चे तेल में तेजी, 77 डॉलर के पार पहुंचा क्रूड ऑयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल के बीच जारी जंग और उसमें अमेरिका के हस्तक्षेप की वजह से मिडिल ईस्ट का तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस तनाव का प्रत्यक्ष असर क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत में आई तेजी के रूप में देखा जा सकता है। मिडिल ईस्ट के तनाव की वजह से कच्चा तेल आज 77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को भी पार कर गया। भारतीय समय के हिसाब से शाम 5 बजे ब्रेंट क्रूड 77.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 76 डॉलर के स्तर को पार करके 76.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी का असर घरेलू बाजार में भी नजर आ रहा है। आज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर कच्चा तेल 6,450 रुपये प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। एमसीएक्स पर आज कच्चा तेल 26 रुपये की बढ़त के साथ 6,360 रुपये प्रति बैरल के स्तर पर खुला। थोड़ी ही देर बाद इसकी कीमत बढ़ाकर 6,467 रुपये प्रति बैरल के उच्चतम स्तर तक पहुंच गई। हालांकि बाद में इसकी कीमत में मामूली गिरावट भी आई। कमोडिटी मार्केट के एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान-इजरायल संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की सप्लाई में कमी आने की आशंका बन गई है। खासकर, अमेरिका ने जिस तरह से ईरान को सरेंडर करने की चेतावनी देकर दी है, उससे इस बात की आशंका भी बन गई है कि अमेरिका की ओर से भी ईरान पर हमला किया जा सकता है। दावा किया जा रहा है कि अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकता है। खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का कहना है कि मिडिल ईस्ट के तनाव ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत पर तो दबाव बनाया ही है, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती नहीं करने के फैसले से भी कच्चे तेल की कीमत को सपोर्ट मिला है। अमेरिका में कच्चे तेल की इन्वेंटरी घटना की वजह से भी कीमत में तेजी आई है। इसके कारण ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई क्रूड के बीच का अंतर भी कम हो गया है। अभी ये अंतर एक से दो डॉलर प्रति बैरल का रह गया है।

## स्टॉक मार्केट में सीमेंस एनर्जी की जोरदार एंट्री, पहले दिन ही निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीमर्जर के जरिए सीमेंस लिमिटेड से अलग होने वाली उसकी पावर ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री की। इसी साल 7 अप्रैल को हुए डीमर्जर के दिन सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयर का भाव 2,350 रुपये था। आज बीएसई पर इसकी एंट्री 2,850 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी एंट्री 2,840 रुपए के स्तर पर हुई। स्टॉक मार्केट में एंट्री करने के बाद शुरुआती कारोबार में ही कंपनी के शेयर उछल कर 2,982 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। हालांकि कुछ देर बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से कंपनी के शेयर के भाव में गिरावट भी आई। दोपहर 12 बजे तक का कारोबार होने के बाद सीमेंस एनर्जी के शेयर 2,815.10 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक कंपनी के निवेशकों को 13.59 प्रतिशत का फायदा हो चुका है। दावा किया जा रहा है कि सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड अपनी मजबूत स्थिति के कारण आने वाले दिनों में देश की प्रमुख ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन इक्विपमेंट कंपनी बन सकती है। जानकारों का कहना है कि कंपनी के पास पहले से मौजूद ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित वर्क आर्डर और संचालनगत कुशलता की वजह से 2026-27 तक सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड का ईपीएस (अर्निंग पर शेयर) 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ सकता है।

# वॉलमार्ट अगले तीन साल में वृद्धि कार्यक्रम के तहत 1 लाख एमएसएमई को जोड़ेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।**अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट ने भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए बड़ा ऐलान किया है। कंपनी अगले तीन वर्षों में एक लाख नए एमएसएमई को अपने 'वॉलमार्ट 'वृद्धि' प्रोग्राम से जोड़ेगी। इस योजना के जरिए इन कारोबारियों को डिजिटल ट्रेनिंग, एक्सपोर्ट के मौके और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोडक्ट्स बेचने का अवसर मिलेगा। एमएसएमई राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे की उपस्थिति में वॉलमार्ट के आपूर्तिकर्ता विकास (सोर्सिंग) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेसन फ्रेमस्टेड ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई शिखर सम्मेलन 2025 में इसकी घोषणा की। फ्रेमस्टेड ने कहा, हमने अगले तीन वर्षों में अतिरिक्त एक लाख एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। उन्होंने बताया कि भारत में वॉलमार्ट को फ्लिपकार्ट के ई-कॉमर्स नेटवर्क के साथ जोड़ा गया है। इस बार वृद्धि कार्यक्रम को एनजीओ आइडियाज टू इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। वॉलमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वॉलमार्ट वृद्धि ने अगले तीन वर्षों में भारत में एक लाख अतिरिक्त एमएसएमई को सशक्त करने के लिए आइडियाज टु इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। जेसन फ्रेमस्टेड ने बताया कि ग्लोबल सप्लाई चेन में वॉलमार्ट की विशेषज्ञता की ताकत और भारत में फ्लिपकार्ट की ई-कॉमर्स क्षमताओं को साथ लाते हुए शुरू किया गया। वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि 2019 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से वॉलमार्ट वृद्धि ने अब तक 70,000 से अधिक एमएसएमई को डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच एवं पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप प्रदान करते हुए और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से प्रशिक्षित किया है। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टेड ने कहा, 'हम भारत के वाइब्रेंट इनोवेशन इकोसिस्टम और यहां के एमएसएमई की विकास की क्षमता से लगातार प्रेरित होते हैं। कई सूक्ष्म उद्यमों को विकास के लिए जरूरी जानकारी, टूल्स एवं बाजार तक पहुंच के मामले में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। प्रोग्राम के जरिये महत्वपूर्ण बिजनेस स्किल एवं बाजार तक पहुंच के माध्यम से सशक्तीकरण ने इन उद्यमियों को अपने कारोबार को सतत तरीके से आगे बढ़ाने और भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने में सक्षम बनने में मदद की है।' फ्लिपकार्ट ग्रुप के एसवीपी एवं चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए और विकास के व्यापक अवसर प्रदान कराते हुए एमएसएमई को सशक्त करना हमारी अथक प्रतिबद्धता है। वॉलमार्ट वृद्धि जैसे रणनीतिक गठजोड़ के माध्यम से हम साथ मिलकर उद्यमियों को उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और भारत की डिजिटल इकोनॉमी में योगदान देने में सक्षम बना रहे हैं।' उल्लेखनीय है कि वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए अब एमएसएमई https://www.walmartvriddhi.org/ पर रजिस्टर कर सकते हैं। वॉलमार्ट मार्केटप्लेस के माध्यम से अमेरिका में बिक्री की इच्छा रखने वाले सेलर्स इस लिंक के माध्यम से रजिस्टर कर सकते हैं- https://www.walmartvriddhi.org/marketplace उद्यमियों के लिए जानकारियों को और सरल बनाने के लिए वॉलमार्ट वृद्धि वेबसाइट में अब एक कंसोलिडेटेड रिसोर्स प्लेटफॉर्म भी दिया गया है, जिससे छोटे कारोबारी वॉलमार्ट ग्रुप की कंपनियों व अन्य रिसोर्स की ऑफरिंग्स तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप : मेसी के फ्री-किक गोल से इंटर मियामी ने पोर्टो को 2-1 से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप में खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी की ट्रेड मार्क फ्री-किक की बदौलत इंटर मियामी ने पुर्तगाली क्लब पोर्टो के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही एमएलएस क्लब इंटर मियामी ने ग्रुप-ए से आगे दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर लिया है।

पहले हाफ में सैमु आगहेहोवा के पेनल्टी गोल से पोर्टो को शुरुआती बढ़त मिली, लेकिन दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने जोरदार वापसी की। पहले टेलास्को सेगोविया ने बराबरी का गोल दागा और फिर 54वें मिनट में मेसी ने एक शानदार फ्री-किक के जरिए अपनी टीम को जीत दिलाई।

पहले हाफ में पोर्टो का दबदबा मैच की शुरुआत में पोर्टो ने आक्रामक खेल दिखाया और 8वें मिनट में उन्हें पेनल्टी मिली, जिसे वीएआर समीक्षा के बाद मंजूरी दी गई। इंटर मियामी के डिफेंडर नोआ एलेन द्वारा जोआओ मारियो को बॉक्स में हल्का सा टच करने पर रेफरी ने पेनल्टी दी।स्पेनिश खिलाड़ी सैमु आगहेहोवा ने गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी को छकाकर अपनी टीम को




बढ़त दिला दी, हालांकि उस्तारी ने गेंद को हाथ लगाया लेकिन रोक नहीं सके। लियोनेल मेसी ने शुरुआत से ही रचनात्मक भूमिका निभाई। उन्होंने अनुभवी स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़ को एक शानदार गेंद थ्रू की, लेकिन सुआरेज़ ऑफसाइड थे और गोलकीपर क्लाउडियो रामोस ने भी अच्छा बचाव किया।पहले हाफ के अंत तक पोर्टो का दबाव बना रहा। आगहेहोवा और वरेला ने गोल के कई मौके बनाए, लेकिन गोलपोस्ट और गोलकीपर उस्तारी की सतर्कता के चलते मियामी ने और गोल नहीं खाने दिए। दूसरे हाफ की शुरुआत से ही इंटर मियामी ने आक्रामक खेल दिखाया। 47वें मिनट में मार्सेलो वाइगांट के क्रॉस पर टेलास्को सेगोविया ने शानदार फिनिशिंग करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। इसके कुछ ही मिनटों बाद 54वें मिनट में मेसी को बॉक्स के बाहर फाउल किया गया। इसके बाद उन्होंने खुद फ्री-किक ली और अपने चिर-परिचित अंदाज़ में गेंद को टॉप राइट कॉर्नर में डालकर इंटर मियामी को 2-1 की बढ़त दिलाई।

# अखनूस स्पोर्ट्स क्लब ने बैडमिंटन चैंपियन को किया सम्मानित

एजेंसी

**अखनूर।** अखनूर स्पोर्ट्स क्लब ने जम्मू में खेले गए पहले तवी टूर्नामेंट के चैंपियन को सम्मानित किया। अखनूर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष धर्मपाल गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को उनकी जीत के लिए बधाई दी और अखनूर के चैंपियन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।उन्होंने रूपेश चिब (अंडर-19), अधविक मन्हास (अंडर-13) को एकल ट्रॉफी, शिवाय गुप्ता और रूपेश चिब को युगल ट्रॉफी (अंडर-17) में उपविजेता और सक्षम को एकल (अंडर-17) में कांस्य पदक प्रदान किया। इन खिलाड़ियों ने अपने निडर खेल और अचूक शॉट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अखनूर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष धर्मपाल गुप्ता ने इन बैडमिंटन खिलाड़ियों को कोच के रूप में प्रशिक्षित करने वाले आशीष चौधरी, सुमित सिंह और अंकुश शर्मा की सराहना की और उम्मीद जताई कि वे अखनूर के युवाओं को इस खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने, वांछित ऊंचाइयों को प्राप्त करने और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित करने में अपना समर्पित प्रयास जारी रखेंगे। धर्मपाल गुप्ता ने कहा कि अखनूर स्पोर्ट्स क्लब हमेशा अखनूर में खेल गतिविधियों को बढ़ाने और खिलाड़ियों को उनके सपने पूरे करने में मदद करने के लिए तैयार है। सम्मान समारोह के दौरान अखनूर स्पोर्ट्स क्लब के कार्यकारी सदस्य, खिलाड़ी, बैडमिंटन के कोच और अखनूर के प्रमुख नागरिक मौजूद थे।

# हॉकी लीग : एमआईसी और उत्तर मध्य रेलवे को मिली जीत

**प्रयागराज।** एमआईसी और उत्तर मध्य रेलवे ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्रथम हाफिज गजनफर उल्ला इलाहाबाद हॉकी लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर खेले गये पहले मैच में एमआईसी ने केपीआईसी को 8-1 से हराया। एमआईसी के लिए मोहम्मद तल्हा व अता खान ने दो-दो तथा शोभित शेखर, शाहबाज, मोहम्मद रिजवान एवं अल्काब ने एक-एक गोल किया। केपीआईसी के लिए एक मात्र गोल हरिशंकर ने किया। मैच में शाहबाज और राहुल निर्णायक रहे। दूसरे मैच में उत्तर मध्य रेलवे ने नेशनल स्पोर्टिंग क्लब को 2-1 से हराया। एमआईसी को 24वें मिनट में जैद ने गोल करके 1-0 की बढ़त दिला दी थी। लेकिन 31वें मिनट में शरद ने और 32वें मिनट में अभय ने गोल करके उत्तर मध्य रेलवे की बढ़त को 2-1 कर दिया जो मैच के अंत तक बनी रही।

# रवि शास्त्री की शुभमन गिल को सलाह- 'उन्हें अपना समय लेना चाहिए'

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज कल यानी शुक्रवार से शुरू हो रही है। पहला टेस्ट लीड्स में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में एक युवा टीम इस दौरे पर गई है। भारतीय टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के बिना टेस्ट क्रिकेट में उतरेगी। ऐसे में 25 साल के गिल की कप्तानी में भारतीय टीम की यह पहली परीक्षा होगी। इस बीच पूर्व क्रिकेटर और पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि बतौर कप्तान गिल के लिए ये टेस्ट सीरीज बिल्कुल भी आसान नहीं होगी। युवा कप्तान को इस चुनौतीपूर्ण भूमिका को निभाने के लिए धैर्य और संयम की जरूरत है। रवि शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि उन्हें अपना समय लेना चाहिए। यह आसान नहीं होगा। उन्हें एक कठिन काम करने के लिए कहा गया है जो है इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करना। गिल ने अपने टेस्ट करियर में अभी 32 मैच ही खेले हैं। उन्होंने दिसंबर 2020 में पदार्पण के बाद से इतने मैचों में 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पिचें हमेशा खिलाड़ियों की परीक्षा लेती हैं। ऐसे में देखना होगा कि बतौर कप्तान शुभमन गिल का करियर कैसे शुरू होता है, वो भी तब जब विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गज टीम में नहीं हैं, जिन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया है।

# भारतीय फुटबॉल कैलेंडर से गायब हुआ आईएसएल, एआईएफएफ ने 2025-26 योजना में नहीं किया शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के 2025-26 सीज़न के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की ओर से जारी किए गए प्रतियोगिता कैलेंडर में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। देश की शीर्ष पुरुष फुटबॉल लीग मानी जाने वाली इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को इस बार के शेड्यूल से पूरी तरह हटा दिया गया है। आईएसएल की शुरुआत 2014 में फ्रेंचाइज़ी लीग के रूप में हुई थी और 2019 में इसे भारत की शीर्ष श्रेणी (टॉप फ्लाइट) की लीग का दर्जा मिला था। यह लीग फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) द्वारा संचालित होती है, लेकिन अब इसका भविष्य अधर में लटका हुआ है। इसका मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) दिसंबर में समाप्त हो रहा है और अब तक इसके नवीनीकरण पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अप्रैल 2025 में एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने एफएसडीएल के साथ एमआरए के भविष्य को लेकर चर्चा करने के लिए एक आठ सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया था।

# कानपुर के युवाओं में गजब का क्रिकेटिंग टैलेंट, सही मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत की ज़रूरत: पीयूष चावला

एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर के युवाओं में गजब का क्रिकेटिंग टैलेंट है। जरूरत है तो बस सही मार्गदर्शन और मेहनत की। यह बातें आर्य नगर स्थित 'द स्पोर्ट्स हब' (टीएसएच) में तीन दिवसीय क्रिकेट कैंप के पहले दिन खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार स्पिनर और वर्ल्ड कप विजेता पीयूष चावला ने कही। उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप खिलाड़ियों को एक नई दृष्टि और प्रोफेशनल एक्सपोज़र देते हैं, जिससे वे आगे जाकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। वर्ल्ड कप विजेता पीयूष चावला ने युवा खिलाड़ियों को बताया कि ग्राउंड पर समय बिताना, गेम को पढ़ना और हर छोटी तकनीकी गलती पर काम करना ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान होती है। उन्होंने उभरते हुए क्रिकेटरों को मैदान पर प्रैक्टिकल टिप्स दिए और तकनीक, मानसिकता और अनुशासन पर फोकस करने की सीख दी। टीएसएच में पहले दिन के प्रशिक्षण सत्र में पीयूष चावला ने गेंदबाज़ी एक्शन, रन-अप, लाइन-लेंथ और मानसिक संतुलन जैसे पहलुओं पर चावला ने कहा कि ÷कानपुर के युवाओं में गजब का क्रिकेटिंग टैलेंट है। जरूरत है तो बस सही मार्गदर्शन और मेहनत की। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को बताया कि ग्राउंड पर समय बिताना, गेम को पढ़ना और हर छोटी तकनीकी गलती पर काम करना ही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान होती है। उन्होंने बच्चों के सवालों का जवाब भी उत्साह से दिया। उन्होंने कहा कि ÷सपना बड़ा हो और मेहनत ईमानदार, तो किसी भी शहर का खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल तक पहुंच सकता है। पीयूष चावला ने द स्पोर्ट्स हब की इस पहल को सराहते हुए कहा कि यहां जिस तरह की ट्रेनिंग फैसिलिटी और कोचिंग का माहौल है, वह राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरता है।

# स्पेन के राजा ने राफेल नडाल को 'मार्क्विस' की उपाधि दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने भारतीय युवा बल्लेबाज़ तिलक वर्मा के साथ करार की पुष्टि की है। तिलक रेड-बॉल क्रिकेट के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे और काउंटी चैम्पियनशिप के अगले चार मुकाबलों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका पहला मुकाबला 22 से 25 जून तक एसेक्स के खिलाफ चेल्म्सफोर्ड में होगा। भारतीय टीम की ओर से 29 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक वर्मा ने अब तक 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 749 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक शामिल हैं, जो नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार पारियों में आए थे। इसके अलावा उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े हैं, जिसमें साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 72* रनों की पारी शामिल है। टी20 और खासकर आईपीएल में अपने प्रदर्शन के लिए चर्चित तिलक ने 2019 में छोटे फॉर्मेट में पदार्पण किया था। 2022 में मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया और तब से उन्होंने फ्रेंचाइज़ी के लिए 54 मैचों में लगभग 1500 रन बनाए हैं। उनका औसत 37.47 और स्ट्राइक रेट




144.41 है। जून 2025 तक तिलक वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भी पूर्ण सदस्य देश के बल्लेबाज़ों में सबसे ऊंचे औसत (49.93) के साथ शीर्ष पर हैं। हैम्पशायर के क्रिकेट निदेशक जाइल्स व्हाइट ने एक बयान में कहा, तिलक जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को अगले चार मुकाबलों के लिए टीम में पाकर हम बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच और आईपीएल में अपनी काबिलियत साबित की है, और अब हम उन्हें हैम्पशायर के लिए खेलते देखने को उत्सुक हैं। रेड-बॉल क्रिकेट में भी तिलक वर्मा का रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अब तक 18 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हैं, जिसमें इंडिया ए के लिए दलीप ट्रॉफी और इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो मैच शामिल हैं। उन्होंने 50.16 के औसत से 1200 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं।

# मिडलसेक्स ने डेन विलास को अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया

एजेंसी

**लंदन।** काउंटी क्रिकेट क्लब मिडलसेक्स ने पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज़ डेन विलास को मौजूदा सीज़न के अंत तक अंतरिम फर्स्ट टीम कोच नियुक्त किया है। यह फैसला रिचर्ड जॉनसन के पद छोड़ने के दो दिन बाद लिया गया, जिन्होंने तीन साल से अधिक समय तक कोच की भूमिका निभाई। 40 वर्षीय विलास ने 2023 सीज़न के अंत में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह सात वर्षों तक लंकाशायर के लिए खेले और वहीं टीम की कप्तानी भी की। हालांकि, वह फ्रेंचाइज़ी लीग एसए 20 में खेलना जारी रखे हुए थे। अब वह लंदन में ही बसे हुए हैं और तुरंत प्रभाव से मिडलसेक्स की जिम्मेदारी संभालेंगे।मिडलसेक्स की मौजूदा स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। काउंटी चैम्पियनशिप के डिविजन दो में टीम तीसरे स्थान से नीचे है, और शुरुआती सात मैचों में केवल दो जीत दर्ज कर पाई है। टी20 ब्लास्ट में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जहां टीम ने हाल ही में केवल अपना दूसरा मुकाबला जीता, जिसके कुछ देर बाद विलास की नियुक्ति की घोषणा की गई। मिडलसेक्स के




क्रिकेट निदेशक एलन कोलमैन ने कहा,मैं डेन का क्लब में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हूं। उनके पास बहुत अनुभव है, जो हमारे खिलाड़ियों के लिए बेहद फायदेमंद रहेगा। उन्होंने हाल ही में खेल को अलविदा कहा है, लेकिन लंकाशायर की कप्तानी के दौरान उनके नेतृत्व कौशल ने मुझे प्रभावित किया। उनका जुनून, प्रतिस्पर्धात्मकता और सभी प्रारूपों का अनुभव हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदान का हिस्सा बनना विशेष अनुभव है। मैं टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। इस ग्रुप में काफी प्रतिभा है और मैं उसका अधिकतम उपयोग करना चाहता हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरे रॉरी कौट्स, टिम मर्टग और इयान सैलिसबरी के साथ अच्छे संबंध हैं, और हम सभी मिलकर टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। महत्वपूर्ण रहेगा।डेन विलास, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 6 टेस्ट और 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला है, ने अपनी नियुक्ति पर कहा,यह मेरे लिए

# मार्नस लाबुशेन वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर, स्टीव स्मिथ भी चोट के चलते नहीं खेलेंगे

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया को 25 जून से बारबाडोस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले बड़ा झटका लगा है। स्टार बल्लेबाज़ मार्नस लाबुशेन को टीम से बाहर कर दिया गया है जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चोट के कारण उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी जगह सैम कॉन्स्टास और जोश इंगलिस को टीम में शामिल किया गया है। यह दोनों बदलाव पहले टेस्ट से पांच दिन पहले ही घोषित किए गए, जिससे यह स्पष्ट है कि ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज़ी लाइन-अप में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के मुकाबले काफी बदलाव होगा। सैम कॉन्स्टास तीसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्होंने भारत के खिलाफ डेब्यू पर एमसीजी में 60 रन की पारी खेली थी। वहीं जोश इंगलिस ने



श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में शतक लगाकर अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की थी।वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में लाबुशेन को सलामी बल्लेबाज़ के रूप में आजमाया गया था, लेकिन वे केवल 17 और 22 रन की पारियां ही खेल पाए। पिछले दो वर्षों से उनका टेस्ट फॉर्म लगातार गिरावट पर है। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बैली ने कहा, मार्नस जब अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं तो टीम के लिए बेहद अहम होते हैं। वह भी समझते हैं कि उनका प्रदर्शन उस स्तर पर नहीं है जिसकी हम और वे खुद उनसे अपेक्षा करते हैं। हम उनके खेल के उन पहलुओं पर काम करना जारी रखेंगे जिन्हें सुधारने की जरूरत है।

स्मिथ को साउथ अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान टेम्बा बावुमा का कैच छोड़ते समय उंगली में गंभीर चोट लगी थी। उनकी छोटी उंगली में कंपाउंड डिसलोकेशन हुआ है और फिलहाल उन्हें आठ हफ्ते के लिए स्प्लिंट पहनना होगा। हालांकि उम्मीद है कि वे वेस्टइंडीज दौरे के बाद के टेस्ट में वापसी कर सकते हैं। टेस्ट की अंतिम एकादश और बल्लेबाज़ी क्रम की घोषणा मैच के करीब की जाएगी, लेकिन उम्मीद है।

# मुनीमपुर स्टार्स की टीम ने मेवाती वाली मिलक को 199 रन से दी शिकस्त



एजेंसी

**मुरादाबाद।** अरमान अली एपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुनीमपुर स्टार्स की टीम ने मेवाती वाली मिलक को 199 रन के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुनीमपुर में खेले गए खिताबी मुकाबले में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 290 रन बनाए। जवाब में मेवाती वाली मिलक की पूरी टीम महज आठ ओवर में 91 रन पर ही ढेर हो गई। विजेता टीम के लिए नवाजिश ने 64 और गुले हसन ने 43 रन की पारी खेली। मुख्य अतिथि मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान शानू नंबरदार, मुर्शद अली, रिजवान, फरमान मुर्तजा आदि मौजूद रहे।

# फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप: दूसरे दिन हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और ओडिशा की दमदार जीत

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई में चल रहे फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के दूसरे दिन मुकाबलों में रोमांच और उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। महिला वर्ग में हॉकी पंजाब और हॉकी हरियाणा ने जीत दर्ज की, जबकि पुरुष वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा विजेता रहे।

**महिला वर्ग में पंजाब और हरियाणा का दबदबा**

दिन की शुरुआत हॉकी पंजाब और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के मुकाबले से हुई, जिसमें पंजाब ने ओडिशा को 3-1 से मात दी। पंजाब की ओर से संगीता मिन्ज (3'), कप्तान अमनदीप कौर (5') और नीति (26') ने गोल दागे। ओडिशा की ओर से एकमात्र गोल रंजीता बेक (50') ने किया। दूसरे मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी यूनिट



ऑफ तमिलनाडु को 8-4 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हरियाणा के लिए छिंगशुबम संगई इबेमहल (3', 10', 13') और सोनिका यादव (32', 49', 51') ने हैट्रिक लगाई, जबकि सुमन लता चुम्बक (26') और नीतू कुमारी (44') ने भी गोल किए। तमिलनाडु की ओर से सुरेश रासना बाबू (2', 20'), क्रिस्टी एलेना एडवर्ड (40') और सौम्या (56') ने गोल किए।

पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र और ओडिशा ने दर्ज की बड़ी जीत

पुरुष वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र ने मणिपुर हॉकी को एकतरफा मुकाबले में 7-1 से शिकस्त दी। कप्तान धनंजय महाडिक (34', 36') ने दो गोल किए, जबकि दादासाहेब प्रकाश घुंबरे (12'), विक्रम पिल्ले (14'), लियोनार्ड कीथ परेरा (19'), शक्ति भारतसिंह ठाकुर (24') और हरीश पाडिन्जारेथिल (54') ने भी एक-एक गोल किया। मणिपुर की ओर से एकमात्र गोल सोरोखैबम विद्याकुमार सिंह (25') ने किया। दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने ले पुडुचेरी हॉकी को 6-3 से हराया। ओडिशा के लिए सैटियल मुंडु ने (32', 41', 43') हैट्रिक लगाई, जबकि कप्तान लाजरुस बारला (19'), लधु एक्का (52') और बर्नार्ड लकड़ा (59') ने भी गोल किए। पुडुचेरी की ओर से हरिकृष्णन एस (17'), बी अधिकेसवन (23') और डेल्हिगणेश (58') ने गोल किए।

# आलिया एलीन और कियाना जोसेफ आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर दोषी करार

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों आलिया एलीन और कियाना जोसेफ को दूसरे महिला वनडे मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के कारण आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। यह मुकाबला बीते सप्ताहांत बारबाडोस के ओवल में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के खिलाफ खेला गया था। दोनों खिलाड़ियों ने आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असंतोष प्रकट करने से संबंधित है। आलिया एलीन को आउट दिए जाने के बाद खुले हाथों से इशारा करते हुए मैदान छोड़ने में देरी करने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया।

# उत्तराखंड करेगा वीनू मांकड ट्रॉफी 2025 की मेजबानी, देहरादून में होंगे मुकाबले

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड को इस बार (सीसीआई की प्रतिष्ठित वीनू मांकड ट्रॉफी की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है। अंडर-19 आयु वर्ग की यह राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 09 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक देहरादून में आयोजित की जाएगी।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) के तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता के सभी मैच देहरादून के तीन अलग-अलग मैदानों में खेले जाएंगे। हर दिन तीन मुकाबले आयोजित होंगे।इस ट्रॉफी में देश की छह राज्य स्तरीय टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, हैदराबाद और कर्नाटक शामिल हैं।सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई से मान्यता मिली थी। उन्होंने कहा कि अल्प समय में ही उत्तराखंड ने खेल आयोजनों में



अपनी एक खास पहचान बना ली है। इसी शानदार आयोजन क्षमता को देखते हुए बीसीसीआई ने इस बार मेजबानी का दायित्व उत्तराखंड को सौंपा है।माहिम वर्मा ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारने, उत्तराखंड की छवि राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने और पर्यटन व रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होते हैं।

# बंगाल प्रो टी20 लीग : नूरुद्दीन मंडल और अंकुर पॉल के शानदार प्रदर्शन से सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी20 लीग में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स और मुर्शिदाबाद किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले को सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की टीम ने जीत लिया। गत चैंपियन मुर्शिदाबाद किंग्स, सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के नूरुद्दीन मंडल की शानदार गेंदबाज़ी के आगे पस्त हो गए, सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने इस मुकाबले में 61 रन की धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए लीग में अपना पहला मैच जीता। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। चार विकेट लेकर सिर्फ 16 रन देने वाले नुरुद्दीन मंडल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह अब टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं, उनके नाम 10 विकेट हो चुके हैं।

बारिश से प्रभावित मुकाबला, देरी से हुई शुरुआत

ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले को बारिश के चलते 16-16 ओवर का कर दिया गया। मैच की शुरुआत तय समय से एक घंटा 15 मिनट देरी से हुई। टॉस जीतकर मुर्शिदाबाद किंग्स ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की शुरुआत शानदार रही। ओपनर अंकुर पाल ने 35 गेंदों पर 50 रनों की तेज़




पारी खेली, जिसमें एक छक्का और आठ चौके शामिल थे। सूरज सिंधु जैसवाल ने भी 24 रन का योगदान दिया। मुर्शिदाबाद के लिए सैयद इरफ़ान आफताब ने 21 रन देकर तीन विकेट लिए। तौफ़िक उद्दीन मंडल, बिकाश सिंह और दिलशाद ने दो-दो विकेट झटके।

गेंदबाज़ों का जलवा, मुर्शिदाबाद की टीम 74 पर ढेर

136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुर्शिदाबाद किंग्स की टीम पूरी तरह लड़खड़ा गई और 14 ओवरों में सिर्फ 74 रन पर ऑल आउट हो गई। नुरुद्दीन मंडल ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी करते हुए चार विकेट झटके। उनके साथ रज्जू हलदार, शिवम भारती और अंकुश त्यागी ने भी शानदार गेंदबाज़ी की और लगातार दबाव बनाए रखा।

अंक तालिका में वापसी: बारिश के कारण पहले दो मुकाबलों में अंक बांटने के बाद यह जीत सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए राहत लेकर आई।

अनुष्टुप मजूमदार की कप्तानी में टीम ने जोरदार वापसी की है और अब टीम प्लेऑफ की दौड़ में मजबूती से खड़ी नजर आ रही है। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स का अगला मुकाबला हारबर डायमंड्स के खिलाफ शनिवार दोपहर 01 बजे है।

**ज्योतिष विज्ञान के अनुसार शनि की टेढ़ी नजर यानि वक्र दृष्टि हर व्यक्ति के जीवन में हलचल मचाती है। सूर्य पुत्र शनि देव का नाम सुनकर लोग सहम से जाते हैं। शनि की टेढ़ी चाल से किसे डर नहीं लगता, उनके क्रोध से मनुष्य तो क्या देवता भी थर-थर कांपते हैं, यहां तक की भगवान श्री गणेश पर दृष्टि पड़ते ही उनका सिर कट गया।**



## शनिदेव की दृष्टि से क्यों कांपते हैं
# मनुष्य व देवता

शनि एक पाप ग्रह माना जाता है। शनि की वक्र दृष्टि से अच्छे-भले मनुष्य का नाश हो जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार शनि की टेढ़ी नजर यानि वक्र दृष्टि हर व्यक्ति के जीवन में हलचल मचाती है। सूर्य पुत्र शनि देव का नाम सुनकर लोग सहम से जाते हैं। शनि की टेढ़ी चाल से किसे डर नहीं लगता, उनके क्रोध से मनुष्य तो क्या देवता भी थर-थर कांपते हैं, यहां तक की भगवान श्री गणेश पर दृष्टि पड़ते ही उनका सिर कट गया। जानें आगे क्या हुआ

सनातन धर्म में शास्त्रों के अनुसार भगवान श्री गणेश को भगवान श्री कृष्ण चन्द्र का ही अवतार माना गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार पुत्र प्राप्त करने की चाह से मां पार्वती ने भगवान श्री कृष्ण चन्द्र जी का ध्यान किया। अपने भक्त की पुकार सुन कर भगवान श्री कृष्ण चन्द्र जी ने वृद्ध ब्राह्मण का रूप धारण कर माता पार्वती को बताया कि वह गणेश रूप में उनके पुत्र बनकर अवतरित होंगे। इस घटना के उपरांत मनमोहनी छवी का बालक मां पार्वती जी के समक्ष अवतरित हुआ। उस बालक के मुख मंडल पर इतना तेज था कि उसके आकर्षण में बंध कर समस्त देवी-देवता और ऋषि-मुनि बालक के दर्शनों हेतू आ गए। जब शनिदेव को ज्ञात हुआ की सभी देवी-देवता और ऋषि-मुनि मनमोहनी छवी के बालक के दर्शन करने गए हैं तो वो भी श्री गणेश के दर्शनों के अभिलाषी बन कर कैलाश पर्वत पर पंहुच गए।

वे खुशी-खुशी कैलाश पर्वत पर पंहुच तो गए मगर उन्होंने बालक गणेश के दर्शन नहीं किए क्योंकि शनिदेव को उनकी पत्नी का शाप था कि उनकी दृष्टि सदैव नीची ही रहेगी, जिस पर उनकी दृष्टि पड़ेगी उसका सिर कट जाएगा। इस भय से की उनके दर्शन करने से बालक का कोई अहित न हो जाए वह आंखे फेरे खड़े रहे।

माता पार्वती को बहुत आश्चर्य हुआ की सभी देवी-देवता और ऋषि-मुनि उनके पुत्र की मनमोहनी छवी को निहार रहे हैं वहीं शनि देव नजरे नीचे किए उनके पुत्र से दूरी क्यों बनाए हुए हैं। उन्होंने शनिदेव को अपने समीप बुलाया और कहा, '' शनिदेव सभी देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों ने मेरे पुत्र के दर्शन कर लिए हैं बस आप ही रह गए हैं। लिजिए गोद में उठा लें बालक को।''

शनिदेव बोले, '' माफ करें माता मैं चाह कर भी इस मनमोहने बालक को अपनी गोद में उठा नहीं सकता और न ही इस पर अपनी दृष्टि डाल सकता हूं।''

माता पार्वती हैरानी से शनि देव की ओर देखने लगी। शनिदेव ने उन्हें अपनी पत्नी द्वारा दिए गए श्राप की बात बताई। किंतु माता बनने का सौभाग्य पाकर माता पार्वती बहुत हर्षित थी। उन्होंने शनिदेव की एक न सुनी और बालक गणेश के दर्शन करने को कहा। माता पार्वती के प्रेमपूर्वक किए गए अग्रह को शनिदेव टाल न सके और उन्होंने बालक पर अपनी दृष्टि डाल दी। शनिदेव के बालक गणेश पर दृष्टि डालते ही उनका सिर कट गया। अपने पुत्र की ऐसी दशा देख माता पार्वती विलाप करने लगी। भगवान श्री हरि विष्णु जल्दी से गए और जाकर एक हाथी के बच्चे का सिर काटकर ले आए और उसे बालक गणेश के सिर पर लगा दिया। उसी दिन से श्री गणेश गजानन कहलाए।

# तप का सर्वोत्तम उपाय क्या है ?

परमात्मा की हवा, परमात्मा का पानी, परमात्मा की रोशनी, परमात्मा का खाना, इन चीजों से मनुष्य की शक्ति बनती है। जब मनुष्य मन में यह भावना घर कर लेती है कि मेरी शक्ति से नहीं, उन्हीं की शक्ति से सब कुछ हो रहा है, तब उनमें अनंत शक्ति आ जाती है। परमात्मा की इच्छा से दुनिया की उत्पत्ति हुई है किंतु मनुष्य सोचते हैं कि मेरी कर्मसिद्धि हुई है। कर्मसिद्धि कुछ नहीं हुई है, परमपुरुष की इच्छा की पूर्ति हुई है। वे जैसा चाहते हैं, वैसा हुआ। तुम्हारी ख्वाहिश भी वैसी थी, इसलिए तुम्हारे मन में भावना आई कि मेरी इच्छा की पूर्ति हो गई है। साधक केवल आगे बढ़ेंगे और दुनिया के और व्यक्ति पीछे रह जाएंगे, यह मनोभाव साधक का नहीं है इसलिए कहा जाता है कि साधना का अन्यतम अंग है तप। तप अर्थात अपने स्वार्थ की ओर नहीं ताकना, ताकना है समाज के हित की ओर। सामूहिक कल्याण की भावना जहां है, व्यक्तिगत कल्याण उसमें हो या न हो, उसी का नाम है तप। तप का सर्वोत्तम उपाय क्या है? जनसेवा जो जनसेवा करते हैं, वे सेवा करते वक्त सेवा प्राप्त करने वाले को नारायण समझते हैं, मनुष्य नहीं। इसलिए जनसेवा से आध्यात्मिक उन्नति तो अवश्य ही होती है। इसके अतिरिक्त मन अत्यन्त निर्मल हो जाता है। उस निर्मल मन से मनुष्य जो कुछ भी करेगा, उसी में उनकी जय-जयकार है।



## राशिनुसार दीवारों के रंग कैसे हों

अपनी राशि के अनुरूप रंगों का चयन करके आप अपने मकान को पेंट करवा सकते हैं।

मेष – लाल, मेहरून, ईंट जैसा
वृषभ – सफेद, चमकीला, हरा, बादामी
मिथुन – गहरा हरा, गहरा नीला, पीच, फिरोजी
कर्क – चांदी, सफेद, आसमानी, परपल
सिंह – पीले रंग के हर शेड्स, जामुनी, नारंगी
कन्या – गुलाबी, हल्का हरा, रामा ग्रीन, सी ग्रीन
तुला – सफेद, बेबी पिंक, ब्राउन, मरीन ब्लू
वृश्चिक – हल्का लाल, लाइट मेजेंटा, पिकॉक ब्लू
धनु – लाइट येलो, हल्दी जैसा पीला, पीच
मकर – ग्रे, डार्क ऑरेंज, ब्राऊन, लाइट ब्लू
कुंभ – ब्लू के सभी शेड्स, खिलता पिंक, मेटल शेड
मीन – ऑरेंज के सभी शेड्स, हल्का बैंगनी, डार्क बादामी



# कैसे करें नवग्रह को प्रसन्न

**ज्योतिष के अनुसार हमारे अंतरिक्ष में फैले सौर मण्डल के 9 ग्रहों का धरती पर स्थित सभी प्राणियों, यहां तक कि जल और पेड़-पौधों पर भी प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष गणना के मुताबिक प्रत्येक जातक पर जन्म लग्न, दशा-महादशा, अंतरदशा तथा प्रत्यंतरों का प्रभाव निश्चित पड़ता है। लग्न, जन्मराशि तथा नाम राशि से चौथे, आठवें, बारहवें स्थान की स्थिति का प्रभाव सभी पर पड़ता है। नवग्रहों के दुष्प्रभाव को शांत करने के लिए भी कई उपाय ज्योतिष में बताए गए हैं जिनका विधि-विधान से पालन करें तो अवश्य लाभ मिलता है।**

सूर्य शांति के लिए आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। माता-पिता की सेवा तथा सूर्य को अर्घ्य, जल में रोली तथा लाल पुष्प डालकर देना चाहिए। सोना-तांबा तथा चीनी-गुड़ का दान भी करें। सूर्योदय से पूर्व उठें तथा रविवार का व्रत करें।

ध्यान देने योग्य बातें- नमक का कम उपयोग करें। बुजुर्गों का सम्मान करें। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग लें।

चंद्रदेव शांति के लिए नमः शिवाय मंत्र का जप करें। पानी वाला नारियल, सफेद चंदन तथा चांदी का चंद्रमा, विल्बपत्र, सफेद मिष्ठान्न का भगवान शंकर को भोग लगाएं।

ध्यान रखने योग्य बातें- सोमवार का व्रत करें तथा सफेद वस्त्र का दान करें, पहाड़ों की यात्रा करें तथा स्वमाता के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त करें।

मंगल की शांति के लिए हनुमानजी को चमेली का तेल मिश्रित सिंदूर व शुद्ध घी का चोला चढ़ाएं तथा मंगल स्तोत्र का पाठ करें। इमरती, जलेबी, बूंदी तथा चूरमे का प्रसाद अर्पण करें।

ध्यान रखने योग्य बातें- अपने कुटुंब, सहयोगियों से बैर न रखें। सगे भ्राता को सम्मान दें। मंगलवार का व्रत करें।

बुध ग्रह की शांति के लिए मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। हरे मूंग भिगोकर पक्षियों को डालें। पालक या हरा चारा गायों को खिलाएं। पक्षियों विशेषकर तोतों को पिंजरों से स्वतंत्रता दिलाएं।

ध्यान रखने योग्य बातें- नौ वर्ष से छोटी कन्याओं के पाद प्रक्षालन अर्थात पैर धोकर उनको प्रणाम करके आशीर्वाद प्राप्त करें। बुधवार का व्रत रखें। मंत्रानुष्ठान हवन करके बुध की अनुकंपा प्राप्त करें।

बृहस्पति देव गुरु की प्रसन्नता के लिए ब्राह्मणों का सम्मान करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करें। चने की दाल तथा केशर का मंदिर में दान करें, केशर का तिलक मस्तक पर लगाएं एवं ज्ञानवर्द्धक पुस्तकों का योग्य व्यक्तियों को दान करें।

ध्यान रखने वाली बातें- किन्नरों की सेवा करें। भगवान ब्रह्मा का केले से पूजन करें तथा कुल पुरोहित का सम्मान करके आशीर्वाद प्राप्त करें एवं यथाशक्ति स्वर्ण का दान करें।

शुक्र ग्रह की शांति के लिए कनकधारा महालक्ष्मी का दैनिक पाठ करें। श्वेत और स्वच्छ वस्त्र पहनने चाहिए। गो की सेवा तथा गोशाला में गुड़, हरा चारा, चने की दाल गायों को खिलाएं। विशेष रूप से श्रीविद्या का पूजन कराएं। एकाक्षी ब्राह्मण को कांसे के कटोरे में खीर खिलाकर दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त करें। विशेष परिस्थिति में रोग हो तो मृत संजीवनी का मंत्र जप कराएं।

ध्यान रखने योग्य बातें- अपनी पत्नी का सम्मान करना चाहिए। संयम से रहें। व्यसनों से बचें।

शनि ग्रह की शांति के लिए पीपल वृक्ष तथा भैरव का पूजन करें। इमरती, उड़द की दाल, दही बड़े भैरवजी को चढ़ाएं व प्रसाद में बांटें। श्री हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड का नियमित पाठ करें।

ध्यान रखने योग्य बातें- मजदूरों को तली हुई खाद्य वस्तुओं का दान करें। शनिवार का व्रत करें। पिता के संबंधियों से अच्छे मधुर संबंध बनाए रखें। शनिवार को तिल के तेल का शनि पर अभिषेक करें।

राहु की शांति के लिए मां सरस्वती का पाठ-पूजन करना चाहिए, घर पर बने शुद्ध शाकाहारी भोजन का ही सेवन करें।

ध्यान रखने योग्य बातें- किसी भी प्रकार का बिजली का सामान इकट्ठा न होने दें तथा बिजली का सामान मुफ्त में न लें। मातृपक्ष के संबंधियों की सेवा करें और अश्लील साहित्य या फिल्में न देखें।

केतु ग्रह की शांति के लिए गणेशजी की पूजा-अर्चना करें। बच्चों को केले खिलाएं और किसी भी धर्मस्थल पर ध्वजा चढ़ाएं।

ध्यान रखने योग्य बातें- कुत्तों को तेल चुपड़ी रोटी खिलाएं। कुत्तों को चोट कदापि न पहुंचाएं।

# सपनों में छुपा है जीवन का रहस्य

- शास्त्रों के अनुसार सपने में आकाश में उडना, नदी या समुद्र में तैरना, तारों या चंद्रमा का दर्शन, महल या पर्वत की चोटी पर आसीन होना शुभ रहता है।
- सपने में पानी वाली जगह जैसे तालाब पोखर में नहाना, सफेद फूल, दर्पण, देवी-देवता, आभूषण से सुसज्जित स्त्री को देखना सुखकारक होता है।
- यदि आप स्वप्न में स्वयं को मल में लिपटा हुआ पाते हैं या सांप ने आपको काट लिया है, तो इसका मतलब है कि आपको धन की प्राप्ति होगी।
- सपने में आपके सिर पर सांप काट ले, तो आपको बेहतरीन नौकरी, पुराना धन मिलने, विवादित या बरसों से बाधित काम के योग बनते हैं।
- सपने में यदि अपने दांत टूटे दिखें, तो इसका मतलब है कि आप बीमार पडने़ वाले हैं। खाई में गिरना पद-हानि, अथवा पतन का प्रतीक माना जाता है।
- स्वप्न में सिर के केशों का गिरना-भयानक बीमारी, सोने के गहने का टूटना या खोना दुर्घटना का सूचक है। सपने में दूध का जलना भी अशुभ माना जाता है।

## मनुष्य के पापों को कैसे धोती हैं
# गंगा, यमुना और सरस्वती

अनेक धार्मिक स्थानों पर लोग अपनी-अपनी इच्छाओं और मन्नतों की पूर्ति के लिए जाते हैं। इन स्थानों पर आकर ही समझ में आता है कि मनुष्य कितना कमजोर और निःसहाय है। इसमें कोई शक नहीं है कि यहां आकर अच्छे-अच्छों के सिर झुक जाते हैं। नास्तिक भी स्वीकार करेंगे कि यहां पर मनुष्य के अहम् की समाप्ति होती है।
यहां आदमी सेवा, त्याग, दान, चिंतन वह सब कुछ करने को तैयार हो जाता है, करता भी है, जो वह अमूमन अपने घर में नहीं करता। तो क्या यह डर है? बहुत हद तक। मगर इन सब में प्रमुख यह है कि यहां भी भक्त कहीं न कहीं स्वार्थी ही सिद्ध होती है। तभी तो वह अपने लिए विभिन्न सुख की कामना और दुःख के निवारण की प्रार्थना करता है और अधिक हुआ तो अपने परिवार के सदस्यों की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करता है। दक्षिण चन्द्रभागा के तट पर श्री विठ्ठल भगवान के मंदिर के पास ही प्रायः पांच सौ गज दूरी पर पुण्डरीक का मंदिर है और इस धार्मिक स्थान का बड़ा महात्मय है क्योंकि यह ऐसे माता-पिता के भक्त हुए हैं जिन्होंने उनकी सेवा में अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया था यहां तक की भगवान जब उन्हें दर्शन देने आए तो जानें आगे क्या हुआ.

यह पुण्डरीक पहले माता-पिता के भक्त नहीं थे। एक बार वह पत्नी सहित काशी गए और वहां उन्होंने काशी से तीन कोस दूर मातृ-पितृ भक्त महात्मा कुक्कुट के आश्रम में गंगा, यमुना और सरस्वती को उनकी सेवा करते देखा। पुण्डरीक जब उनके चरण स्पर्श करने को आगे बड़े तो वे यह कह कर दूर हट गई की तुम पापी हो, हमें छुना मत। पुण्डरीक के बहुत अनुनय विनय करने पर गंगा, यमुना और सरस्वती ने बताया कि तुम जैसे पापी मनुष्य हम में स्नान करके जो पाप राशि छोड़ जाते हैं उस पाप राशि को धोकर विशुद्ध करने और पुण्य अर्जित करने के लिए महान पुरूषों के आश्रम में आकर उनकी सेवा करती हैं। यह सुनकर पुण्डरीक ने उनसे अपने उद्धार का उपाय पूछा। उन्होंने कुक्कुट ऋषि के पास जाकर उनसे पूछने को कहा। तदनुसार पुण्डरीक ने कुक्कुट ऋषि के पास जाकर अपनी कथा सुनाई और उद्धार का उपाय पूछा। इस पर परम मातृ-पितृ भक्त कुक्कुट ऋषि ने कहा की पुण्डरीक, तू बड़ा मूर्ख है जो माता-पिता की सेवा को छोड़कर यहां काशी तीर्थ के लिए आया है। तुझे यहां क्या फल मिलेगा? माता-पिता की सेवा काशी यात्रा से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। जा, यहां से और माता-पिता की सेवा कर। कुक्कुट ऋषि के वचन सुन कर पुण्डरीक वहां से लौट आए और पूर्ण श्रद्धा व प्रेम से माता-पिता की सेवा करने लगे। वे फिर माता-पिता के साथ पण्ढरी में आकर रहने लगे। उनकी मातृ-पितृ भक्ती से प्रसन्न होकर एक दिन उन्हें दर्शन देने के लिए स्वयं भगवान पधारे। उस समय पुण्डरीक अपने माता-पिता की सेवा में व्यस्त थे। उन्होंने भगवान को उचित आदर सत्कार देने की अपेक्षा माता-पिता की सेवा को श्रेष्ठ समझा और भगवान की अपेक्षा न हो इसलिए भगवान की ओर एक ईंट बढ़ा कर प्रार्थना की कि आप इस ईंट पर खड़े रहें। भगवान भक्त वत्सल हैं अर्थात अपने भक्तों के अधीन रहते हैं और भक्त भगवान को अपने प्रेम के वश में करके मनचाही करवा लेते हैं। अतः भगवान भक्त के अग्रह पर उस ईंट पर खड़े हो गए। पुण्डरीक माता-पिता की सेवा से निवृत होकर उसी ईंट के समीप गए और हाथ जोड़कर भगवान की स्तुती करने लगे। भगवान उसकी स्तुति से खुश हुए और उन्होंने उसे वर मांगने को कहा। पुण्डरीक बोले, मेरी अपने माता-पिता के चरणों में इसी प्रकार सेवा और भक्ति बनी रहो। कृपया करके आप इसी रूप में यहां विराजित हो जाए। पुण्डरीक को तथास्तु! कहकर भगवान पुण्डरीक की इच्छानुसार श्री विग्रह के रूप में ईंट पर ही खड़े हो गए और आज तक उनके श्री विग्रह की पूजा होती है और पुण्डरीक के माता-पिता की समाधि भी उन्हीं के मंदिर के पास विद्यमान है। सारांश यह निकलता है कि केवल माता पिता की सेवा से ही मनुष्य का कल्याण हो सकता है।



# शिव पूजा में वर्जित हैं शंखनाद

विश्व के सभी धर्मों में हिन्दू धर्म सबसे पुराना धर्म है। ये वेदों पर आधारित है, यह अपने गर्भ में विभिन्न देवी देवताओं की उपासनाओं, मतों, धार्मिक पंथों, और दर्शनों को समेटे हुए है। हिन्दु धर्म के लोग अपनी-अपनी आस्था के अनुसार अपने इष्ट देव को मानते हैं। मानव मन जिस भी देवी-देवता की लीलाओं से अधिक प्रभावित होता है उसे उस देवता को अपना इष्ट देव बनाना चाहिए और उनका ध्यान करना चाहिए। हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार पांच प्रमुख देवता हैं विष्णु, गणेश, सूर्य, शिव और शक्ति। जो शक्तियों के अलग-अलग रूप हैं। हिन्दू धर्म के इन प्रमुख देवताओं में से भगवान शिव को देवों के देव महादेव कहा जाता हैं। भगवान शिव के 108 नाम हैं। भगवान शिव को सभी विद्याओं का जनक भी माना जाता है। वे तंत्र से लेकर मंत्र तक और योग से लेकर समाधि तक प्रत्येक क्षेत्र के आदि और अंत हैं। यही नहीं वे संगीत के आदि सृजनकर्ता भी हैं, और नटराज के रुप में कलाकारों के आराध्य भी हैं। वास्तव में भगवान शिव देवताओं में सबसे अद्भुत देवता हैं। कोई भी प्रार्थना, पूजा पाठ, आराधना, मंत्र, स्तोत्र और स्तुतियों का फल तभी प्राप्त होता है जब आराधना विधि-विधान और शास्त्रोक्त तरीकों से की जाए। शिव उपासना में शंख का प्रयोग वर्जित माना गया है। पुरातन कथाओं के अनुसार भगवान शिव की पूजा में शंख का प्रयोग नहीं होता। इन्हें शंख से न तो जल अर्पित किया जाता है और न ही शंख बजाया जाता है। आध्यात्मिक ग्रंथों, पौराणिक मतों के अनुसार देवता और दानवों ने अमृत की खोज के लिए मंदराचल पर्वत की मथानी से क्षीरसागर मंथन किया, उससे 14 प्रकार के रत्न प्राप्त हुए। आठवें रत्न के रूप में शंखों का जन्म हुआ। शंख को विजय, समृद्धि, सुख, यश, कीर्ति तथा लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। वैदिक अनुष्ठानों एवं तांत्रिक क्रियाओं में भी विभिन्न प्रकार के शंखों का प्रयोग किया जाता है। पुरातन कथा के अनुसार एक समय श्री राधा रानी गोलोक धाम से कहीं बाहर गई हुई थी। श्री कृष्ण अपनी सखी विरजा के साथ विहार कर रहे थे। संयोगवश उसी समय श्री राधा रानी वहां आ गई। सखी विरजा को अपने प्राण प्रिय श्री कृष्ण के साथ देख कर श्री राधा रानी को बहुत क्रोध आया। क्रोध में उन्होंने कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जिससे विरजा को बहुत लज्जा महसूस हुई। लज्जावश विरजा ने नदी का रूप धारण कर लिया और वह नदी बनकर बहने लगी। श्री राधा रानी के क्रोध भरे शब्दों को सुन कर श्री कृष्ण के मित्र सुदामा को बहुत बुरा लगा उन्हेंने श्री राधा रानी से ऊंचे स्वर में बात की। जिससे क्रोधित श्री राधा रानी ने सुदामा को दानव बनने का श्राप दे दिया।

आवेश में आए सुदामा ने भी हित-अहित का विचार किए बिना श्री राधा रानी को मनुष्य योनि में जन्म लेने का श्राप दे दिया। श्री राधा रानी के श्राप से सुदामा शंखचूर नाम का दानव बना। दंभ के पुत्र शंखचूर का वर्णन शिवपुराण में भी मिलता है। यह अपने बल के खुमार में तीनों लोकों का स्वामी बन बैठा। साधु-संतों को सताने लगा। साधु-संतों की रक्षा के लिए भगवान शिव ने शंखचूर का वध कर दिया। शंखचूर श्री विष्णु और देवी लक्ष्मी का परम प्रिय भक्त था। भगवान विष्णु ने इसकी हड्डियों से शंख का निर्माण किया इसलिए विष्णु एवं अन्य देवी देवताओं को शंख से जल अर्पित किया जाता है। शंख भगवान विष्णु को बहुत ही प्रिय हैं लेकिन शिव जी ने शंखचूर का वध किया था इसलिए शंख भगवान शिव की पूजा में वर्जित माना गया है।



# अंतरा बिस्वास

## कैसे बनीं भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मोनालिसा? एक्ट्रेस ने उठाया इस रहस्य से पर्दा

मोनालिसा ने 2006 में बतौर एक्ट्रेस भोजपुरी सिनेमा में एंट्री ली थी. इसके पहले वो बॉलीवुड, साउथ, बंगाली और गुजराती फिल्मों में भी काम कर चुकी थीं. भोजपुरी फिल्मों के बाद मोनालिसा ने हिंदी सीरियल में भी काम किया और आज उनका नाम हर कोई पहचानता है. मोनालिसा अब ओटीटी पर छाई हैं और उनके लाखों फैंस हैं. ये सभी फैंस जानते हैं कि मोनालिसा एक्ट्रेस का असली नाम नहीं है, बल्कि वो अंतरा बिस्वास हैं.अंतरा बिस्वास जब फिल्मों में आईं तब उसी नाम से एंट्री की, लेकिन बाद में उन्होंने अपना नाम मोनालिसा रखा. इसके पीछे की उनकी एक वजह है जिसके बारे में एक्ट्रेस ने एक पॉडकास्ट में बताया है. द एडशो नाम के यूट्यूब चैनल पर मोनालिसा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया. इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर बात की, लेकिन उनका नाम अंतरा बिस्वास से मोनालिसा कैसे पड़ा, आइए बताते हैं.



**अंतरा बिस्वास कैसे बनीं भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा?**

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे की बड़ी बहन आंचल दुबे अपना यूट्यूब चैनल चलाती हैं. 'द एडशो' यूट्यूब चैनल भी उनका ही है और इसी पर मोनालिसा ने हाल ही में इंटरव्यू दिया है. इसमें जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि अंतरा बिस्वास का नाम मोनालिसा कैसे पड़ा तो एक्ट्रेस ने इसका जवाब दिया. मोनालिसा ने कहा कि जब उन्होंने बॉलीवुड में एंट्री ली थी तब उस समय अंतरा माली नाम की एक एक्ट्रेस पहले से जमी हुई थीं. कई लोगों ने उन्हें नाम बदलने का सजेशन दिया, लेकिन उन्हें अपने नाम से बहुत प्यार था इसलिए वो ऐसा नहीं करना चाहती थीं.

लेकिन न्यूमरोलॉजी में विश्वास करने के कारण वो एक्सपर्ट्स से मिलीं. जहां उन्हें कहा गया कि कुछ अलग नाम रखें तब ही फिल्म इंडस्ट्री में वो टिक पाएंगी. उन्होंने बहुत सोचा तब उनके माइंड में मोनालिसा आया क्योंकि एक पेंटिंग के बारे में उन्होंने सुना था और उस समय इस नाम की कोई एक्ट्रेस या पॉपुलर चेहरा नहीं था. मोनालिसा ने उस एक्सपर्ट से राय ली और उन्होंने इस नाम को सिलेक्ट कर दिया और कहा कि अब वो फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो सकेंगी. तो इस तरह अंतरा बिस्वास मोनालिसा बनीं और आज उनका अच्छा-खासा नाम है.

# करण कुंद्रा

## को अपनों ने ही दिया धोखा, 'द ट्रेटर्स' से बाहर होने पर गर्लफ्रेंड तेजस्वी ने तोड़ी चुप्पी



अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल हो गया है. बॉलीवुड के जाने-माने फिल्ममेकर करण जौहर इस रियलिटी शो के पहले सीजन को होस्ट कर रहे हैं. मुंबई से दूर जयपुर के एक शानदार महल में 20 कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो की शूटिंग हुई थी. शो के ऑन एयर होने के पहले ही हफ्ते में राज कुंद्रा, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू और साहिल सलाथिया जैसे नाम शो से बाहर हो चुके हैं. रोडीज से लेकर बिग बॉस और लॉकअप जैसे कई रियलिटी शो का हिस्सा रहे करण कुंद्रा का 'द ट्रेटर्स' से बाहर होना सभी के लिए बहुत बड़ा झटका था और अब करण की गर्लफ्रेंड और टीवी की मशहूर एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है.अपने एलिमिनेशन के बारे में बात करते हुए करण कुंद्रा ने कहा कि मुझे तेजू ने बोला ये शो, इस तरह के शो में होने वाला छल-कपट, यहां होने वाली बैकस्टैबिंग, ये सब तेरे बस की बात ही नहीं है. इस दौरान करण ने ये भी कहा कि तेजस्वी ने यही बात उन्हें 3 साल पहले 'बिग बॉस 15' के दौरान भी कही थी. उस समय भी करण को पीछे छोड़कर तेजस्वी ने बिग बॉस की ट्रॉफी अपने नाम की थी. उन दोनों को बिग बॉस 15 के घर में प्यार हुआ था.



**अपनों ने ही दिया धोखा**

दरअसल करण को धोखेबाज समझकर (ट्रेटर) समझकर उनके अपने ही टीम ने शो से बाहर कर दिया था. करण की दोस्त जैस्मिन भसीन के अलावा करण के दोस्त रैपर रफ्तार और जन्नत जुबैर ने भी करण को शो से बाहर करने के लिए वोट किया था. दरअसल जैस्मिन भसीन के साथ करण ने 'लाफ्टर शेफ्स' किया है और वे दोनों एक दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त हैं. तो लंबे समय तक रफ्तार और करण एमटीवी के लिए काम करते थे और इस वजह से दोनों में अच्छी दोस्ती है. इन दोनों के धोखे की वजह से करण को बहुत बड़ा झटका लगा.

## अमिताभ बच्चन की आवाज सुनते ही खड़े हो गए थे आमिर खान, बोलती हो गई थी बंद



अमिताभ बच्चन और आमिर खान दोनों ही बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार हैं. आमिर को जहां हिंदी सिनेमा में काम करते हुए 37 साल हो गए हैं, तो वहीं बिग बी ने हिंदी सिनेमा में 56 साल का शानदार सफर पूरा कर लिया है. बिग बी ने पूरी दुनिया को अपना दीवाना बनाया है और उनके मुरीद तो 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' यानी आमिर खान भी हैं. बिग बी की फिल्में देखकर ही आमिर बड़े हुए हैं और उन्होंने बिग बी से काफी कुछ सीखा है.

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि आमिर, अमिताभ के सबसे बड़े फैन में से एक हैं. वो खुद ये कई बात कह चुके हैं. वो अमिताभ को काफी पसंद करते हैं और उनका खूब सम्मान भी करते हैं. लेकिन आमिर की हालत बिग बी के समाने उस समय पतली हो गई थी जब उन्हें अमिताभ से पहली बार बात करने का मौका मिला था. अमिताभ के सामने आमिर कुछ बोल नहीं पाए थे और उनकी आवाज सुनते ही खड़े हो गए थे.

**आमिर से बात करना चाहते थे अमिताभ**

एक बार अमिताभ बच्चन के टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में अपने बेटे के साथ पहुंचे आमिर खान ने अपने बॉलीवुड करियर के शुरुआती सालों का एक दिलचस्प किस्सा सुनाया था. उन्होंने कहा था, आप लोगों को मैं एक किस्सा बताऊं, मैं शूटिंग कर रहा था 'जो जीता वही सिकंदर' की. उस वक्त सेल फोन नहीं होते थे. मैं शाम को शूटिंग से लौटा तो रिसेप्शन से मेरे फोन पर फोन किया गया और मुझे बताया कि आप जब नहीं थे आपके लिए अमिताभ बच्चन का फोन आया था. तो मैं हंसने लगा. हमने कभी बातचीत नहीं की थी.

**अमिताभ के आगे बंद हो गई आमिर की बोलती**

आमिर ने आगे बताया, मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन था. अब मैं सोच रहा हूं ऊटी (जहां आमिर अपनी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे) में मुझे मेरे होटल में नंबर पर, रूम नंबर पर अमिताभ बच्चन जी क्यों फोन करेंगे? मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है और मैंने सीरियसली लिया नहीं और अचानक फोन बजा. मैंने फोन उठाया तो रिसेप्शन से कहा कि अमिताभ बच्चन जी का फोन आया है.

मैं अभी भी विश्वास नहीं कर रहा था और जैसे ही सर की आवाज आई फोन पर हैलो आमिर, तो मैं बैठा हुआ था और मैं खड़ा हो गया. मेरे मुंह से शब्द नहीं निकल रहे थे. अमित जी ने मुझे दो तीन चीजें कही और मैंने सिर्फ यस सर कहा और कुछ नहीं.

## आप युवराज सिंह की मां से मिलने गई थीं? पूर्व क्रिकेटर संग अफेयर पर दीपिका ने दिया था ये जवाब



दीपिका पादुकोण को आज की जनरेशन की सबसे बेहतरीन अदाकारा माना जाता है. अपने 18 साल के करियर में कई बार उन्होंने अपनी बेहतरीन ऐक्टंग से ये साबित किया है. दीपिका अपनी एक्टिंग के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ से भी खूब सुर्खियां बटोर चुकी हैं. उन्होंने अभिनेता रणवीर सिंह से शादी की थी, लेकिन इससे पहले उनका नाम कई लोगों के साथ जुड़ा है.

दीपिका का सबसे चर्चित अफेयर रणबीर कपूर के साथ रहा है. इसके अलावा उनका नाम महेंद्र सिंह धोनी, सिद्धार्थ माल्या और युवराज सिंह के साथ भी सुर्खियों में रहा. युवराज और दीपिका को साथ में भी स्पॉट किया गया था. खबरें ये भी थीं कि दीपिका, युवराज की मां से मिलने के लिए उनके घर भी गई थीं. जब ये सवाल दीपिका से पूछा गया था तो आइए जानते हैं उन्होंने क्या जवाब दिया था?

**युवराज सिंह संग जुड़ा था दीपिका का नाम**

दीपिका पादुकोण ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 2007 में आई फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी. करियर के शुरुआती दिनों के दौरान ही दीपिका का नाम युवराज सिंह से जुड़ा था. उनसे इस मुद्दे को लेकर 'आप की अदालत' में भी सवाल किया गया था.

शो के दौरान दीपिका से सवाल हुआ था, आप युवराज सिंह की मम्मी से मिलने गई थीं. वो आपको उनकी मां से मिलवाने के लिए ले गए थे. दीपिका ने इस पर कहा था, यहां पर कोई सबूत तो नहीं है ना. इस पर इंटरव्यूवर ने कहा था, आप ऐसे करेंगी तो सबूत भी आ जाएंगे थोड़ी देर में. ये सुनते ही दीपिका मुस्कुराने लगी थीं.

**2018 में रणवीर सिंह से की थी शादी**

दीपिका ने मशहूर अभिनेता रणवीर सिंह के प्यार में पड़ने के बाद शादी करने का फैसला ले लिया था. दोनों स्टार ने साल 2018 में धूमधाम से शादी की थी. इसके करीब 6 साल बाद कपल ने बेटी का वेलकम किया. सितंबर 2024 में दीपिका ने बेटी को जन्म दिया था, जिसका नाम उन्होंने दुआ रखा है. वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका आखिरी बार अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम रिटर्न्स' में नजर आई थीं.